आश्विन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 12:19
उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 330, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

स्थिर नही है बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट तूफान 16

भूल भुलैया 3 और सिंघम 3 दोनों करेंगी अच्छा प्रदर्शन 15

एक नजर

संपत्तियों के ध्वस्तीकरण मामले में नई याचिका पर सुनवाई से इनकार किया

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को देश के विभिन्न राज्यों में संपत्तियों के कथित ध्वस्तीकरण से संबंधित किसी नई याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति पीके मिश्रा की पीठ याचिका पर सुनवाई करने की इच्छुक नहीं थी, जिसके बाद याचिकाकर्ताओं के वकील ने इसे वापस ले लिया। पीठ ने याचिकाकर्ताओं के वकील से कहा कि उसने हाल में उन याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखा है, जिसमें यह दलील दी गई है कि कई राज्यों में अपराध के आरोपी व्यक्तियों की संपत्तियों सहित अन्य संपत्तियों को ध्वस्त किया जा रहा है। पीठ ने कहा इस पर पहले ही फैसला हो चुका है।

उद्धव अस्पताल में भर्ती एंजियोग्राफी की संभावना

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को जांच के लिए यहां रिलायंस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ठाकरे को हृदय रोग है और उनकी हृदय धमनियों में रुकावटों की पहचान के लिए परीक्षण किए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक ठाकरे की एंजियोग्राफी होने की संभावना है।

इनामी नक्सली दंपती ने किया आत्मसमर्पण

गढ़चिरौली। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में सोमवार को 10 लाख रुपये के इनामी नक्सली दंपती ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मुताबिक वरुण राजा मुचाकी उर्फ उंगा (27) एवं रोशनी विजया वाचामी (24) ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।

धधका बहराइच, दुकानों-अस्पताल में तोड़फोड़

पुलिस ने किया लाठीचार्ज, हवाई फायरिंग, आंसू गैस के गोले दागे, पूरे जिले में बंद की गईं इंटरनेट सेवाएं

संवाददाता, लखनऊ/बहराइच

अमृत विचार : दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए बवाल में युवक रामगोपाल मिश्रा की हत्या के बाद सोमवार सुबह एकबार फिर बहराइच में हिंसा भड़क उठी। लाठी-डंडों से लैस लोगों ने तोड़फोड़ करते हुए बाइक के दो शोरूम, दो घर और एक अस्पताल में आग लगा दी। पीएसी के साथ डीएम, एसपी और छह जिलों के पुलिस बल की मौजूदगी में दोपहर तक बवाल होता रहा।

हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज करते हुए हवाई फायरिंग की, कई बार आंसू गैस के गोले दागे। सुबह 11 बजे से जिले में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। इस दौरान 30 से अधिक लोग हिरासत में लिए गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डीजीपी मुख्यालय से चार वरिष्ठ आईपीएस, दो एएसपी, छह डिप्टी एसपी, एक कंपनी आरएएफ, तीन कंपनी पीएसी बहराइच भेजी गई। बहराइच के महसी तहसील स्थित महराजगंज कस्बे में रविवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे पर गाना बजाने को लेकर हुए विवाद के बाद पत्थरबाजी हुई थी। इससे विसर्जन यात्रा में शामिल रामगोपाल मिश्रा (22) को दूसरे संप्रदाय के लोगों ने घर में खींच कर रॉड से पिटाई की। चाकू और फिर कनपटी पर असलहा सटाकर गोली मार दी। उसे बचाने गए राजन समेत 12 लोग घायल हो गए। सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे पोस्टमार्टम के बाद रामगोपाल का शव घर पहुंचा तो भीड़ शव लेकर महसी तहसील पहुंची और सड़क जामकर प्रदर्शन करने लगी। करीब दो हजार लोग कस्बे और कबड़ियनपुरवा में घुस गए और तोड़फोड करने लगे। बाइक के दो शोरूम, दो घर और एक अस्पताल में आग लगा दी गई।

घटना के बाद रेहुवा गांव में भीड़ जमा हो गई, शव के आने के बाद लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

मुख्यमंत्री ने मांगी रिपोर्ट : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे मामले का गंभीरता से लिया है। उन्होंने रविवार को ट्वीट कर नाराजगी जताई। वहीं, पूरे मामले की रिपोर्ट जिला प्रशासन से तलब की है।

दो घंटे तक फोर्स के साथ किया मार्च : एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन पहुंचे। इसके बाद वह महाराजगंज बाजार पहुंचे। पूरे क्षेत्र में दो घंटे बिताने के बाद वह रमपुरवा के लिए रवाना हुए। वहां से जिला मुख्यालय जाएंगे।

- एडीजी लॉ एंड ऑर्डर व गृह सचिव ने संभाला मोर्चा, एक कंपनी आरएएफ, तीन कंपनी पीएसी भेजी

30 उपद्रवी हिरासत में

रविवार शाम से शुरू हुए हिंसा में अब्दुल हमीद, रिंकू उर्फ सरफराज, फहीम, राजा उर्फ साहिर खान, ननकऊ, मारुफ अली व अन्य अज्ञात पर हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस कप्तान का कहना है कि 30 से अधिक लोग हिरासत में लिए गए हैं। वीडियो फुटेज से पहचान की जा रही है।

पिस्टल लेकर सड़क पर उतरे एडीजी लॉ एंड ऑर्डर

हिंसा बेकाबू होता देख मुख्यमंत्री के आदेश पर तत्काल एडीजी लॉ एंड ऑर्डर व एसटीएफ चीफ अमिताभ यश और सचिव गृह संजीव गुप्ता को मौके पर भेजा गया। दोपहर में महसी के रमपुरवा चौकी पर भीड़ ने एडीजी के सामने ही तोड़फोड़ शुरू कर दी। उन्होंने अपनी पिस्टल से हवाई फायरिंग की तो उपद्रवी भागे।

बिना असलहा मिले एसपी, लगाई फटकार

हिंसा के दौरान एसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी मौके पर मौजूद थे। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने देखा कि उनके पास असलहा नहीं है। इस पर उन्होंने सबके सामने उन्हें फटकार लगाई। कहा, इतनी बड़ी वारदात के दौरान बिना असलहे के पहुंचे, इस तरह का रवैया ठीक नहीं है।

अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की मिली धमकी

मुंबई, एजेंसी। मुंबई से उड़ान भरने वाली वाली तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में सोमवार को बम की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों में खलबली मच गई, जबकि न्यूयॉर्क जाने वाली एअर इंडिया की एक उड़ान का मार्ग परिवर्तित कर उसे दिल्ली में उतार दिया गया। अधिकारियों के अनुसार एअर इंडिया की उड़ान के अलावा इंडिगो की मस्कट और जेद्दा जाने वाली दो उड़ानों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इंडिगो के विमानों को उड़ान भरने से पहले ही धमकियां मिल गईं और संबंधित विमानों को सोमवार सुबह सुरक्षा जांच के लिए अलग स्थान पर ले जाया गया।

- इंडिगो की दो और एयर इंडिया की एक उड़ान को धमकी

एअर इंडिया ने एक बयान में कहा 14 अक्टूबर को मुंबई से जॉन एफ कैनेडी (जेएफके) अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे जाने वाली उड़ान संख्या एआई-119 को विशेष सुरक्षा चेतावनी मिली और सरकार की सुरक्षा नियामक समिति के निर्देश पर विमान का मार्ग परिवर्तित कर उसे दिल्ली भेज दिया गया।

कनाडा से उच्चायुक्त और राजनयिकों को बुलाया

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने सोमवार को कनाडा से अपने उच्चायुक्त और निशाना बनाए जा रहे अन्य राजनयिकों एवं अधिकारियों को वापस बुलाने का निर्णय लिया। खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच से इन अधिकारियों को जोड़ने के कनाडा के प्रयासों के जवाब में भारत ने यह कार्रवाई की है।

विदेश मंत्रालय ने कनाडा के प्रभारी राजदूत को तलब करने के कुछ ही देर बाद फैसले की घोषणा की। उसने कहा कनाडा के प्रभारी राजदूत को सोमवार शाम सचिव (पूर्व) ने तलब किया। उन्हें सूचित किया गया कि कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों एवं अधिकारियों को निराधार तरीके से निशाना बनाना पूरी तरह अस्वीकार्य है। विदेश मंत्रालय ने कहा इस बात पर जोर दिया गया कि उग्रवाद और हिंसा के माहौल में ट्रूडो सरकार की कार्रवाइयों ने उनकी सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है।

निज्जर मामला

- हत्या में भारतीय अधिकारियों को जांच में किया था शामिल
- भारत ने कनाडा के उच्चायुक्त को तलब कर जताई आपत्ति

चिराग पासवान को दी जाएगी जेड श्रेणी की सुरक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय मंत्री एवं हाजीपुर से सांसद, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान का सुरक्षा कवर बढ़ाने का निर्णय लिया है। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने पासवान को जेड श्रेणी की सुरक्षा देने का निर्णय लिया है, जिसके तहत अब पासवान की सुरक्षा में 33 सुरक्षा कर्मी तैनात होंगे। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 33 जवान 24 घंटे उनकी सुरक्षा में रहेंगे।

डंपर-ट्राला के बीच पिस गई कार, पांच की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

अमृत विचार। कानपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर भौंती पुल की ढाल के पास सोमवार सुबह 8.47 बजे एक खड़े डंपर में पीछे से ऑल्टो कार घुस गई। कार के पीछे आ रहा सरिया लदा ट्राला भी कार से टकरा गया। जिससे कार डंपर और ट्राला के बीच में फंसकर पिस गई। इससे कार सवार पीएसआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के चार छात्र-छात्राओं और कार चालक की मौत हो गई। ट्रक चालक और डंपर चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

हादसे के बाद हाईवे पर करीब 20 किमी लंबा जाम लग गया। पुलिस ने कार की बॉडी काट-काटकर शवों को निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मृतकों के घर कोहराम मचा है। पुलिस ने बताया कि चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां निवासी 54 वर्षीय विजय साहू प्रणवीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (पीएसआईटी) के छात्र-छात्राओं को कॉलेज लाने और ले जाने का काम करते थे। सोमवार सुबह 8 बजे वह केडीए कालोनी सनिगवां रोड निवासी उदय भारती इंटर कॉलेज के संचालक राजेश सिंह के 22 वर्षीय पुत्र प्रतीक सिंह (बीटेक फोर्थ ईयर), सनिगवां के चंद्रनगर निवासी सीआरपीएफ में एसआई रमेश चंद्र के 21 वर्षीय पुत्र सतीश सिंह (बीटेक थर्ड ईयर), सनिगवां रोड निवासी फार्मासिस्ट शिवशंकर पटेल की 18 वर्षीय पुत्री आयुषी पटेल (बीटेक फर्स्ट ईयर) और सनिगवां के चंद्र नगर निवासी टीएसआई भरत कुमार त्रिपाठी की 21 वर्षीय पुत्री गरिमा त्रिपाठी (बीटेक सेकेंड ईयर) को कार से कॉलेज छोड़ने जा रहा था।

क्षतिग्रस्त वाहन।

- पीएसआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के चार बीटेक छात्र-छात्राओं और कार चालक की जान गई
- पनकी थानाक्षेत्र में भौंती पुल ढाल पर कॉलेज जाते वक्त हुआ दर्दनाक हादसा

हादसे में दो छात्र, दो छात्राओं और कार चालक की मौत हुई है। डंपर और ट्राला चालक फरार हैं। मृतकों के परिजनों से तहरीर मांगी गई है। इसके बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। दोनों चालकों को पकड़ने के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं।
– राजेश कुमार सिंह, डीसीपी पश्चिम

हमला करने पर गुस्साए लोगों ने दो सियारों को मार डाला

संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : सियारों ने गजरौला एवं बरखेड़ा क्षेत्र में एक बुजुर्ग समेत तीन लोगों को घायल कर दिया। गुस्साये ग्रामीणों ने सियारों को पीटकर मार डाला। हालांकि वन महकमे ने एक मृत सियार मिलने की पुष्टि की है।

बरखेड़ा क्षेत्र के गांव पुन्नापुर निवासी प्रेम शंकर और रम्पुरा नत्थू निवासी अशोक कुमार रविवार देर शाम मेला देखने जा रहे थे। सियार ने उन पर हमला कर दिया। दोनों ग्रामीण घायल हो गए। वे शोर मचाते हुए मेला परिसर की ओर भाग खड़े हुए। सियार के हमले की खबर सुनकर मेले में भगदड़ मच गई। लोगों ने घेर कर सियार को पीटकर मार डाला। दूसरी घटना गजरौला क्षेत्र में हुई। सोमवार तड़के गांव मुड़ैला खुर्द के रहने वाले 60 वर्षीय छोटेलाल नहर के किनारे गए थे। वहां सियार ने उन पर हमला कर दिया। सियार ने छोटेलाल की नाक और आसपास का मांस नोच लिया। ग्रामीणों ने बुजुर्ग को सियार से बमुश्किल बचाया। बुजुर्ग की हालत गंभीर होने पर बरेली रेफर कर दिया गया। वहां से डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने यहां भी सियार को मार डाला।

- गजरौला एवं बरखेड़ा में बुजुर्ग समेत तीन को किया था घायल

थप्पड़ मामला : भाजपा से 4 निष्कासित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः लखीमपुर-खीरी में पिटाई मामले में पीड़ित भाजपा विधायक योगेश वर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और घटना के आरोपी पार्टी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने व उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से भी मुलाकात की।

मुलाकात के बाद अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता पुष्पा सिंह, उनके पति जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव और ज्योति शुक्ला को अनुशासनहीनता के चलते पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। भाजपा विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री को उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। साथ ही, आरोपी नेताओं को पार्टी से निष्कासित करने व प्राथमिकी दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री ने उनकी मांग पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही का भी आश्वासन दिया है। योगी जी ने मेरी सुरक्षा बढ़ाने को भी कहा है। सीएम से मुलाकात के पहले भाजपा विधायक ने साथी विधायकों के साथ विस अध्यक्ष सतीश महाना से भी मुलाकात की।

- मुख्यमंत्री और विस अध्यक्ष से मिले भाजपा विधायक योगेश वर्मा
- योगी ने दिया प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई का आश्वासन

जौहर विवि की भूमि लीज रद करने के खिलाफ याचिका रद

नई दिल्ली, एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में सपा नेता आजम खान की अध्यक्षता वाले न्यास द्वारा संचालित मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की भूमि लीज रद करने को चुनौती देने वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखा। उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भूमि लीज रद्द किये जाने के खिलाफ मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट की कार्यकारी समिति की याचिका खारिज कर दी थी।

सिद्दीकी हत्याकांड : शूटर की तलाश में भोपाल में छापे

भोपाल, एजेंसी

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या में वांछित संदिग्ध शूटर की मध्य प्रदेश में तलाश सोमवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई और मध्य प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीमें उज्जैन और खंडवा में पूजा स्थलों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

सिद्दीकी की हत्या के एक दिन बाद मुंबई पुलिस की एक टीम रविवार को मध्य प्रदेश पहुंची। यह टीम शूटर शिव कुमार का पता लगाने के लिए मध्य प्रदेश में है। पुलिस ने अब तक तीन संदिग्धों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

बहराइच के फरार संदिग्ध ने सोशल मीडिया पर लिखा यार तेरा गैंगस्टर है जानी

लखनऊ। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में उत्तर प्रदेश के बहराइच का फरार संदिग्ध शिव कुमार गौतम ने शान दिखाने के मकसद से खुद को गैंगस्टर बताते हुए सोशल मीडिया पर हाल में ही पोस्ट करना शुरू किया था। गौतम ने 24 जुलाई को इंस्टाग्राम पर अपनी फोटो साझा करते हुए लिखा था, यार तेरा गैंगस्टर है जानी। फोटो में दिख रहा है कि वह मोटरसाइकिल पर सवार है। 8 जुलाई को गौतम ने एक पोस्ट किया था, जिसमें लिखा था, शरीफ बाप है... हम नहीं।

छात्रा से गैंगरेप, मृत समझकर फेंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चिनहट में सोमवार तड़के 8वीं की छात्रा से आरोपियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद तीनों ने उसी के दुपट्टे से हाथ-पैर बांध कर गला कस दिया। आरोपी पीड़िता को मृत समझकर खेत में फेंककर आरोपी भाग निकले। घर न पहुंचने पर भाई तलाश करते हुए खेत पर पहुंचा, जहां बहन की हालत देख वह चौक गया। साथियों की मदद से किसी तरह उसके हाथ-पैर खोले और गोद में उठाकर लोहिया अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में तीन टीमें लगाई गई हैं।

थाना क्षेत्र में रहने वाली 13 वर्षीया किशोरी कक्षा 8 की छात्रा है। बहन ने बताया कि मायके से कुछ दूरी पर वह रहती है। सुबह करीब 3:30 बजे पीड़िता उसके पास पहुंची और नित्यक्रिया जाने की बात कहकर घर से निकल गई। करीब 7 बजे तक वापस नहीं लौटी तो घर के सभी लोगों ने तलाश शुरू की। तभी गांव के एक व्यक्ति ने उन्हें जानकारी दी कि खेत में बेसुध हालत में वह पड़ी है। खबर मिलते ही भाई भागकर खेत पर पहुंचा, देखा तो बहन के हाथ-पैर बंधे हैं और गले में दुपट्टा कसा है। कपड़ों पर खून के निशान थे। इस पर भाई उसे लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचा। कंट्रोल रूम पर सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल और फिर अस्पताल पहुंची। परिजन ने गांव के तीन लोगों पर आरोप लगाया है। डीसीपी शशांक सिंह ने बताया कि सर्विलांस समेत अन्य टीम की मदद ली जा रही है। जिन पर आरोप है, उनके खिलाफ तथ्य तलाशे जा रहे हैं। ताकि सही कार्रवाई की जा सके।

- खेत में खून से लथपथ मिली किशोरी, दुपट्टे से बंधे मिले हाथ-पैर
- चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज, आरोपियों की धरपकड़ के लिए 3 टीमें गठित

अब बिल्डर नहीं वसूल सकेंगे मनमाना बिजली बिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। आवासीय भवनों में मनमाने ढंग से बिजली बिल वसूलने पर संबंधित बिल्डर पर पन्द्रह हजार रुपये तक का जुर्माना लगेगा। इसके बाद भी अगर बिल्डर की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ तो सिंगल प्वांइट पर दिया गया बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा और आवासीय उपभोक्ता अपने नाम से कनेक्शन ले सकेंगे। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने टैरिफ आदेश में बिजली निगमों को यह व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं।

निर्देश के तहत सिंगल पॉइंट कनेक्शन में पहली बार गलती पाये जाने पर बिल्डर पर पांच हजार जुर्माना, दूसरी गलती पर 10 हजार व तीसरी बार गलती पर 15 हजार जुर्माना लगाया जाएगा। आयोग के निर्देश के तहत बिजली कंपनियां ऑनलाइन पोर्टल बनाएंगी, जिसमें बिल्डर को सभी उपभोक्ताओं का बिजली बिल संबंधी डाटा प्रदर्शित करना होगा। सभी बिल्डरों को अपना ऑडिटेड अकाउंट भी रखना होगा। इस बीच, सोमवार को उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर उपभोक्ता हित में बिजली दर तय करने के लिए आभार व्यक्त किया। मालूम हो कि नियामक आयोग को शिकायतें मिल रहरी थीं कि कुछ बिल्डर सिंगल प्वाइंट कनेक्शन लेकर आवासीय उपभोक्ताओं से मनमाना बिल वसूल कर रहे हैं। निर्धारित फिक्स चार्ज 110 रुपये व एनर्जी चार्ज सात रुपये प्रति यूनिट से ज्यादा वसूली की जा रही है।



- संबंधित बिल्डर पर पन्द्रह हजार रुपये तक का जुर्माना लगेगा
- नहीं सुधार हुआ तो कट जाएगा सिंगल प्वांइट कनेक्शन

आवासीय समिति मेंटेनेंस चार्ज के नाम पर नहीं काट सकतीं कनेक्शन

नियामक आयोग ने अपने निर्देश में कहा है कि कोई भी बिल्डर या आवासीय वेलफेयर समिति फ्रेंचाइजी के रूप में काम करेगी। वह मेंटेनेंस चार्ज के नाम पर किसी भी उपभोक्ता का बिजली का कनेक्शन नहीं काट सकेंगी। ऐसे बिल्डर या फ्रेंचाइजी आवासीय समिति जनरेटर व डीजी सेट होने पर इसका अलग से बिजली बिल उपभोक्ताओं से वसूल सकेंगी। उपभोक्ताओं को मेंटेनेंस चार्ज का भी बिल अलग से अदा करना होगा।

तीन अर्थशास्त्रियों को नोबेल पुरस्कार

स्टॉकहोम। राष्ट्रों के बीच समृद्धि में अंतर पर शोध के लिए डेरॉन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए रॉबिन्सन को अर्थशास्त्र का नोबेल दिया गया है। रॉयल स्वीडिश अकेडमी ऑफ साइंसेज की नोबेल समिति ने कहा कि तीनों अर्थशास्त्रियों ने किसी देश की समृद्धि के लिए सामाजिक संस्थाओं के महत्व को प्रदर्शित किया है। कानून के खराब शासन वाले समाज और आबादी का शोषण करने वाली संस्थाएं वृद्धि या बेहतर बदलाव नहीं लाती हैं। ऐसमोग्लू और जॉनसन मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में काम करते हैं और रॉबिन्सन शिकॉगो विवि में शोध करते हैं।

- राष्ट्रो के बीच समृद्धि में अंतर पर किया रिसर्च

एक नजर

सीतापुर पैसेंजर 28 तक रद्द रहेगी

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सीतापुर जाने वाले यात्रियों को एक बार फिर दिक्कत उठानी पड़ेगी। रेल प्रशासन ने सीतापुर पैसेंजर को आज से 28 अक्टूबर तक के लिए रद्द कर दिया है। स्थानीय रेलवे स्टेशन से सीतापुर के लिए सुबह सात बजकर पांच मिनट और दोपहर को तीन बजे ट्रेन जाती है। दोपहर वाली ट्रेन गोरखपुर तक जाती है। रेल प्रशासन ने रिमाडलिंग कार्य को लेकर दोपहर को जाने वाली ट्रेन संख्या 05460 और ट्रेन संख्या 05459 को 14 से 28 अक्टूबर के लिए रद्द कर दिया है। ट्रेन के रद्द होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

धरमंगदपुर खुर्द में बंच लाइन डलवाने की मांग

पुवायां, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव धरमंगदपुर खुर्द के ग्रामीणों ने विद्युत उपखंड अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गांव में बंच लाइन डलवाए जाने की मांग की। दिए गए पत्र में बताया कि आधे गांव में बंच लाइन पड़ी है और आधे गांव में लाइन नहीं पड़ी है। जिससे आधे गांव में बिजली की समस्या बनी हुई है। जिस कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पत्र देकर गांव में बंच लाइन डलवाए जाने की मांग की है।

पुलिस ने जिला बदर अपराधी किया गिरफ्तार

शाहजहांपुर। मदनापुर उप निरीक्षक अबरार खान ने बताया कि अभियुक्त सुनील कुमार निवासी पियरिया थाना मदनापुर को जिला मजिस्ट्रेट ने तीन माह पूर्व जिला बदर कर दिया था। पुलिस ने अभियुक्त को सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के ऊपर पहले से तीन मुकदमे है। टीम में सिपाही दीपक कुमार, मानवेंद्र प्रताप थे।

पुलिस ने तमंचा समेत आरोपी किया गिरफ्तार

शाहजहांपुर, अमृत विचार : पुवायां प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने रविवार की शाम गंगसरा गांव से पहले एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। अभियुक्त पर पहले से तीन मुकदमें दर्ज है। टीम में उप निरीक्षक सचिन कुमार, सिपाही जोनी यादव यतेंद्र सिंह, रोहित चौहान थे।

मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान से मोबाइल चोरी

शाहजहांपुर, अमृत विचार : कांट थाना क्षेत्र के गांव हट्टीपुर कुर्रिया निवासी अभिषेक ने थाना पर रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसकी सरकारी अस्पताल के सामने मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान है। रविवार की शाम वह दुकान बंद करके घर चला गया। रात में चोरों ने दुकान का दरवाजा खिसका एक मोबाइल चोरी कर लिया है। उसने सीसीटीवी कैमरे देखा तो गांव का दो युवक कैमरे में दिखाई दे रहा है। पुलिस ने मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शहर के चौक में श्रीराम-भरत मिलाप लीला का मंचन देखने को उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार



घरों की छत पर खड़े होकर भरत मिलाप लीला का मंचन देखने को शहरवासी। ● अमृत विचार

आवत देखि लोग सब कृपासिंधु भगवान, नगर निकट प्रभु प्रेरेउ उतरेउ भूमि बिमान

कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने मेला पदाधिकारियों के साथ स्वरूपों की आरती उतारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : महानगर रामलीला का सोमवार सुबह भरत मिलाप मंचन के साथ समापन हो गया। भरत मिलाप की लीला देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग जुटे। लीला मंचन के दौरान पूरा वातावरण श्रीराम की जय-जयकार से गूंज उठा। महिलाओं और पुरुषों ने पुष्पवर्षा की।

लीला मंचन के दौरान दिखाया गया कि चौदह वर्षों का वनवास बिताने के बाद अयोध्या लौटे श्रीराम व उनके भाइयों को नगर भ्रमण राजगद्दी शोभायात्रा के रूप में कराया गया। रविवार रात खिरनीबाग रामलीला मैदान से शुरू हुई शोभायात्रा पूरी रात महानगर में घूमने के बाद सोमवार सुबह ब्रह्म मुहूर्त में चौक पहुंची। शोभायात्रा के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा का स्वागत किया। स्वरूपों की आरती उतारी। इस बार भरत मिलाप के लिए चौक में श्रीराम जानकी मंदिर के सामने भव्य व्यवस्था की गई। तख्त के स्थान पर बड़ा मंचन बनाया गया। ताकि भरत-मिलाप लीला देखने उमड़े लोग श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन, हनुमान, शिव-पार्वती के आसानी से दर्शन कर सकें। सुबह साढ़े सात बजे के आसपास भरत मिलाप लीला शुरू हुई।

लीला में दिखाया गया कि जैसे ही हनुमान ने भरत व शत्रुघ्न को प्रभु श्रीराम के वनवास से लौटने का समाचार सुनाया। दोनों भाई नंगे पैर श्रीराम से मिलने को दौड़ पड़े। छोटे भाई भरत और शत्रुघन को आते देख राम-लक्ष्मण भी दौड़कर भाइयों को गले लगाने के लिए भाग पड़े।

ऊंचे से मंच पर जैसे ही चारों भाई आपस में एक-दूसरे के मिले तो उनकी आंखें में खुशी के आंसू छलछ आए और गले रुंध गए। यह मार्मिक दृश्य देख वहां मौजूद दर्शकों की आंखें नम हो गईं। चारों भाइयों की जय-जयकार करते हुए लोगों ने जमकर पुष्पवर्षा की। इसके बाद श्रीराम जानकी मंदिर में पारंपरिक ढंग से आरती की गई और प्रसाद बांटा गया। मंच पर गुरु वशिष्ठ ने श्रीराम और लक्ष्मण का तिलक किया। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने रामलीला समिति अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश सिंघल व अन्य व्यवस्थापकों ने सभी देव स्वरूपों को तिलक कर आरती उतारी। इसके बाद रामजी की सवारी गली-मोहल्लों में होती हुई समापन की ओर बढ़ गई। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने आरती कर भोग लगाया और प्रसाद वितरित किया।

जनपद रत्न पूर्व कृषि वैज्ञानिक डॉ. सुरेश चंद्र मिश्र के संचालन में चले भरत मिलाप की भव्य व्यवस्था में राकेश मेहरोत्रा, प्रदीप मेहरोत्रा, सुरेंद्र सिंह सेठ, मनोज शर्मा गोपाल, संजय वर्मा, विजय टंडन, ओमबाबू देवल, अर्पित मेहरोत्रा, राजीव अवस्थी, दिवाकर मिश्रा आदि का सहयोग रहा। रामलीला समिति के राम मोहन वर्मा, नीरज वाजपेयी, नरेंद्र गुरू, वेद प्रकाश मौर्या, कपिल सिंह वर्मा, विमल कुमार सिंह, सुरेंद्र नाथ बाल्मीकि, अनिल शर्मा, सचिन बाथम, विनोद अग्रवाल, ऋषि कपूर, सीओ सिटी सौम्या पांडेय, कोतवाली प्रभारी राजीव तोमर आदि मौजूद रहे।

- **चौदह वर्षों के बाद मिले तो रुंध गए चारों भाइयों के गले**
- **भरत मिलाप लीला का मंचन देख लोगों की आंखों में छलक आए आंसू**

चौक में भरत मिलाप लीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

चौक रामलीला में श्रीराम व अन्य स्वरूपों की आरती उतारते मंत्री सुरेश खन्ना। ● अमृत विचार

शोभायात्रा में शामिल शिव-पार्वती की झांकी।

ओसीएफ रामलीला में राजगद्दी शोभायात्रा में शामिल राम, सीता और लक्ष्मण की झांकी।

ओसीएफ रामलीला में राजगद्दी शोभायात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करतीं टीसीएल महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष रितु वर्मा। ● अमृत विचार

ओसीएफ रामलीला: धूमधाम से निकाली राजगद्दी शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **ओसीएफ रामलीला देखने पहुंचे अधिकारियों ने उतारी श्रीराम की आरती**

अमृत विचार : ओसीएफ रामलीला में सोमवार शाम राजगद्दी शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा को टीसीएल महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष रितु वर्मा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। फैक्ट्री एस्टेट के भ्रमण पर निकली राजगद्दी शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा की वापसी के बाद रामलीला मंच पर भरत मिलाप लीला का मंचन किया गया।

लीला मंचन में दर्शाया गया किश्रीराम, सीता, लक्ष्मण 14 वर्ष का वनवास पूरा कर अयोध्या लौटे तो भरत और शत्रुघ्न ने नगरवासियों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। वनवास की लंबी अवधि के बाद जब चारों भाई आपस में मिले, तो उनकी आंखें भर आईं। भरत मिलाप में भाइयों का प्रेम देख दर्शक भी भावुक हो उठे। प्रभु राम की जय-जयकर के बीच गुरू वशिष्ठ ने तिलक कर श्री राम का राज्याभिषेक किया। भरत मिलाप लीला का मंचन ओसीएफ महाप्रबंधक राजेश कुमार वर्मा, रामलीला समिति के अध्यक्ष अपर महाप्रबंधक एके वर्मा, महासचिव उप महाप्रबंधक ऋषिबाबू,संरक्षक एम शिवशंकर, सचिव अमन कुमार, रूपेश कुमार श्रीवास्तव, राजेश कंचन, देवेश दीक्षित, दिव्यानंद पांडेय, राम मोहन अग्निहोत्री, अनु सक्सेना, प्रकाश प्रभाकर, दीपक, डॉ.आईके कुशवाहा, बी राजमणि, रजनीश कुमार, महेंद्र दीक्षित, मुकेश कुमार, वसीम अहमद, नीरज दीक्षित, विपिन शर्मा, अखिलेश सक्सेना, आनंद पांडेय, मो. नसीम, रफीक अहमद आदि ने परिवार के साथ रामलीला का आनंद लिया। महाप्रबंधक समेत अन्य अधिकारियों ने भी भगवान श्रीराम की आरती कर आशीष लिया। रामलीला का निर्देशन अंकित सक्सेना और सह निर्देशन में मोहम्मद सोहेल शामिल रहे।

वहीं, मेला प्रदर्शनी में सोमवार को भी भारी भीड़ जुटी। लोगों ने सपरिवार मेले में पहुंचकर झूलों और खेल तमाशों तथा खानपान का आनंद लिया।

कलेक्ट्रेट में खाद्य विभाग के खिलाफ गरजे व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय आह्वान पर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे व्यापारियों खाद्य विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा।

अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता ने कहा खेती में कीटनाशक व रासायनिक खाद डालने का मानक तय नहीं है। सिंचाई के लिए उपयोग होने वाले जल पूरी तरह से दूषित हो चुका है। मगर खाद्य सुरक्षा मानकों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सभी प्रकार के खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में रजिस्ट्रेशन के लिए 12 लाख तक के टर्नओवर की सीमा तय की गई है। इसके बाद भी 12 लाख की सीमा महंगाई के हिसाब से बहुत कम है। कहा कि 12 लाख टर्नओवर के स्थान पर 40 लाख वार्षिक टर्नओवर व्यापारियों के रजिस्ट्रेशन की सीमा शुल्क रखा जाए। उन्होंने कहा खाद्य विभाग के अधिकारी किसी खाद्य दुकान से सैंपलिंग करते हैं तो मौके पर ही टेस्टिंग लैब की जानकारी दुकानदार को दें। महानगर अध्यक्ष मोहम्मद सलाउद्दीन ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी अपर जिला मजिस्ट्रेट आदि को न्याय निर्णायक अधिकारी राज्य सरकार की ओर से अधिसूचित किया गया है, जो प्रशासनिक कार्यों में व्यस्त रहते हैं। इससे न्याय निर्णय में समय लगता है। समय लगने से व्यापारी उत्पीड़न को बढ़ावा मिलता है। तकनीकी जानकारी न होने के कारण प्रशासनिक अधिकारी अधिकतम जुर्माना वसूल करना चाहते हैं। वह वाद को गुण दोष के आधार पर तय करने की इच्छा नहीं रखते। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम (फूड एक्ट) के लिए पूर्णकालिक न्याय निर्णायक अधिकारी की नियुक्ति की जानी आवश्यक है, जिससे व्यापारी को शीघ्र न्याय मिल सके। उन्होंने कहा पैकिंग के सामान में किसी भी प्रकार की कमी पाई जाने पर सिर्फ पैकिंग करने वाली फर्म या कम्पनी को ही दोषी माना जाए। होलसेलर व रिटेलर को दंडित न किया जाये। व्यापारियों ने कहा कि ऑनलाइन फूड सप्लाई चेन की सैम्पलिंग भी नियमानुसार की जाए। जिससे आम जनता को सही सामान मिल सके।ज्ञापन देने वालों में जिला महामंत्री प्रदीप गुप्ता, महानगर महामंत्री अनूप गुप्ता, युवा ज़िला अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला, महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम मोहन मिश्रा, आबिद हसन खान, युवा महानगर अध्यक्ष सचिन सक्सेना, सुभाष नगर अध्यक्ष मोहम्मद रफ़ी खान, अर्पित गेहरा, गुलजार अहमद मौजूद रहे।

अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

- **बोले- सैंपलिंग के नाम पर नहीं होने देंगे दुकानदारों का उत्पीड़न**

पति समेत आठ के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

शाहजहांपुर, अमृत विचार : तिलहर थाना के मोहल्ला मौजमपुर निवासी शमा ने महिला थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसकी शादी चार साल पहले शादाब निवासी मदार गेट सराय जिला अलीगढ़ के साथ हुई थी। उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। शादी के एक साल बाद ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से पांच लाख रुपये मंगाकर दो। उसने ससुराल वालों से कहा मायके वाले पांच लाख रुपये नहीं दे पाएगे। इस बात से ससुराल वाले प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि पांच मई को ससुराल वालों ने घर से निकाल दिया। वह मायके में रह रही है। पुलिस ने पति समेत आठ के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

बजीरपुर गंगा घाट पर पेंटून पुल बनवाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : नदियों पर बड़े-बड़े पुल बन गए। तमाम स्थानों पर पेंटूल पुल बना दिए गए। मगर ब्लॉक जलालाबाद के गांव बजीरपुर गंगा घाट पर अभी भी किसानों को नदी पार जाने के लिए नाव का ही सहारा है। किसानों की इस समस्या को उठाते हुए भारतीय हलधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव सोमवीर सिंह सोमवंशी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह को सौंपा। इसमें उन्होंने बजीरपुर गंगा घाट पर पेंटून पुल बनाए जाने की मांग की है।

भारतीय हलधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव सोमवीर सिंह सोमवंशी ने मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा है कि विकासखंड जलालाबाद की ग्राम पंचायत बजीरपुर के पास से रामगंगा निकली हैं। यहां पिछले सौ वर्षो से बजीरपुर गंगा घाट बना है। इसके आसपास बजीरपुर, कोयला ज्ञानपुर, भरतौली, चौरासी, धर्मपुर पिडरिया, चिलौआ, बेलाखेड़े, लालपुर इमलिया, नगर पंचायत अल्हागंज, गौरा, दहेना, पिपरिया, दोषपुर नागर, दोषपुर गुडरिया, सिंघापुर, बानगांव, काकरकठा, गुडैरा, मंझा, बिचौला, इस्लामगंज, अमृतपुर सहित 50 ग्राम पंचायतें हैं। इन गांवों के तमाम किसानों की खेती गंगा पार है। यहां गंगा पार जाने के लिए केवल नाव का सहारा है। किसानों को नदी पार जाकर खेती करने के लिए काफी दिक्कतें होती हैं। फसल पकने के बाद कटान करके गल्ला घर लाने में और भी परेशानी उठानी पड़ती है। भारतीय हलधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव ने बजीरपुर गंगा घाट पर पैंटूल पुल का निर्माण कराए जाने की मांग की है। भेजे गए पत्र पर चिलौआ के प्रधान प्रवल कुमार, जयपाल सिंह, संतोष सिंह, रिंकू, रवेंद्र आदि के हस्ताक्षर हैं।

सीडीओ डॉ .अपराजिता सिंह को ज्ञापन देते हलधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव रामवीर सिंह सोमवंशी।

- **हलधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीडीओ को सौंपा**

एक दिन की प्रधान बनी छात्रा तुलसा देवी ग्रामीणों को स्वच्छता के फायदे समझाए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार की छात्रा तुलसा देवी को मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर का एक दिन का प्रधान बनाया गया। सोमवार को उन्होंने ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचकर प्रधान की कुर्सी संभाली। प्रधान अनिल कुमार गुप्ता व पंचायत सहायक अनुज मिश्रा ने माला पहनाकर तुलसा देवी का स्वागत किया। तुलसा देवी ने ग्राम वासियों को आयुष्मान कार्ड बांटे। उन्होंने कहा कि सभी लोग स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। रास्तों पर व नालियों में कूड़ा करकट बिल्कुल न डालें और ना ही रास्तों पर जानवर बांधे। ग्राम पंचायत डेवलपमेंट प्लान में बड़ों के साथ-साथ बच्चों को भी शामिल किया जाए। हमारी ग्राम पंचायत सदैव स्वच्छ व हरियाली युक्त बनी रहे। सभी के स्वास्थ्य के लिए पूरा ध्यान दिया जाए। गांव में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का नशा आदि ना करे। एक-एक बच्चा पढ़ने के लिए प्रतिदिन स्कूल जाए। प्रत्येक पात्र को सरकारी योजना का लाभ अवश्य मिले। कोई भी पात्र व्यक्ति किसी सरकारी योजना के लाभ से वंचित न रहने पाए। बच्चों के लिए ग्राम में सुंदर पार्क बनें व झूलों की व्यवस्था हो।

एक दिन की प्रधान छात्रा तुलसा देवी का स्वागत करते ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता।

रंजिशन युवक को पीटकर किया घायल

शाहजहांपुर, अमृत विचार : लखीमपुर खीरी जिले के थाना मोहम्मदी थाना क्षेत्र के गांव कैमरहा निवासी वारिस अली ने बताया कि शनिवार की रात 11 बजे अजीम, फैज अपने दो साथियों के साथ लोधीपुर में स्थित हॉस्टल पर आए। आरोपी उसे गाली देने लगे। आरोपियों ने उससे कहा कि हास्टल से बाहर निकल नहीं तो जान से मार डालेंगे। आरोपियों ने वारिस अली को पीटकर घायल कर दिया और कहा कि दो मंजिल से नीचे फेंक देंगे। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन 100 सदस्य बनाने का मिला लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: भाजपा जिला कार्यालय पर सदस्यता अभियान के सक्रिय सदस्यों की बैठक हुई। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी सुरेश राणा सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक सदस्य को कम से कम 100 आनलाइन सदस्य बनाने होंगे।

जिला प्रभारी ने कहा कि 16 से 31 अक्टूबर के बीच सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, जबकि एक से चार नवंबर के बीच नए सदस्यों का सत्यापन होगा और पांच नंबर को जिले की सक्रिय सदस्यता सूची जारी कर दी जाएगी। सक्रिय सदस्य बनाने के लिए दिशा निर्देश देते हुए सुरेश राणा ने कहा कि प्रत्येक सदस्य को कम से कम 100 ऑनलाइन सदस्य बने होंगे। जिन कार्यकर्ताओं ने निर्धारित संख्या से प्राथमिक सदस्य बनाए हैं, वह निशुल्क फॉर्म भरकर नमो ऐप के माध्यम से सक्रिय सदस्यता का आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्र ने पहले और दूसरे चरण के प्राथमिक सदस्य अभियान की रिपोर्ट प्रस्तुत की। डीसीबी चेयरमैन डीपीएस राठौर ने कहा कि 30 अक्टूबर तक सभी कार्यकर्ता अपना लक्ष्य अवश्य पूरा कर लें। इस अवसर पर एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल यादव, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, महामंत्री महेंद्र पाल सिंह, महामंत्री रमाकांत मिश्रा, पार्षद राम बरन सिंह समेत समस्त ब्लॉक प्रमुख, जिला स्तरीय पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष आदि कार्यकर्ता रहे।

सक्रिय सदस्यता अभियान की बैठक को संबोधित करते जिला प्रभारी सुरेश राणा।

- **भाजपा की सक्रिय सदस्यता अभियान की बैठक में जिला प्रभारी सुरेश राणा ने की समीक्षा**

एक नजर

20 अक्टूबर से धरना प्रदर्शन की चेतावनी

तिलहर। कपसेड़ा की प्रधान सुनीता देवी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक को पत्र भेज कर हाईवे के किनारे नाला निर्माण कराए जाने की मांग को लेकर 20 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल की चेतावनी दी है। ग्राम प्रधान सुनीता देवी ने कहा है कि न 24 पर ग्राम पंचायत कपसेड़ा स्थित हाईवे के चौड़ीकरण होने के दौरान पूर्व से निर्मित नाला तोड़ दिया गया था, जिस कारण गांव का गंदा पानी का निकास नहीं होने के कारण गलियों और घरों में घुस रहा है। जिसके चलते संक्रमण बीमारियां होने का खतरा बना रहता है। गांव के लोगों को आने जाने का संकट बना हुआ है।बताया कि नाला निर्माण और गांव से पहले क्रॉसिंग पॉइंट बनाए जाने को लेकर डीएम और आपको कई पत्र दिए जा चुके हैं। इस दौरान अधिकारियों ने नाला निर्माण स्वीकृत होने की जानकारी देते हुए जून में आचार संहिता के बाद नाला निर्माण शुरू होने का आश्वासन दिया था। प्रधान ने चेतावनी दी कि 20 अक्टूबर को गांव के बाहर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगी। सुनवाई न होने पर 25 अक्टूबर को उनके पति पूर्व प्रधान वीरेश कुमार भूख हड़ताल शुरू करेंगे।

महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत

शाहजहांपुर, अमृत विचार : कांट थाना क्षेत्र के गांव महमदपुर अजमावाद निवासी कौशल किशोर ने अपनी पुत्री 25 वर्षीय रौनक देवी की शादी फर्रुखाबाद के थाना अमृतपुर क्षेत्र में आशीष के साथ हुई थी। वह अपनी बेटी को लेकर ससुराल से मायके आ गया था। क्यों कि उसकी पुत्री की तबीयत खराब थी। उसकी रात मायके में मौत हो गयी। मृतका के पिता ने थाना पर तहरीर देकर पुत्री का पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर, अमृत विचार : रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी गाड़ीपुरा निवासी सुधीर मौर्या ने पुलिस को बताया कि 11 अक्टूबर को उसकी पत्नी रीता देवी शाम साढ़े पांच बजे मंदिर जा रही थी। रास्ते में उन्हें बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे रीता घायल हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एग्रीगेटर योजना: 50 किसानों का अनुदान लटका

पूरी राशि न मिलने से किसान बेहद परेशान, 52 किसानों को अनुदान पर दिए गए थे ट्रैक्टर और कृषि यंत्र

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कृषि विभाग ने जारी की धनराशि शासन ने लटकाई नेडा की फाइल

अमृत विचार : किसान हित और पराली प्रबंधन संबंधी एग्रीगेटर योजना को जिले में झटका लगा है। जिले के 50 से ज्यादा किसानों को अनुदान नहीं मिल पाया है। शासन में फाइल लंबित होने की वजह से यूपी नेडा अनुदान की धनराशि नहीं दे पा रहा है, जिससे किसान परेशान हैं। जबकि कृषि विभाग की ओर से अनुदान की राशि जारी कर दी गई है। किसानों की मांग पर उप कृषि निदेशक ने एग्रीमेंट कराने की तैयारी की थी, जो अब अंतिम चरण में है।

कृषि उत्पादक संगठन (एफपीओ) से संबंधित 52 किसानों को पराली प्रबंधन के लिए ट्रैक्टर व कृषि यंत्र दिए गए। इसमें कृषि विभाग को 50 प्रतिशत और यूपीनेडा (उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण) को 30 प्रतिशत अनुदान देना था। कृषि विभाग ने अपने हिस्से की राशि किसानों को दे दी। जबकि यूपी नेडा भुगतान नहीं कर पर रहा है। एग्रीगेटर योजना का उद्देश्य है कि पराली प्रबंधन सही से हो सके। इसके तहत 13 एफपीओ को शामिल किया गया है।

प्रत्येक एफपीओ के चार-चार किसानों को इसका लाभ मिला। इसमें एफपीओ के संचालक को ट्रैक्टर, वेलर और ट्रॉला, दूसरे किसान को ट्रैक्टर और रैकर, तीसरे किसान को ट्रैक्टर और वेलर, चौथे किसान को ट्रैक्टर और ट्रॉला अनुदान पर दिए गए। इसमें एक किसान ने लगभग 64 लाख रुपये के यंत्र नकद में खरीदे। बाद में कृषि विभाग की ओर से 50 प्रतिशत का अनुदान दे दिया गया। नेडा को 30 प्रतिशत का अनुदान देना था, जो अभी तक नहीं दिया गया है। ट्रैक्टर को छोड़कर बाकी कृषि यंत्र पर यूपी नेडा को अनुदान देना प्रत्येक किसान को 11.40 लाख रुपये का भुगतान करना है।

एग्रीगेटर योजना के तहत किसानों ने पहले तो किसी तरह से व्यवस्था करके लागत लगा दी। नेडा के हिस्से में आ रहा करीब 11.40 लाख रुपये का भुगतान नहीं हुआ है। किसानों को ऋण पर ब्याज अधिक देना पड़ रहा है। नेडा के अधिकारियों ने शर्त रख दी है कि बदायूं स्थित एचपीसीएल प्लांट से अनुबंध कराया जाए। तभी वह भुगतान करेगा। एचपीसीएल का कहना है कि उसके पास पहले से पराली की व्यवस्था है। प्लांट भी बंद है। इसलिए वह अनुबंध नहीं कर रहा है। एचपीसीएल प्लांट से अनुबंध नहीं हो पा रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने नेडा के अधिकारियों से कहा है कि बरेली के एक प्लांट या निगोही के गुलड़िया में बन रहे प्लांट से अनुबंध किया जा सकता है। इसके लिए नेडा तैयार नहीं है। यही हालात रही तो पराली प्रबंधन नहीं हो पाएगा और पराली जलाने की घटनाएं फिर बढ़ जाएंगी।

कर्ज लेकर खरीदे कृषि यंत्र, बढ़ रहा ब्याज का बोझ

किसान राकेश कुमार ने बताया कि कृषि विभाग ने अनुदान राशि दे दी, लेकिन नेडा भुगतान नहीं कर रहा है। ऋण लेकर योजना में पैसा लगाया है। भुगतान नहीं होने की वजह से अधिक ब्याज देना पड़ा है। विशाल ने बताया कि ट्रैक्टर और कृषि यंत्र फाइनेंस करा लिए थे। कुछ रुपये की व्यवस्था जमीन पर ऋण और कुछ कर्जा लेकर की। नेडा के अनुदान नहीं देने से आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इसी तरह किसान कुंवरपाल, मटरू, लियाकत आदि ने बताया कि अनुदान न आने की वजह से किसानों को परेशानी हो रही है। किसानों को जल्द से जल्द अनुदान उपलब्ध कराया जाए।

> एग्रीगेटर योजना के तहत कृषि विभाग ने किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान का भुगतान कर दिया। नेडा ने एग्रीमेंट की बात कही थी, जिसके चलते अनुदान रोक दिया था। जल्द ही एग्रीमेंट करा दिया जाएगा, इसके बाद किसानों के खाते में अनुदान का पूरा पैसा पहुंच जाएगा।
>
> – **धीरेंद्र सिंह**, उप कृषि निदेशक

> एफपीओ से संबंधित किसानों को नेडा की ओर से 30 प्रतिशत का अनुदान देना है। शर्त यह है, पराली सप्लाई का अनुबंध एचपीसीएल से होना चाहिए। इसके लिए कई बार विभाग के निदेशक को अनुदान देने के लिए फाइल भेज चुके हैं, लेकिन वह एचपीसीएल से ही अनुबंध करना चाहते हैं। इसलिए मामला अटका हुआ है।
>
> – **रामाधार रावत**, पीओ नेडा

बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के चलाई जा रहीं दो कंबाइन सीज

धान कटाई के दौरान चेकिंग करने पहुंचे एसडीएम उत्सव आनंद। ● अमृत विचार

संवाददाता, जलालाबाद

- तीन गांवों में एसडीएम ने चलाया चेकिंग अभियान

अमृत विचार: तहसील क्षेत्र के गांव मऊ शाहजहांपुर, जेरा-रहीमपुर, नबाऊ नगला में एसडीएम उत्सव आनंद ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान धान कटाई में अवैध रूप से चलाई जा रही दो कंबाइन सीज कर दीं। दोनों कंबाइन बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के चलाई जा रही थीं।

स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम या सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम एक ऐसा उपकरण है जिसे कंबाइन हार्वेस्टर में लगाया जाता है। यह कंबाइन से निकलने वाले भूसे को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर खेतों में बिखेर देता है। इससे पराली जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। पराली के छोटे-छोटे टुकड़े मिट्टी के साथ मिलकर खेत की उर्वरक क्षमता बढ़ाते हैं। इस सिस्टम को लगाने के बाद, कंबाइन से धान की कटाई और पराली प्रबंधन दोनों काम एक साथ हो जाते हैं। सरकार ने पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए कंबाइन मालिकों के लिए स्ट्रा मैनेजमेंट लगाना जरूरी कर दिया है। अगर कोई कंबाइन मालिक इस सिस्टम को नहीं लगवाता, तो उसकी कंबाइन को कब्जे में लेकर सीज किया जा सकता है।

सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल, दो की हालत गंभीर

संवाददाता, बंडा

- बिलसंडा रोड पर पेट्रोल पंप के सामने दो बाइकें भिड़ीं
- पिपरिया मोड़ के पास ट्रैक्टर की चपेट में आया बाइक सवार

अमृत विचार : अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल हो गए। जिनमें दो लोगों की हालत गंभीर है।

गांव सिसोरा-सिसोरी निवासी 50 वर्षीय रामलखन ही गांव की 22 वर्षीय मीरा देवी,10 वर्षीय भतीजे को लेकर बंडा बाजार आए थे। सोमवार दोपहर घर वापस जाते समय बंडा बिलसंडा मार्ग पर पेट्रोल पंप के सामने उनकी बाइक सामने से आ रहे जिला बदायूं के मोहल्ला दहगवां निवासी 30 वर्षीय शमीम अहमद की बाइक से टकरा गई।

जिससे चारों घायल हो गए, जिन्हें बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां शमीम अहमद की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य लोगों का बंडा अस्पताल में इलाज चल रहा है।

वहीं दूसरी घटना में बाबा चरनदास कालोनी निवासी 30 वर्षीय रक्षपाल घायल हो गए। वह एक दवाई कंपनी में बतौर एमआर का कार्य कर रहे हैं। सोमवार को वह दवाई वितरित कर बंडा की तरफ वापस आ रहे थे। जहां बंडा बिलसंडा मार्ग पर पिपरिया मोड़ के पास उनकी बाइक ट्रैक्टर से टकरा गई, जिससे उसका पैर टूट गया।

सूचना पर पहुंचे परिवार वालों ने उन्हें बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

भारत परिषद व भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने तहसील में किया प्रदर्शन

संवाददाता, जलालाबाद

अमृत विचार : घर में घुसकर मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई और दलित के दरवाजे पर गेट लगवाए जाने की मांग को लेकर भारत परिषद और भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन कर धरना दिया। इस दौरान पुलिस प्रशासन व एक जनप्रतिनिधि के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कोतवाल के आश्वासन के बाद धरना-प्रदर्शन समाप्त किया।

ग्राम पंचायत नौगवां के मजरा रौली-बौरी निवासी सरला देवी के समर्थन में भारत परिषद और भीम आर्मी के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देने सोमवार सुबह करीब 11 बजे तहसील पहुंचे। जहां उस वक्त कोई तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद नहीं था। इस पर कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए दरी बिछाकर वहीं बैठ गए। इसकी सूचना मिलने पर कोतवाल प्रदीप कुमार रॉय तहसील जा पहुंचे और बातचीत कर धरना समाप्त करने को कहा। मगर कार्यकर्ता धरना समाप्त करने को तैयार नहीं हुए।

जलालाबाद तहसील परिसर में प्रदर्शन करते भारत परिषद व भीम आर्मी के कार्यकर्ता।

- हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर गुस्साए लोग, कोतवाल के आश्वासन पर माने

कार्यकर्ताओं का कहना था कि आठ दिन पहले सरला देवी पत्नी रामकुमार के घर में घुसकर मारपीट की गई। जब तक हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी और सरला देवी के मकान का गेट नहीं लगवाया जाएगा तब तक धरने जारी रहेगा। धरना स्थल पर मौजूद सरला देवी ने बताया कि पड़ोसी उनके मकान का गेट नहीं लगने दे रहे हैं। वह अनुसूचित जाति की है। इसलिए पड़ोसियों ने मकान का गेट लगाने से रोक रखा है। पीड़िता ने बताया कि आठ दिन पहले पड़ोसी ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर घर में घुसकर जाति सूचक शब्दों से गालियां दीं दीं लाठी-डंडे से मारपीट की। वह जलालाबाद कोतवाली में तहरीर देने पहुंची तो वहां कोई कार्रवाई नहीं की गई। एक जनप्रतिनिधि के इशारे पर पुलिस कार्रवाई करने से पीछे हट गई। इससे हमलावरों के हौसले और बुलंद हो गए, जो लगातार धमका रहे हैं। पीड़ित पर झूठा मुकदमा दर्ज कराने को कह रहे हैं। इसलिए मजबूरन धरने पर बैठना पड़ा है। सरला देवी का कहना था कि जब तक समस्या का समाधान नहीं हो जाता है, तब तक धरना प्रदर्शन करते रहेंगे। अपराह्न करीब तीन बजे कोतवाल ने फिर धरना दे रहे लोगों से वार्ता की और उन्हें आश्वासन दिया कि मंगलवार को मकान का गेट लगवा दिया जाएगा। इसके बाद लोग मान गए और धरना समाप्त कर दिया। धरना प्रदर्शन के दौरान तेजपाल कठेरिया, प्रेमपाल, अखिलेश, रामसरन, आदेश कुमार, गौतम धानुक, सरला देवी, रावेन्द्री, गीता, प्रेमकन्या सीमादेवी आदि लोग मौजूद रहे।

शनिवार को एसडीएम ने किया था मौका मुआयना

सरला देवी के मकान के गेट को लेकर चल रहे विवाद पर शनिवार को एसडीएम आनंद उत्सव, नायब तहसीलदार रोहित कटियार और लेखपाल के साथ मौका मुआयना करने पहुंचे थे। पीड़ित परिवार को दशहरा पर्व की छुट्टी के बाद गेट लगवाने का भरोसा दिया था। वहीं, पीड़ित परिवार का कहना था कि दूसरे पक्ष के साथ पुलिस मिली हुई है।

> पीड़ित परिवार को बता दिया गया है कि दशहरा की वजह से पुलिस सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर व्यस्त थी। अब मंगलवार को अधिकारियों के निर्देश के आधार पर गेट लगवाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।
>
> –**प्रदीप कुमार राय**, कोतवाल

विवाहिता की मौत, मायके वालों ने पांच पर लिखाई रिपोर्ट

संवाददाता, खुटार

अमृत विचार : दहेज की खातिर ससुरालियों ने विवाहिता की पिटाई करने के साथ ही उसे शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान किया। हालत बिगड़ने पर इलाज कराने से इंकार कर दिया। महिला ने 12 अक्टूबर को जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। पिता ने मृतका के ससुरालियों पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ज्योतिका मिश्रा।

नगर के मोहल्ला पटवा वार्ड निवासी संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि 23 फरवरी 2023 को उन्होंने बेटी ज्योतिका मिश्रा की शादी शाहजहांपुर के थाना सदर बाजार के मोहल्ला पक्का तालाब गली नंबर सात में रहने वाले हर्षित मिश्रा के साथ की थी। ससुरालीजन दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। बेटी को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। करीब छह माह पहले ज्योतिका ने एक बेटे को जन्म दिया, लेकिन ससुराल के लोग दहेज को लेकर उत्पीड़न करते रहे। इससे बेटी बीमार रहने लगी थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने बेटी का उपचार नहीं कराया। साथ ही पिटाई करने हालत बिगड़ गई। इस मामले में पता चलने पर संजय मिश्रा अपनी बेटी को साथ लेकर हरिद्वार चले गए थे। जहां उसका उपचार कराया था, लेकिन वहां कोई लाभ नहीं मिला तो बेटी को घर खुटार लेकर आ गए थे। करीब एक सप्ताह पूर्व बेटी ज्योतिका की हालत फिर बिगड़ गई। उसे शाहजहांपुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां 12 अक्टूबर की रात ज्योतिका की उपचार के दौरान मौत हो गई।

रविवार को छुट्टी की वजह से शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शाम करीब पांच बजे शव घर पहुंचा। परिजनों ने ससुरालीजनों पर दहेज की खातिर पिटाई और शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर बेटी की मौत का जिम्मेदार ठहराया। परिजनों ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर लौटा दिया। इसके बाद करीब दर्जनों की संख्या में परिजनों के साथ मोहल्ले के लोग थाने पहुंचे और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, जिस पर थानाध्यक्ष ने तहरीर ले ली और रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब परिजन लौट गए। पुलिस ने पीड़ित संजय मिश्रा की तहरीर के आधार पर बेटी ज्योतिका के पति हर्षित मिश्रा, ननद नीतू दीक्षित, ननदोई, जेठ विकास मिश्रा, सास के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार से वार्ता करते मृतका के परिजन। ● अमृत विचार

- बीमार होने पर ससुराल वालों ने नहीं कराया इलाज

> तहरीर मिली है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> – **राजेंद्र कुमार**, थानाध्यक्ष खुटार

जांच में सही पाए गए नामांकन पत्र

तिलहर, अमृत विचार: चीनी मिल संचालक पद के चुनाव में सभी प्रत्याशियों का नामांकन पत्र जांच में सही पाए जाने के बाद सभी 11 संचालकों का निर्विरोध चुनना तय है। चीनी मिल संचालक पद के चुनाव के लिए उखली क्षेत्र से मुनेश कुमार, कटरा खास से सर्वेश कुमार, कल्याणपुर से बिटाना देवी, खिरिया से सिया सिंह, पलिया पट्टी से श्याम बहादुर सिंह, तिलहर से दोदराम कुशवाहा, निगोही दिलावरपुर से शालिनी सिंह, मझिला म्यूना से सुरजीत सिंह, मिल्कीपुर जटैय्या से रविंद्र सिंह, समधाना से धर्मवीर गंगवार तथा साधन सहकारी समिति डभौरा सिमरा जैतीपुर मरैना से सुरेंद्र पाल सिंह का एकल नामांकन हुआ था। सभी पत्र जांच के दौरान सही पाए गए मुख्य अधिकारी डीके राय ने बताया कि 18 अक्टूबर को उपसभापति का चुनाव संपन्न होगा।

गोविंद हत्याकांड: दो थाना प्रभारी और एक सीओ बदले पर नहीं हुआ खुलासा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- चार माह पूर्व हुई थी हत्या, पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची परिवार को मिला सिर्फ आश्वासन

अमृत विचार: मदनापुर क्षेत्र में चर्चित गोविंद हत्याकांड का चार माह बीत जाने के बाद भी एसओजी और पुलिस की टीमें खुलासा नहीं कर पायी है। जबकि दो थाना प्रभारी और सीओ बदल चुके है। पुलिस घटना खुलासे के नाम सिर्फ हवा में तीर चला रही है। घटना का खुलासा के लिए परिवार वाले पुलिस अधिकारियों से कई बार मांग कर चुके है। अधिकारियों द्वारा परिवार वालों को सिर्फ आश्वासन मिला है।

बता दे कि मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव चित्ती निवासी 25 वर्षीय गोविंद सक्सेना आठ जून की दोपहर बाइक से मदनापुर बाइक की किस्त जमा करने के लिए गया था। गांव से पहले मंदिर के पास दो अज्ञात युवकों ने उसकी बाइक रोक ली थी। युवकों ने गोविंद की गोली मारकर हत्या कर दी थी और बाइक लूटकर ले गए थे। पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट में बाइक लूट की धारा नहीं लिखी थी। इस दौरान परिवार वालों ने धारा बढ़ाए जाने के लिए खिरनीबाग चौराहे पर शव रखकर जाम लगा दिया था। तत्कालीन एसपी अशोक मीणा ने प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार, उप निरीक्षक सत्यवीर को निलंबित कर दिया था। मदनापुर थाना का प्रभारी अमित सिंह चौहान को बनाया था। थाना प्रभारी अमित का तबादला गैर जिले हो जाने से उनके स्थान पर निरीक्षक विश्वजीत प्रताप सिंह को चार्ज दिया गया है। उस समय सीओ अमित चौरसिया थे। सीओ सदर अमित चौरसिया का तबादला सीओ तिलहर और सीओ तिलहर प्रयांक जैन का तबादला सीओ सदर कर दिया गया था। घटना के खुलासा के लिए मृतक के परिवार वाले पुलिस अधिकारियों से कई बार मिले थे और आश्वासन दिया था कि घटना का शीघ्र खुलासा हो जाएगा। लेकिन चार माह बीत जाने के बाद भी पुलिस घटना का खुलासा नहीं कर पायी है। परिवार वालों को आश्वासन के लिए कुछ नहीं मिल रहा है। एसओ और पुलिस की कई टीमें किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। अब एसपी राजेश एस ने हत्याकांड के खुलासे के लिए सीओ सदर प्रयांक जैन के नेतृत्व में एसओजी और तीन टीमों को लगाया है। टीम अपने स्तर से जांच कर रही है।

> गोविंद हत्याकांड के खुलासे के लिए एसओजी और क्राइम ब्रांच की टीम गठित की गयी है। पुन: विवेचना की जा रही है। घटना का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।
>
> –**प्रयांक जैन**, सीओ सदर

मछली पकड़ने गए युवक की बहगुल नदी में डूबकर मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पुलिस ने बुलाए गोताखोरों ने तलाशकर निकाला शव

अमृत विचार : मछली पकड़ने गए युवक की बहगुल नदी में डूबकर मौत हो गई। पुलिस के बुलाने पर गोताखोरों नदी में तलाशने के बाद शव बाहर निकाला।

मृतक मनीष कुमार।

कटरा थाना क्षेत्र के गांव कपून नगला निवासी ओमप्रकाश का 32 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार रविवार सुबह साढ़े दस बजे बहगुल नदी पर मछल पकड़ने के लिए गया था। वह कपड़े उतारकर मछली पकड़ने के लिए नदी में गया। वह मछली पकड़ते समय नदी में डूब गया। इधर, शाम सात बजे तक वह घर नहीं लौटा तो परिवार वालों ने उसे तलाश किया। मगर उसका पता नहीं चला। सोमवार सुबह आठ बजे ओमप्रकाश परिवार वालों के साथ बेटे मनीष की तलाश में नदी पर गए।

उन्होंने देखा कि नदी के किनारे उसके बेटे की चप्पल और कपड़े पड़े हुए थे। उन्होंने थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक ओमशंकर शुक्ला सिपाहियों के साथ नदी पर गए। पुलिस ने गोताखोरों को बुलवाया। गोताखोरों ने मनीष के शव को एक घटे बाद नदी से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

खराब रैंक वाले अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- फसल बीमा के लिए किसानों को जागरुक करने के निर्देश
- डीएम ने समीक्षा बैठक में दिए सुधार करने के निर्देश

अमृत विचार: शासन द्वारा निर्धारित सीएम डैशबोर्ड एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक सोमवार को विकास भवन सभागार में संपन्न हुई। माह सितंबर के कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह खराब रैंकिंग वाले अधिकारियों से स्पष्टीकरण के निर्देश दिए हैं।

डीएम ने पीएम सूर्य घर, विद्युत आपूर्ति, कृषि रक्षा रसायन, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, फसल बीमा योजना, कुसुम योजना, आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, सड़कों का निर्माण, एंबुलेंस संचालन, स्वास्थ्य सुविधाएं, राज्य वित्त/ 15 वित्त आयोग, पर्यटन विकास कार्यों, निपुण भारत अभियान, पोषण मिशन, मिड डे मील, गोवंशों का संरक्षण, शादी अनुदान, मत्स्य संपदा योजना, पेंशन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्व कर्मा श्रम सम्मान योजना, पारिवारिक लाभ योजना, एक जनपद एक उत्पाद समेत अन्य योजनाओं की गहनता के साथ समीक्षा की। डीएम ने कहा कि फसल बीमा योजना के लिए किसानों को जागरुक करते हुए अधिक से अधिक किसानों को पंजीकृत कराया जाए, जिससे दैवीय आपदा आने पर किसानों के फसल नुकसान का मुआवजा दिलाया जा सके। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बैंकों में लंबित कार्य तेज गति से कराए जाएं। जल जीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण कराए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया जाए। निराश्रित गौ संरक्षण के लिए नवनिर्मित गौशालाओं में गोवंश रखने की कार्रवाई तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिए गए। डीएम ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए गोवंश छोड़ने वालों पर जुर्माना सहित अन्य कार्रवाई भी सुनिश्चित कराई जाए। राजस्व वसूली में खराब प्रगति वाले मंडी सचिव एवं मंडी सभापति का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। प्रोजेक्ट अलंकार के संबंध में रैंकिंग में सुधार लाने को कहा गया।

इस अवसर पर सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ. सुरेश कुमार, सीएमओ डॉ. आरके गौतम सहित विभागीय अधिकारी मौजूदरहे।

सीएम डैशबोर्ड एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह।

राजकीय सुधार गृह से भागे दो किशोरों का नहीं लगा सुराग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- तीन अक्टूबर को विवेकानंद पीठ में पढ़ने गए थे किशोर

अमृत विचार : एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी राजकीय बाल सुधार गृह से भागे दो किशोर का पता नहीं लगा है। पुलिस बरेली और लखनऊ तलाश करने गई थी। वहां भी दोनों बच्चों नहीं मिले हैं।

राजकीय बाल सुधार गृह के अधीक्षक ने चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार तीन अक्टूबर की सुबह पौने दस बजे किशोर गृह के बच्चे बरेली मोड़ पर स्थित आवास विकास कालोनी में विवेकानंद पीठ में पढ़ने के लिए गए थे। इस दौरान दो किशोर सूरज यादव व आयान मौका पाकर स्कूल से भाग गए थे। दोपहर को बच्चों की स्कूल में गिनती की गयी तो दोनों किशोर कम निकले। बच्चों को लेकर एक चतुर्थ कर्मचारी व होमगार्ड लेकर गए थे। दोनों किशोर को रोडवेज बस अड्डे, स्टेशन आदि पर तलाश किया गया था नहीं मिले थे। पुलिस टीम बच्चों की तलाश में बरेली और लखनऊ गयी थी और वापस लौट आई थी। जबकि सूरज पहले भी भाग चुका है, जो दिल्ली से बरामद हुआ था। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने कर्मचारी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए थे और होमगार्ड के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए कमांडेंट को पत्र लिखा गया था। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी दोनों किशोर का पता नहीं लगा है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि दोनों किशोर की तलाश की जा रही है।

क्या आप निःसंतान हैं? आज ही सम्पर्क करें
माहेश्वरी अस्पताल एवं श्रद्धा IVF सेंटर

डा. श्रद्धा माहेश्वरी
Senior IVF Consultant, Gynaecologist & IVF Specialist
: सम्पर्क सूत्र :
9548521316
0581-3583111
पता: बन्नूवाल नगर, ट्यूलिप ग्रांड के सामने पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
बाँझपन के प्रमुख कारण:-
महिलाओं में:-
• समय पर महावारी न होना • असंतुलित हार्मोन्स
• अण्डो का न बनना • अधिक उम्र • नलों का बंद होना
पुरुषों में:-
• शुक्राणु निल होना • शुक्राणु का कम होना
• शुक्राणुओं की गति धीमी होना

उपलब्ध सुविधाएं
• IUI • IVF • ICSI
• Hysteroscopy • Laparoscopy
IVF/IUI मेगा फ्री कैम्प
सेंटर की शानदार सफलता और वर्षगांठ के शुभ अवसर पर आईवीएफ निसंतान दंपत्तियों के लिए
-: दिनांक :-
14/15/16 अक्टूबर 2024
पर विशेष छूट
सभी बच्चेदानी व अंडेदानी की गांठ/रसौली का ऑपरेशन दूरबीन विधि द्वारा उपलब्ध।
Artificial Insemination, Egg/Sperm Donor Facility Available
नि:संतान दम्पत्तियों के लिए पहला परामर्श
सोमवार से शनिवार प्रात:
10:00 बजे से 6:00 बजे तक
बरेली में विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित IVF लैबऔर उच्च सफलता दर वाला IVF सेन्टर
लोकेशन के लिए स्कैन करें

SHIKHAR NURSING HOME
शिखर नर्सिंग होम
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्स:-
Dr. R.K. Verma
M.D., P.D.C.C. Critical Care Fellowship in Diabetes (General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya
M.S. (Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta
M.S. (General Surgeon)
Dr. T. Singh
M.S. (Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी. (साँस सम्बन्धी रोगो की कम्प्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगो के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. नि:शूल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम.
(A.N.M.) For Females only
Course Code- 13
Recognized by Indian Nursing Council
Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow
College Code - 092
बी. फार्मा.
Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I.
Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow)
College Code - 969
डी. फार्मा.
Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I.
Affiliated to B.T.E. (Lucknow)
College Code - 2065

कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com, shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244

अलग-अलग ठहरेंगी मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की टीमें

बालिकाओं के लिए गुरुनानक व सुदामा स्कूल में रुकने की होगी व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : 68वीं मंडलीय माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता मंगलवार से परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह स्टेडियम हथौड़ा बुजुर्ग में शुरू होगी। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्वांह 11 बजे सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह करेंगी। समापन 17 अक्टूबर को किया जाएगा।

मंडलीय प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा के लिए डीआईओएस हरिवंश कुमार ने स्टेडियम में आयोजक मंडल के सदस्यों और खेल शिक्षकों के साथ बैठक की। आयोजक जीआईसी प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने प्रतियोगिता की तैयारियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। टीमों की आवासीय व्यवस्था की जानकारी देते हुए अनिल कुमार ने बताया कि एसपी कालेज में बदायूं और पीलीभीत के बालक, इस्लामिया इंटर कालेज में बरेली और शाहजहांपुर के बालक, डॉ. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर कन्या इंटर कालेज में बदायूं और पीलीभीत की बालिकाएं तथा गुरुनानक पाठशाला हाईस्कूल में बरेली और शाहजहांपुर की बालिकाएं ठहराई जाएंगी। आवासीय व्यवस्था के लिए अनिल कुमार को ही नोडल अधिकारी नामित किया गया है। मंडलीय प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए विभिन्न समितियां गठित की गई हैं, जिनकी जिम्मेदारी प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को सौपी गई है।

प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा करते डीआईओएस हरिवंश कुमार।

- **आज से स्टेडियम में शुरू होने वाली तीन दिवसीय माध्यमिक स्कूलों की प्रतियोगिता का सीडीओ करेंगी उद्घाटन**

डीआईओएस ने खेल शिक्षकों को निर्देश दिए कि सभी प्रतियोगिताएं पूरी पारदर्शिता के साथ निर्विघ्न रूप से संचालित कराई जाएं। कुछ विवाद होता है, तो उसकी जानकारी उन्हें अथवा जिला निर्णायक मंडल को अवश्य दी जाए। बैठक में मुख्य रूप से जिला क्रीड़ा सचिव कैप्टन राम कुमार, धनवीर सिंह, संजय कपूर, लेफ्टिनेंट मो. अयूब, रत्नेश शुक्ला, जेपी मौर्या, गुरमीत सिंह, सचिन प्रेमी, योगेंद्र कुमार, अनिल मालवीय, अंग्रेज सिंह, सुमित सिंह, रफी उल्ला, अवधेश सिंह अरुण, मिहिर फिलिप्स समेत बड़ी संख्या में प्रधानाचार्य एवं खेल शिक्षक मौजूद रहे।

शिक्षक संघ के चुनाव की सदस्यता सूची जारी

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लाक इकाइयों के निर्वाचन की प्रक्रिया के तहत सोमवार को सदस्यों की अंतिम सूची जारी कर दी गई। संघ के सदस्य सरताज अली ने बताया कि 27 अक्टूबर को होने वाले ब्लाक स्तरीय चुनाव के लिए सभी 15 विकास खंडों की अंतिम सदस्यता सूची जारी कर दी गई है, जिसमें 5000 से अधिक शिक्षक सदस्य अपने मत का प्रयोग करेंगे। सबसे अधिक भावलखेड़ा में 570 से अधिक एवं सबसे कम खुटार विकास क्षेत्र में 175 से कम शिक्षक अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 20 अक्तूबर को सुबह 9 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे। इसी दिन सायं 4 बजे तक प्रत्याशियों के नामों की सूची जारी कर दी जाएगी।

नागेश के बाल उपन्यास टेढ़ा पुल पर शोधकार्य

शाहजहांपुर। बाल साहित्यकार डॉ. नागेश पांडेय संजय के बाल उपन्यास टेढ़ा पुल पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के प्रोफेसर सुनील कुमार के निर्देशन में लघु शोध कार्य किया गया है। डॉ. नागेश ने बताया कि परियोजना कार्य के अंतर्गत कुसुम यादव ने टेढ़ा पुल का समीक्षात्मक अध्ययन विषय पर यह कार्य पूर्ण किया है। उन्होंने बताया कि बाल उपन्यास का कन्नड़ में डोंकु सेतुबे, ओड़िया में बांका पुल, मराठी में बणदार पुल, अंग्रेजी में दि सेरपेंटाइन ब्रिज और नेपाली में बांगो पुल शीर्षक से अनुवाद किया जा चुका है। इस उपन्यास पर रांची का प्रतिष्ठित स्पेनिन सम्मान भी उन्हें मिल चुका है।

छात्रा अनुगुंज को राज्यपाल ने किया सम्मानित

शाहजहांपुर, अमृत विचार : कालोनी निवासी सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव एवं सह संयोजक विधि प्रकोष्ठ भाजपा अनीत कुमार त्रिवेदी की भतीजी अनुगुंज को बरेली में राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। सोमवार को महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेललखंड विश्वविद्यालय बरेली के 22वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल द्वारा अनुगुंज को एलएलएम संकाय में ह्यूमेन राइट्स एन्ड ड्यूटीज के लिए विश्वविद्यालय में टॉप करने पर स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) प्रदान किया गया। अनुगुंज वरिष्ठ अधिवक्ता राम कुमार त्रिवेदी की पोती तथा वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप कुमार त्रिवेदी एवं अधिवक्ता गुंजन की बेटी है। दीक्षांत समारोह में कुलपति प्रो. केपी सिंह, राज्यमंत्री रजनी तिवारी, राज्यमंत्री योगेंद्र उपाध्याय, निदेशक प्रो. विनोद कुमार कनौजिया आदि मौजूद रहे।

राज्यपाल ने एमकॉम टॉपर ईशा को दिया गोल्ड मेडल

एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली में आयोजित दीक्षांत समारोह में छात्रा ईशा सक्सेना को सम्मानित करतीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल।

शाहजहांपुर, अमृत विचार: जीएफ कालेज की एमकॉम की जिला टॉपर छात्रा ईशा सक्सेना को सोमवार को बरेली में हुए दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने गोल्ड मेडल प्रदान किया। महानगर के मोहल्ला दिलाजाक निवासी प्रवीन कुमार सक्सेना की बेटी ईशा ने एमकॉम की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर जिल टॉप किया था। सोमवार को एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह उन्हें गोल्ड मेडल और उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया। ईशा की इस उपलब्धि पर कालेज प्राचार्य प्रोफेसर मोहसिन हसन खां, विभागाध्यक्ष डॉ. पुनीत मनीषी, मानवता वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक अमित श्रीवास्तव, बड़ी बहन डॉ. जयंती सक्सेना, भाई प्रियम, प्रेम, नीरा श्रीवास्तव आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002
ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रात: 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रात: 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

चरक हैल्थ केयर
चरक पैथलैब
डॉ. राकेश मिश्रा
(MD, Dip Cardiology)
हृदय, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर एवं श्वांस रोग विशेषज्ञ
नियर चाट बाजार रोड़, 39-बी, एकता नगर, बरेली।
समय : प्रात: 9:00 am-10 am एवं सायं 3:00 pm-5:30 PM
मो. 9410200042, 9410200047

समाधान दिवस में जमीन संबंधी तीन शिकायतें पहुंचीं

थाना परिसर में शिकायतें सुनते एसडीएम व सीओ। • अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

अमृत विचार: समाधान दिवस पर खुटार थाने में सीओ और एसडीएम पहुंचे। जहां फरियादियों की समस्याएं सुनी। अधिकारियों ने तीन शिकायतों में जांच के लिए टीमें गठित कर दी। साथ ही कुछ शिकायतों में मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया।

खुटार थाने में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन होना था लेकिन छुट्टियों के चलते समाधान दिवस दो दिन आगे बढ़ा दिया था। सोमवार को समाधान दिवस में सीओ पंकज पंत, एसडीएम संजय पांडेय खुटार थाने पहुंचे।

जहां पहले से ही कई फरियादी प्रार्थना पत्र लेकर थाने परिसर में बैठे थे। अधिकारियों के आने के बाद फरियादियों ने शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की। सीओ पंकज पंत ने पुलिस से संबंधित शिकायतों का निस्तारण करा दिया। लेकिन एसडीएम संजय पांडेय ने राजस्व विभाग से संबंधित तीन शिकायत के मामलों में फरियादियों की समस्या सुनी। इसके बाद टीमें गठित कर दी और जांच कराकर कार्रवाई के आदेश दिए। इस दौरान थानाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार के साथ ही पुलिस स्टाफ, लेखपाल आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

तिलहर में पहुंचीं केवल चार शिकायतें

तिलहर, अमृत विचार : शनिवार को दशहरा का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण सोमवार को नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी की अध्यक्षता में थाना दिवस संपन्न हुआ। जिसमें प्राप्त चार शिकायतों में दो शिकायतों के लिए पुलिस टीम मौके पर भेजी गई। ग्राम पंचायत ताल्वीपुर दियूरिया के सोमपाल ने शिकायत करते हुए कहा कि उनकी कृषि भूमि के समीप जाने वाले चकमार्ग पर गांव के दबंग लोगों ने चकरोड को तोड़कर कब्जा कर लिया है, जिसकी शिकायत कई बार संपूर्ण समाधान दिवस और थाना दिवस में की जा चुकी है लेकिन अभी तक कब्जा किए गए चकमार्ग को खुलवाया नहीं जा सका है। शिकायत मिलने पर नायब तहसीलदार ने संबंधित लेखपाल को बुलाकर तत्काल चकरोड से कब्जा हटवाए जाने के निर्देश दिए।

एक नजर

ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से मजदूर की मौत, साथी घायल

शाहजहांपुर, अमृत विचार : तेज रफ्तार दौड़ते ट्रैक्टर-ट्राली ने दोनों मजदूरों को टक्कर मार दी। इसमें एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली लेकर भाग गया। रोजा थाना क्षेत्र के गांव पड़रा सिकन्दरपुर निवासी 26 वर्षीय सुरजीत रामचंद्र मिशन क्षेत्र में स्थित शम्मी खां के ईंट भट्ठा पर मजदूरी करता था। मजदूर सुरजीत व रामवीर निवासी बल्लिया थाना रोजा रविवार की शाम साढ़े चार बजे भट्ठा से भैंस लेकर मालिक के घर पुत्तूलाल चौराहा जा रहे थे। रास्ते में फतेहपुर चुंगी के निकट तीव्रगति से आए ट्रैक्टर-ट्राली ने दोनों मजदूरों व भैंस को टक्कर मार दी, जिससे दोनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली लेकर भाग गया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार मौके पर जा पहुंचे। इधर, भट्ठा मालिक का बेटा आगाज खां भी मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने दोनों घायल मजदूर को मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

पुलिस ने कंबाइन सीज की

निगोही, अमृत विचार : बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के चल रही कंबाइन को पुलिस ने कब्जे में लेकर थाने पर खड़ा करा लिया है। निगोही थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि निगोही बीसलपुर राजमार्ग के निकट कंबाइन मशीन धान कटाई कर रही थी। जिसे सीज कर दिया गया है।

महिलाओं की होगी 21वीं सदी

रुहेलखंड विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोलीं राज्यपाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

दीक्षांत समारोह में टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, राज्य मंत्री रजनी तिवारी, बीआर अंबेडकर के निदेशक प्रो. बिनोद कुमार कनौजिया और कुलपति प्रो. केपी सिंह। ● अमृत विचार

अमृत विचार : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय में पदक पाने वाले विद्यार्थियों में तीन-चौथाई से भी ज्यादा संख्या छात्राओं की होने को 21वीं सदी महिलाओं की होने का परिचायक बताया। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल ने यह भी उल्लेख किया कि छात्राओं ने सिर्फ रुहेलखंड विश्वविद्यालय में ही छात्रों को पीछे नहीं छोड़ा है, देश और प्रदेश के तमाम विश्वविद्यालयों में यही स्थिति है। दीक्षांत समारोह में उन्होंने 94 टॉपर्स को मेडल बांटे।

राज्यपाल सोमवार को रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आयोजित 22 वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने जो सफलता पाई है, उसमें उनके मां-पिता और गुरु का अहम योगदान है। दीक्षांत समारोह से लौटकर वे ये मेडल और डिग्री उनके चरणों में रखकर हमेशा ऐसी ही प्रगति का आशीर्वाद मांगेंगे तो जीवन में कभी पीछे नहीं रहेंगे। राज्यपाल ने अभिभावकों से भी अपने बच्चों के मोबाइल इस्तेमाल करने पर नजर रखने की अपील की।

● राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में तीन परियोजनाएं शुरु कीं

दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में पीएम उषा योजना के तहत विश्वविद्यालय में डिजिटल लर्निंग एप, इंटरनेशनल ट्रांजिट हॉस्टल और इन्क्यूबेशन पायलट फैसिलिटी समेत तीन परियोजनाओं की शुरुआत की। बताया गया कि इस परियोजनाओं को 2026 तक पूरा कर क्रियान्वयन शुरू कर दिया जाएगा। राज्यपाल ने दूसरे विश्वविद्यालयों से भी इन परियोजनाओं की शुरुआत करने को कहा। समारोह में दिवंगत उद्यमी रतन टाटा को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। समारोह में मुख्य अतिथि बीआर अंबेडकर एनआईटी जालंधर के निदेशक प्रो. बिनोद कुमार कन्नौजिया, विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, कुलपति प्रो. केपी सिंह आदि मौजूद रहे।

तकनीकी युग में समाज के प्रति जिम्मेदारी न भूलें छात्र: प्रो. बिनोद

बरेली, अमृत विचार : दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि एनआईटी जालंधर के डायरेक्टर प्रो. बिनोद कुमार कनौजिया ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑटोमेशन और मशीन लर्निंग जैसी तकनीकें उद्योगों और समाज को आकार दे रही हैं। हम एक ऐसे युग में रह रहे हैं, जहां तकनीक हमारी नौकरियों, हमारी अर्थव्यवस्थाओं और यहां तक कि दुनिया के साथ हमारे व्यवहार को भी बदल रही हैं। इन चीजों को अपनाते समय हमें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को नहीं भूलना चाहिए। केंद्र सरकार लगातार इस बात को लेकर गंभीर है कि आप जैसे छात्र आधुनिक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हों। यह पहल न केवल अकादमिक उत्कृष्टता पर बल्कि कौशल विकास, नवाचार और उद्यमिता पर भी ध्यान केंद्रित करती है।

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल, उच्च शिक्षा मंत्री, कुलपति के साथ टॉपर विद्यार्थी। ● अमृत विचार

छात्रों को पढ़ाना होगा राष्ट्र प्रेम का पाठ: योगेंद्र

बरेली, अमृत विचार : समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि हमें अपने संस्थानों में इस तरह की शिक्षा देनी होगी जो छात्रों को राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी का अहसास कराए। उनको राष्ट्र प्रेम की भावना से भरें, न कि ऐसी शिक्षा देनी है कि छात्र देश के टुकड़े करने जैसे आपत्तिजनक विचारों का प्रवाह करने लगें। उन्होंने कहा कि हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। शिक्षकों को कृष्ण की भूमिका निभाते हुए छात्रों तक यह विचार पहुंचाने होंगे। आगे कहा कि हम आजीविका कौशल के साथ-साथ विचार और व्यवहार में सार्वभौम मानवीय मूल्यों की स्थापना करें। हमें अपने प्राचीन मूल्यों को धारण करते हुए समकालीन सामाजिक राष्ट्रीय एवं वैश्विक चुनौतियों के समाधान की दिशा में योगदान करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। हमारे प्रयासों के चलते बीते चार वर्ष में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली लड़कियों की संख्या 13 फीसदी बढ़ चुकी है।

विदेशी छात्रों को भी भा रहा रुहेलखंड: कुलपति

बरेली, अमृत विचार : दीक्षांत भाषण में कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि सत्र 2023-2024 में रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। क्यूएस रैंकिंग में पूरे विश्व में रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने 901 वां स्थान प्राप्त किया। इंडिया अकेडमिया रैंकिंग, रिसर्च एक्सीलेंस रैंकिंग और एम्प्लायबिलिटी एंड स्टार्टअप रैंकिंग में डायमंड बैंड प्राप्त की है। इसी प्रकार ईडीयू रैंकिंग में उत्तर प्रदेश में 11वां और भारत में 80वां स्थान प्राप्त किया। इन्हीं उपलब्धियों की वजह से विदेशी छात्र भी हमारे यहां पढ़ाई को आ रहे हैं। वर्तमान में करीब 20 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

आंबेडकर ने राष्ट्रवादी होने का परिचय दिया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते पंचशील सोसाइटी के सदस्य।

● दीक्षा दिवस पर पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी की बैठक आयोजित

अमृत विचार : पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से सम्राट अशोक पार्क में 68वें दीक्षा दिवस के उपलक्ष में गोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर सोसाइटी अध्यक्ष राम सिंह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने बौद्ध धर्म की दीक्षा लेकर सच्चे राष्ट्रवादी होने का परिचय दिया।

अध्यक्ष राम सिंह ने कहा कि यदि आंबेडकर ईसाई या इस्लाम धर्म स्वीकार कर लेते तो 25 करोड़ लोग मूल भारतीय संस्कृति से दूर हो जाते है। डॉ. अंबेडकर सुधारवादी नेता थे, उन्होंने हिंदू धर्म में व्याप्त असमानता और जातिगत भेदभाव को दूर करने का भरसक प्रयास किया, इससे व्यथित होकर ही उन्होंने बौद्ध धर्म स्वीकार किया। अशोक विहार विकास एवं संरक्षण समिति के कोषाध्यक्ष विनोद सम्राट ने कहा कि बौद्ध धर्म समता, करुणा और मैत्री का संदेश देता है। ज्वाला प्रसाद ने कहा कि बुद्ध के पंचशील सिद्धांत अपनाकर हम अपना सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। इस अवसर पर सभी ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। गोष्ठी में मातादीन वर्मा, राजीव कुमार वर्मा, अखिलेश गौरव, जितेंद्र सिंह, बुधपाल सिंह आदि ने भी विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता डॉ. अंबेडकर मेमोरियल संस्थान के अध्यक्ष भगवंत राम ने और संचालन चंद्रकांत भारती ने किया।

महिला को धार्मिक स्थल में बुलाकर की छेड़छाड़

पूरनपुर, अमृत विचार : सोमवार को एक महिला ने थाना हजारा में दी तहरीर में धर्म परिवर्तन को लेकर गंभीर आरोप लगाए। महिला का आरोप है कि सोमवार को कुछ लोगों ने उससे चर्च में मारपीट की। करीब एक साल पहले उसे पचास हजार रुपये और एक आवास देकर धर्म परिवर्तन कराया गया। इस दौरान उसे मांस का टुकड़ा और लाल रंग का घोल पिलाया गया। नाले में डुबकी लगाई गई। उसके रिश्तेदारों का भी धर्म परिवर्तन कराया गया। आरोप है कि उसे पादरी बनाने का भी लालच दिया गया। एक व्यक्ति ने इस दौरान उसके साथ अश्लील हरकतें की। विरोध पर दो महिलाओं सहित चार लोगों ने उसके साथ मारपीट की।

सिहुरा वन चौकी के पास से कोरों के पेड़ काट ले गए चोर

संवाददाता, खुटार

कटे पेड़ों की नाप करते वन विभाग के कर्मचारी।

● वनकर्मी की लापरवाही आई सामने, एसडीओ ने कड़ी नाराजगी जताई

> मौके पर पहुंचकर जांच की गई है। जांच में कोरों के चार पेड़ो का अवैध कटान पाया गया है। उक्त मामले में केस काटा जाएगा। जिसकी रिपोर्ट कार्रवाई के लिए डीएफओ को भेजी जाएगी। उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> **-डॉ. सुशील कुमार,** एसडीओ वन विभाग, शाहजहांपुर

> एसडीओ के नेतृत्व में टीम को जांच के लिए भेजा गया है। टीम को जंगल मे अवैध कटान मिला है। टीम द्वारा जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> **- नवीन खंडेलवाल** कार्यवाहक डीएफओ

अमृत विचार : चार दिन पहले सिहुरा जंगल में वन चौकी से ढाई किमी दूर अवैध कटान हो गया। कोरों के चार पेड़ काटने के बाद माफिया रातों रात लकड़ी उठा ले गए। डीएफओ से शिकायत के बाद सोमवार को एसडीओ डॉ. सुशील कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर साक्ष्य मिटाने में जुटे वाचरों को पकड़ लिया और पूछताछ की। दो स्थानों पर हुए अवैध कटान की जांच की। हल्का वनकर्मी संतोष गौड़ को कड़ी नाराजगी जताई है।

सिहुरा जंगल में 11 अक्टूबर को वन चौकी से कुछ दूर पर माफियाओं ने रातों रात बेशकीमती कोरों के चार पेड़ काट लिए। उसी रात माफिया वाहन में लकड़ी लादकर ले गए। खास बात यह कि सिहुरा वन चौकी पर रहने वाले कर्मियों को कटान की भनक तक नहीं लगी। लोगों ने इसकी सूचना खुटार वन विभाग के अधिकारियों को दी। इसके बावजूद कार्रवाई तो दूर, जांच करने की जरूरत भी नहीं समझी गई। इसके बाद शिकायत डीएफओ नवीन खंडेलवाल से की गई। डीएफओ के आदेश पर सोमवार को एसडीओ डॉ. सुशील कुमार सिहुरा वन चौकी के नजदीक बरनई जंगल में मौका मुआयना करने पहुंचे। वहां पहले से वाचर लकड़ी (दो बोटा) को हटाने की फिराक में था, लेकिन उसे एसडीओ ने मौके पर पकड़ लिया और पूछताछ की। वाचर ने बताया कि वनकर्मियों ने लकड़ी सिहुरा वन चौकी भेजने के लिए कहा था। एसडीओ ने तीन पेड़ का अवैध कटान पाया। करीब डेढ़ किमी दूर दूसरे स्थान पर एक पेड़ कटा पाया, लेकिन दोनों स्थानों से लकड़ी गायब थी। उन्होंने काटे गए पेड़ की जड़ की लंबाई, चौड़ाई, ऊंचाई फीता से नाप कराई। जांच हो जाने के बाद वनकर्मी संतोष गौड़ पहुंच गए, तो अवैध पेड़ कटान से संबंधित पूछताछ की। एसडीओ ने जांच में दो पेड़ 20-25 दिन पुराने और दो पेड़ पांच-चार दिन पहले कटान होने की बात कही है।

सार-संक्षेप

कुर्रिया कलां के दुर्गा देवी मंदिर में डीएम ने किए दर्शन

कांट। कुर्रिया कलां के प्रसिद्ध दुर्गा देवी के मंदिर में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम ज्ञानेंद्र नाथ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन किए। क्षेत्र के गांव कुर्रिया कलां स्थित प्राचीन दुर्गा देवी मंदिर के कपाट रविवार को सुबह चार बजे दर्शन के लिए खोल दिए गए थे, जिसमें जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह अपर जिलाधिकारी संजय पांडेय एवं उप जिलाधिकारी सदर ज्ञानेंद्र नाथ ने भगवती के दर्शन का पूजा अर्चना की। यहां पर श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया। यहां पर चीनी का बड़ा एवं नारियल का चढ़ावा प्रमुख रूप से प्रसाद है, वहीं दुर्गा मां के साथ श्रृंगार के लिए भी भक्तगण सामान लेकर जाते हैं। मंदिर का इतिहास 500 वर्ष पुराना बताया जाता है। शारदीय और चैत्र नवरात्रि के बाद दसवीं को चार बजे दर्शनार्थ मंदिर के कपाट खोले जाते हैं, वहीं तीसरे दिन द्वादशी के दिन दो बजे सांकेतिक विसर्जन के बाद कपाट बंद कर दिए जाते हैं। पुजारी गुरुदेव दीक्षित ने बताया कि मंगलवार को दो बजे दिन में सांकेतिक विसर्जन के बाद मंदिर के कपाट छह माह के लिए बंद कर दिए जाएंगे।

स्वच्छता पखवाड़ा: प्लास्टिक की वस्तुओं का उपयोग कम करें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को सफाई के प्रति जागरूक करते अधिकारी। ● अमृत विचार

● प्लेटफार्म पर यात्रियों को किया जागरूक, स्टेशन को साफ रखें

अमृत विचार : मुरादाबाद मंडल के अधिकारियों के निर्देश पर स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। सोमवार को मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक त्रिलोक चंद्र के नेतृत्व में स्टेशन पर प्लास्टिक उत्पाद का उपयोग रोकने के लिए अभियान चलाकर यात्रियों को जागरूक किया गया। उन्होंने यात्रियों को बताया कि प्लास्टिक की वस्तुओं का उपयोग कम किया जाए। पानी की बोतल आदि को प्लेटफार्म पर इधर-उधर न फेंके। केवल डस्टबिन में डाले। स्टेशन परिसर में कूड़ा न करें। प्लेटफार्म पर जगह-जगह डस्टबिन रखे हैं। इस दौरान रेल लाइन पर पड़ी पानी की खाली बोतलों को एकत्रित करके डस्टबिन में डाला गया। सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। इधर स्वच्छता पखवाड़ा के तहत रेलवे कालोनी में भी सफाई अभियान चलाया गया। कर्मचारियों को बताया कि कूड़ा इधर-उधर न डालें, बल्कि कूड़ा घर में डाले। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक त्रिलोक चंद्र ने बताया कि यह अभियान 19 तक चलेगा। इस अवसर पर स्टेशन अधीक्षक पीएस तोमर, सीएमआई एसके ठाकुर, स्वास्थ्य निरीक्षक शशांक पाण्डेय, शुभम शर्मा, वीएस विष्ट, शिवम सक्सेना आदि स्टाफ मौजूद रहा।

दहेज के लिए बहू को किया घायल

शाहजहांपुर, अमृत विचार: सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला मामूड़ी निवासी इब्राहिम ने बताया कि उसने अपनी पुत्री महरुन निशा की शादी चार साल पहले मोहम्मद आसिफ निवासी मामूड़ी थाना सदर बाजार के साथ की थी। उसने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। उसकी दो साल की नातिन है। शादी के कुछ माह बाद ससुराल वाले उसकी पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे और घर से निकालने की धमकी देने लगे। आरोप है कि आसिफ आए दिन उसकी पुत्री को मारा पीटा करता था। आरोप है कि चार अक्टूबर को ससुराल वालों ने उसकी पुत्री की पिटाई की, जिससे उसके शरीर में गुम चोटें आई है। वह अपनी घायल पुत्री को लेकर मेडिकल कालेज गया। डाक्टर ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। उसका लखनऊ में इलाज चल रहा है। उसकी पुत्री के सिर में चोट होने के कारण बोल नहीं पा रही है।

कांट में धूमधाम से निकाली शिव बरात

बरात शोभायात्रा में शामिल शिव-पार्वती की झांकी। ● अमृत विचार

कांट, अमृत विचार : नगर में श्री रामलीला कमेटी की ओर से शिव बरात धूमधाम से निकाली गई। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। शिव बारात का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इसमें विभिन्न प्रकार की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

शिव बरात रामलीला मेला मैदान से निकाली गई। शुभारंभ रामलीला कमेटी के अध्यक्ष समाजसेवी राम मुरारी मिश्रा ने विधिवत पूजन करके किया। शोभायात्रा में मौजूद झांकियां दर्शकों का मन मोह रही थी। बैंड बाजों की धुन पर लोग भगवान शिव की बरात में नाचते गाते जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। बरात रामलीला मैदान से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई रामलीला मैदान में पहुंचकर संपन्न हुई। इस मौके पर संजीव मिश्रा, रामचंद्र मिश्रा , गोविंद पांडेय, सुरेश चंद्र सक्सेना, पंडित योगेश शर्मा, पुष्पेंद्र मिश्रा, लालू पंडित, गंगाराम राठौर आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

बहू का घर व ससुर का खेत में मिला शव

संवाददाता, घुंघचिहाई (पीलीभीत)

गुलड़िया भूपसिंह गांव में बहू और ससुर की मौत की घटना के बाद लगी भीड़।

● दोनों परिवारों ने एक-दूसरे पर लगाया हत्या कर शव लटकाने के आरोप

अमृत विचार : गुलड़िया भूपसिंह गांव में विवाहिता और फिर ससुर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रात में विवाहिता का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। इसके बाद दूसरे दिन मायके वालों के आने पर हंगामा बढ़ा तो ससुर खेत की तरफ चले गए। फिर ससुर का शव खेत पर फंदे से लटका मिला। दोनों परिवारों ने एक दूसरे पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया।

थाना घुंघचिहाई क्षेत्र के ग्राम गुलड़िया भूपसिंह में रविवार देर रात गांव की रहने वाली ताशु (25) पत्नी सूरज का शव ससुराल में कमरे के भीतर साड़ी से बने फंदे से लटका मिला। परिवार वाले कमरे में पहुंचे तो शव देख होश उड़ गए। इसकी सूचना रात में ही पुलिस को दी गई। दूसरे दिन सोमवार सुबह विवाहिता के मायके वाले शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगरौली से आ गए। जिसके बाद ससुराल वालों पर हत्या कर विवाहिता का शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया। हंगामे के बीच सुबह करीब साढ़े दस बजे मृतका के ससुर रणधीर सिंह उर्फ कल्लू (53) खेत की तरफ चले गए। कुछ देर बाद उनका शव पेड़ पर रस्सी से बने फंदे से लटका मिला। इसकी सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार पूरनपुर अभिषेक त्रिपाठी, सीओ विशाल चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी की। दोनों परिवारों ने एक दूसरे पर अपने-अपने परिवार के सदस्य की हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने दोनों पक्षों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

> घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
> - विशेष कुमार, एसओ घुंघचिहाई

ग्रीन बेल्ट पर कब्जा कर बना लीं दुकानें

पीलीभीत, अमृत विचार: शहर के बीचोबीच गुजर रहे टनकपुर हाईवे के दोनों तरफ ग्रीन बेल्ट हैं। मगर, समय के साथ हाईवे के हरियाली का सफाया कर वहां दुकानें बना ली। मामला संज्ञान में आने पर सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने बीते 04 अक्टूबर को टनकपुर हाईवे के आसपास क्षेत्र का निरीक्षण किया था। उन्हें एसपी आवास के सामने कुछ दुकानें बनी मिली थी। संदेह होने पर उन्होंने विनियमित क्षेत्र के जेई केके चंद को तलब कर उनसे जानकारी ली तो पांच दुकानें ग्रीन बेल्ट में बनी पाई गई। इस पर उन्होंने जेई विनियमित क्षेत्र को तत्काल दुकानदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए थे। इधर अब सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर दुकानदार शाहगुल, एचएआर खान, रियाज अहमद, नूरुल हसन एवं जमाल अहमद को नोटिस जारी किए गए हैं। सिटी मजिस्ट्रेट की ओर से जारी किए गए नोटिस में इन दुकानदारों को सप्ताह भर में दुकानें हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

भाकियू ने सिंधौली कोतवाली गेट पर किया धरना-प्रदर्शन

संवाददाता, सिंधौली

भाकियू पदाधिकारियों से वार्ता करते राजस्व अधिकारी। ● अमृत विचार

● गलत तरीके से कंबाइन सीज किए जाने और चालक को हवालात में बंद करने का आरोप

अमृत विचार : तहसील प्रशासन पर गलत तरीके से कम्बाइन सीज किए जाने और चालक को हवालात में बंद करने का आरोप लगाते हुए आक्रोशित भाकियू कार्यकर्ताओं ने कोतवाली गेट पर धरना प्रदर्शन किया। नायब तहसीलदार से हुई वार्ता विफल रहने पर कार्यकर्ताओं के एक दल ने जनपद मुख्यालय जाकर जिलाधिकारी से वार्ता की। इसके बाद देर शाम धरना स्थगित हुआ।

भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी गुट के दर्जनों कार्यकर्ता सोमवार की सुबह बरेली मण्डल अध्यक्ष बलवंत सिंह तथा जिला संयोजक हरिराम वर्मा के नेतृत्व में कोतवाली गेट पर आ धमके। आक्रोशित कार्यकर्ता पुलिस प्रशासन के विरोध में नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। कार्यकर्ताओं का कहना था कि विगत दिवस उमरिया गांव में धान कटाई कर रही कम्बाइन को अमानक परिस्थितियों में संचालित करने का आरोप लगाते हुए हल्का लेखपाल ने कम्बाइन चालक से सुविधा शुल्क की मांग की। आरोप है कि सुविधा शुल्क न मिलने पर लेखपाल ने एसडीएम पुवायां को गलत सूचना देकर सिंधौली पुलिस को मौके पर बुला लिया। जिसके बाद पुलिस ने कम्बाइन बन्द कराते हुए चालक राजपाल को लाकर हवालात में बन्द कर दिया। धरना प्रदर्शन के दौरान कोतवाली में हो रहे समाधान दिवस में मौजूद नायब तहसीलदार सगीर अहमद ने कार्यकर्ताओं को बुलाकर समझाया लेकिन कार्यकर्ता एसडीएम को मौके पर बुलाने तथा कार्यवाही वापस लेने की जिद पर अड़े रहकर धरना देते रहे। नायब तहसीलदार सृजित निगम ने भी मौके पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं से वार्ता की। उन्होंने कहा कि अमानक परिस्थिति में कम्बाइन का संचालन कराना उनके अधिकार क्षेत्र में नही है। जिसके बाद कार्यकर्ताओं का एक दल जिलाधिकारी से मिलने के लिए जनपद मुख्यालय को रवाना हो गया। जिलाधिकारी से वार्ता के बाद धरना प्रदर्शन स्थगित किया गया। इस के दौरान जिला संयोजक हरिराम वर्मा, गुलजार सिंह, मुनेश्वर दयाल कठेरिया, शकील मंसूरी, विकास शुक्ला, कमलजीत सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला संयोजक हरिराम वर्मा ने बताया कि

> धान की कटाई के दौरान पराली प्रबंधन के उद्देश्य से एसएमएस युक्त कम्बाइन के संचालन का शासनादेश है। कम्बाइन मानक के अनुसार नहीं थी इसलिए सीज की गयी।
> **-सृजित निगम,** नायब तहसीलदार

> कम्बाइन चालक का अधिकारियों के आदेश पर शांतिभंग में चालान किया गया है। पराली जलाने पर प्रतिबंध को लेकर पुलिस गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क कर रही है।
> **- चन्द्रप्रकाश शुक्ल,** प्रभारी निरीक्षक

शिष्टमंडल की जनपद मुख्यालय पर जिलाधिकारी से वार्ता हुई। डीएम ने कहा कि किसी भी तरह की कंबाइन चलाने पर प्रशासन को कोई आपत्ति नहीं है लेकिन यदि पराली को जलाया गया तो कठोर कार्यवाही की जायेगी। शिष्टमंडल में जिला संयोजक के अलावा बलवंत सिंह, गुलजार सिंह, मुनेश्वर दयाल कठेरिया तथा शकील मंसूरी मौजूद रहे।

सही परामर्श सही इलाज

डा. कक्कड़
(बी.एच.एम.एस.)
09897052236

नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरूष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।

यदि आप
- मर्दाना कमजोरी
- शुक्राणु की कमी
- शीघ्रपतन

का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें

- जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
- क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।

डा.आर.पी. कक्कड़
110-सी, मॉडल टाउन, निकट बड़ा गुरूद्वारा, (इन्द्रापार्क के पास) बरेली
09897052236
www.drrpkakkarclinic.com
मिलने का समय प्रातः 10 से 5 बजे तक

भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
NH-24, बन्थरा, शाहजहांपुर (उ.प्र.)
Ph.: 7521001988, 7521001989

विशेष कैम्प 2 अक्टूबर से प्रारम्भ

मुफ्त परामर्श
मुफ्त आपरेशन दवाईयों का खर्चा अतिरिक्त
डिलीवरी एवं सिजेरियन मुफ्त सहयोग राशि 1000/- प्रति डिलीवरी
मुफ्त टीकाकरण
मुफ्त भर्ती व भर्ती मरीजों का
कलर अल्ट्रासाउण्ड 200/- रूपये, एक्स-रे 50/- रूपये मात्र, ECG 20/- रूपये मात्र व सिर का सी.टी. स्कैन 800/- रूपये मात्र सिर का एम. आर. आई. 2000/- रूपये मात्र
वाह्य रोगी विभाग की जांचों पर 50 प्रतिशत की छूट
मरीजों का रजिस्ट्रेशन मुफ्त
भर्ती मरीजों की जांचें 75% छूट पर
मोतियाबिन्द ऑपरेशन व लैंस मुफ्त
ओ.पी.डी. का समय सुबह 9 से 3 बजे तक
इमरजेन्सी 24 घंटे
ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे
दवाईयों में 20% छूट
कैम्प द्वारा भर्ती मरीजों का खाना मुफ्त

उपलब्ध विभाग एवं सुविधायें

अस्थिरोग विभाग
नेलिंग, प्लेटिंग, इन्टर लॉकिंग नेलिंग, जोड़ों का बदलना कूल्हे एवं घुटनें के जोड़ की आधुनिकतम सर्जरी।
सर्जरी विभाग
पेट के समस्त आपरेशन, कैंसर के जटिल ऑपरेशन, हार्निया, पित्त की थैली आदि के आपरेशन।
जच्चा बच्चा व स्त्री रोग विभाग
डिलीवरी की सुविधा, सिजेरियन, बच्चेदानी के ऑपरेशन
बाल रोग विभाग
नवजात शिशुओं एवं बच्चों की सभी प्रकार की बीमारियों की जांच व इलाज
मेडिसिन विभाग
पेट, जिगर रोड एवं पीलिया, तेजाब, अल्सर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग आदि।
नेत्र रोग विभाग
आंख की समस्त बीमारियों का इलाज व मोतियाबिन्द का ऑपरेशन।
नाक, कान, गला विभाग
नाक, कान एवं गले से सम्बन्धित बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन।
दन्त रोग विभाग
समस्त प्रकार के दांतों के रोग का इलाज
त्वचा रोग विभाग
त्वचा से सम्बन्धित बीमारियों का इलाज।
फिजियोथेरेपी विभाग
जोड़ों के दर्द, फालिज, नसों का सुन्नपन, रीढ़ की हड्डी की बीमारियों, गठिया आदि का इलाज।
छाती व सांस रोग विभाग
सांस टी.बी. की बीमारियों के लिए।
मस्तिष्क रोग विभाग
मिर्गी के दौरे तथा दिमागी परेशानी के लिये।
आई.सी.यू.
सभी विभाग में आई.सी.यू. अत्याधुनिक वैन्टीलेटरों के साथ गम्भीर मरीजों, एक्सीडेन्ट, पायजनिंग, दौरे व बेहोशी के मरीजों के लिए अत्याधुनिक गहन चिकित्सा कक्षा।
रेडियोलॉजी विभाग
सभी प्रकार के एक्स-रे अल्ट्रासाउण्ड, सी.टी.स्कैन, एम.आर.आई. एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध।

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
NH-24, ग्रा. बन्थरा, शाहजहांपुर

तीन दिन के बाद खुला अस्पताल मरीजों की लगी लंबी लाइनें

सोमवार को लगी लाइनें, तीन दिन से नहीं बैठ रहे थे चिकित्सक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : तीन दिन के बाद खुले जिला अस्पताल में मरीजों की लंबी लाइन लग गई। भारी भीड़ के बीच डॉक्टरों ने करीब नौ सौ से अधिक मरीजों को देख कर दवाएं लिखीं। दर्जनों गंभीर मरीजों को भर्ती किया गया। सुबह से दोपहर एक बजे तक अस्पताल की सभी ओपीडी मरीजों से भरी रही । दवा काउंटर पर भीड़ के आगे सुरक्षाकर्मी भी बेवस नजर आए।

दशहरा और रविवार के अवकाश के चलते जिला अस्पताल तीन दिन तक बंद रहा। हालांकि सुबह 11 बजे तक कुछ डॉक्टर ओपीडी में बैठे और मरीजों को देखा, रविवार को पूरे दिन अस्पताल में सन्नाटा पसरा रहा। बाहर गए चिकित्सक और कर्मचारी सोमवार को लौटे तो सुबह नौ बजे से ही पर्चा काउंटर से लेकर दवा काउंटर तक पर सैकड़ों की संख्या में मरीज लाइनों में लगे रहे। सोमवार को नौ सौ से अधिक मरीज देखे गए जिससे बुखार के छह सौ मरीजों को दवा दी गयी। अन्य में मलेरिया और टाइफाइड के मरीज सहित अन्य बीमारियों के मरीजों को देख कर दवा लिखी गयी। पूरा अस्पताल मरीजों से दोपहर दो बजे तक भरा रहा। बुखार के गंभीर मरीजों को भर्ती किया गया। पहले से वार्ड फुल होने के कारण मरीजों को अलग से बेड लगाए गए। हालांकि सभी भर्ती मरीजों को बेड पर ही रखा गया।

खून की जांच की मशीन खराब, मरीजों ने किया हंगामा

बदायूं,अमृत विचार : सोमवार को ब्लड रिपोर्ट लेने वालों को घंटों इंतजार करना पड़ा। सुबह दस से लेकर 11 बजे तक ब्लड रिपोर्ट मरीजों को दी गयी उसके बाद मशीन खराब हो गयी जिससे मरीजों को ब्लड रिपोर्ट नहीं मिल सकी। मरीज घंटों लाइन में लगने के बाद वापस लौट गए। सोमवार को तीन दिन के बाद अस्पताल खुला, इसलिए भीड़ अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक रही। मरीजो ने सुबह नौ बजे से ब्लड रिपोर्ट लेने को लाइन लगा ली। 11 बजे तक कुछ मरीजों को रिपोर्ट दी गयी उसके बाद ब्लड रिपोर्ट तैयार करने वाली मशीन अचानक बंद हो गयी। जिसके बाद मरीजों को ब्लड रिपोर्ट नहीं मिल सकी। करीब दो घंटो तक मरीज रिपोर्ट लेने को लाइन में लगे रहे। परेशान होकर वापस लौट गए। भीड़ अधिक होने के कारण आज कई बार हंगामा भी हुआ लेकिन बाद में शांत हो गया। ब्लड रिपोर्ट नहीं मिल पाने के कारण मरीजों को दवा भी नहीं मिल सकी।

एक जनवरी से शुरू होगी इंटर की परीक्षाएं

बदायूं,अमृत विचारः यूपी बोर्ड के साथ ही सीबीएसई द्वारा भी दसवीं और बारहवीं परीक्षाओं की तैयारी में जुट गया है। परीक्षा केंद्र प्रक्रिया के साथ ही प्रयोगात्मक परीक्षा की तैयारी की जाने लगी है। सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों में एक जनवरी से प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षाएं शुरू होंगी। जिसकी तैयारी पूरी करने के आदेश बोर्ड की तरफ से दिए गए हैं।

जिले में सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध शहर सहित उप नगरों में 25 स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के दस हजार से अधिक बच्चे पंजीकृत हैं। हाईस्कूल इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं एक जनवरी से शुरू होंगी। जिसमें प्रोजेक्ट व आंतरिक मूल्यांकन परीक्षाएं भी कराई जाएगी। जानकारी देते हुए सीबीएसई बोर्ड की जिला समन्वयक पवित्रा यादव ने बताया कि के स्कूलों को हाई स्कूल इंटरमीडिएट विद्यार्थियों की अंतिम सूची तैयार करने के लिए कहा गया है।

एसडीएम के आश्वासन के बाद भी कांग्रेस का धरना जारी

एसडीएम को ज्ञापन देते अजीत सिंह यादव व अन्य कांग्रेसी। ● अमृत विचार

संवाददाता, ककराला

- धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम सदर, अजीत यादव से की वार्ता

अमृत विचार : नगर व आसपास की विभिन्न समस्याओं को लेकर शुरू किया गया कांग्रेस का धरना सोमवार को आठवें दिन भी जारी रहा। एसडीएम सदर धरना स्थल पर पहुंचे, कांग्रेसियों ने उन्हे ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के निस्तारण की मांग की। एसीएमओ ने आश्वासन दिया कि सीएचसी पर एक डॉक्टर और एक फार्मासिस्ट चौबीस घंटे तैनात रहेगा। उक्त आश्वासन के बाद भी कांग्रेसियों ने धरना खत्म नहीं किया।

एसडीएम सदर मोहित कुमार ने सभी मांगों के समाधान का आश्वासन दिया और धरना समाप्त करने की अपील की। कांग्रेस के प्रदेश सचिव अजीत यादव ने धरनास्थल पर मौजूद सैकड़ों लोगों से एसडीएम की धरना समाप्ति की अपील पर राय मांगी। लोगों ने एक स्वर में समस्याओं के समाधान तक धरना जारी रखने की बात कही। कांग्रेसियों ने कहा कि समस्याओं के समाधान तक धरना जारी रहेगा। ककराला और आस पास के दर्जनों ग्रामों के सैकड़ों लोग रोज धरने पर पहुंच रहे हैं। नगर पालिका के चेयरमैन इंतखाब सकलैनी, महबूब सकलैनी, फीरोज खान, लाल मुहम्मद अंसारी ठाकुर ओमकार सिंह, अनिल यादव, हाजी नुसरत अली, डॉ. राम रतन पटेल, दीपक मिश्रा, शफी अहमद बफ़ाती मियां , अकबर डंपी, समेत दर्जनों लोगों ने धरनास्थल पर मौजूद रहे।

गंदरौली में पहुंची वन विभाग की टीम, तीन पर दर्ज हुई रिपोर्ट

संवाददाता, उघैती

अमृत विचार : उघैती थाना क्षेत्र गांव गंदरौली में सागौन के लगभग 100 पेड़ लकड़ी माफिया ने काट लिए पेड़ काटने का वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गयी। वन विभाग की टीम ने क्षेत्र के ही तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

क्षेत्र के ग्राम गंदरौली में दो दिन पूर्व लकड़ी माफिया ने सागौन के करीब सौ पेड़ दिन में काट लिए। पेड़ काटने का किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। सोमवार को बिसौली रेंज की वन विभाग की एक टीम मौके पर पहुंच गयी। टीम ने सागौन के काटे गए पेड़ों की जड़ें देखी। ग्रामीणों से बात की जिसके बाद तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। वन विभाग बिसौली के कर्मचारी उमाकांत सक्सेना ने बताया कि तीन लोगों के खिलाफ पेड़ काटने को लेकर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

अनियंत्रित वाहन ईटों की चट्टान से टकराया पांच लोग घायल

उघैती ,अमृत विचार : क्षेत्र के गांव चाची पुर अल्लीपुर रोड पर एक ईको गाड़ी अनियंत्रित होकर ईटों की चट्टान से टकरा गयी। जिसमें लगभग 5 लोग घायल हो गये।

घायलों में आदेश पुत्र ओंकार उम्र 15 वर्ष, पुष्पा मणि उम्र 12 वर्ष, आदित्य उम्र 5, लक्ष्मी 25 वर्ष, राम बहादुर 45 वर्ष, गंभीर रूप से घायल हो गये।सभी घायलों को स्थानीय सीएचसी पर भर्ती कराया गया है।

चायनीज लहसुन पर रोक, छापा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचारः चायनीज लहसुन की तलाश में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि संरक्षण विभाग द्वारा मंडी में आढ़तियों की दुकानों पर छापा मारा। अधिकारियों को लहसुन की बिक्री होते नहीं मिली। अन्य मंडियों भी लहसुन की तलाश की जाएगी।

चायनीज लहसुन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। उसकी बिक्री पर उच्च न्यायालय द्वारा प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके बाद भी बाजारों में चायनीज लहसुन की बिक्री हो रही है। शासन से मिले आदेश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि संरक्षण विभाग के अधिकारियों ने अभिहित अधिकारी सीएल यादव के नेतृत्व में ककराला रोड़ स्थिति मंडी समिति में पहुंचकर आढ़तियों के यहां छापा मारा। अधिकारियों ने लहसुन प्याज की बिक्री करने वाले आढ़तियों की दुकानों पर चायनीज लहसुन तलाश किया, परंतु उन्हें किसी भी दुकान पर लहसुन नहीं मिला।

ककराला रोड मंडी की दुकान में रखे लहसुन की जांच करते अभिहित अधिकारी

कैसा होता है चायनीज लहसुन

अभिहित अधिकारी सीएल यादव ने बताया कि चीनी लहसुन हल्के सफेद से लेकर गुलाबी रंग का होता है। चाइनीज लहसुन देसी के मुकाबले आकार में बड़ा और फूल की तरह खिला हुआ होता है। इसकी कलियां भी आम लहसुन से काफी मोटी होती हैं। देसी लहसुन की तुलना में इसकी सुगंध हल्की होती है। जबकि देसी लहसुन में तेज और तीखी गंध आती है। बताया कि चीनी लहसुन की खेती करने में लिए आधुनिक तकनीक से की जाती है। जिसमें केमिकल और कीटनाशकों का बड़ी मात्रा में इस्तेमाल किया जाता है। साथ ही चीनी लहसुन में सिंथेटिक पदार्थ भी होते हैं, जो खतरनाक होते हैं। जिसकी वजह से की बिक्री पर पाबंदी लगाई गई है।

एक नजर

खेत पर जा रहे युवक को मारी गोली, अस्पताल में भर्ती

बदायूं, अमृत विचार : थाना उसहैत क्षेत्र के गांव रिजोला में खेत पर जाते समय एक युवक को गोली मार दी गई। गोली युवक के कंधे पर लगकर गुजर गई। सूचना पर पुलिस पहुंची। मौके से तमंचा बरामद किया। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती किया गया है। उसहैत के थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि गांव निवासी ओमप्रताप सिंह ने सूचना दी थी कि वह सोमवार देर रात खेत पर अपने ट्यूबबेल पर जा रहे थे। रास्ते मे किसी ने उनपर फायर किया। गोली उनके कंधे से छूती हुई निकल गई है। पुलिस मौके पर पहुंची। पास में पड़ा तमंचा बरामद करके घायल को भर्ती कराया है। जांच शुरू कर दी है। सीओ उझानी शक्ति सिंह ने घायल के बयान दर्ज किए हैं

महिला ने चौकी प्रभारी पर लगाया आरोप

आसफपुर, अमृत विचार : थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने आसफपुर चौकी प्रभारी पर कमरे पर बुलाने का आरोप लगाया है। महिला ने बताया कि पति ने पिटाई करके निकाल दिया तो उसकी शिकायत करने चौकी पहुंची तो चौकी प्रभारी ने पत्र लेने से मना कर दिया और शाम को कमरे पर बुलाया।

बाजार में ऑटो, ई-रिक्शा की आवाजाही से हर तरफ लग रहा जाम

बाजार में ऑटो और ई-रिक्शा घुसने से दुकानदार परेशान, आवागमन बाधित, त्योहारी सीजन के चलते शहर में बढ़ रही भीड़

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : बाजार में भीड़ बढ़नी शुरु हो गई है और यातायात पुलिस ने अभी तक त्यौहार पर भीड़ नियंत्रण की कोई योजना तैयार नहीं की है। ई रिक्शा की बढ़ती तादात जाम लगाने का मुख्य कारण है। आटो ई रिक्शा के बेरोकटोक बाजार में प्रवेश कर कहीं से भी सवारी बैठाने के चलन ने बाजार में हर समय जाम की स्थिति पैदा कर दी है। इससे खरीदारी को आ रही जनता के साथ बाजार में दुकानदार भी परेशान हैं।

दीपावली का त्योहार नजदीक आ रहा है। लोग बाजारों से सामान खरीद रहे हैं। लेकिन अब बाजारों में ग्राहकों और दुकानदारों को ई रिक्शा और ऑटो बड़ी समस्या बनने लगे हैं। सवारियों को लेकर ई रिक्शा मुख्य बाजारों में घुस रहे हैं जिससे लोगों को निकलने में भारी दिक्कत हो रही है। शहर के चारो दिशाओं से ई रिक्शा शहर के अंदर आ रहे हैं।

रोडवेज की ओर से गोपी चौक को जाने वाली सड़क पर ई रिक्शा जाम लगा रहे हैं। सोमवार को करीब दो घंटे तक गोपी चौक जाम से जूझता रहा। बाहर से आने वाले लोग जाम में फंसे रहे। दातागंज की ओर से आने वाले ऑटो और ई रिक्शा भी शहवाजपुर और गद्दी चौक होते हुए शहर के अंदर आ रहे हैं। बिसौली रोड से आने वाले ऑटो नवादा होते हुए टिकट गंज आकर रुकते हैं वहां से मुख्य बाजार शुरू हो जाता है। उसावां और उसहैत रोड से आने वाले आटो भी रोडवेज होते हुए शहर के मुख्य बाजार तक आते हैं।

लालपुल की ओर से आने वाले ई रिक्शा मथुरिया चौक से होते हुए मुख्य बाजार में घुस रहे हैं। इन वाहनों के कारण बाजार आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन पुलिस प्रशासन ने अभी तक ऑटो और ई रिक्शा को बाजार में जाने से नहीं रोका है जिससे सुबह से शाम तक बाजारों में पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। दुकानदारों का कहना है कि पुलिस को आटो ई रिक्शा शहर से बाहर ही रोक देना चाहिए जिससे किसी को परेशानी न हो। दुकान तक आने में ग्राहकों को परेशानी होती है।

शहर के गोपी चौक पर ई रिक्शों की लगी लाइन। ● अमृत विचार

नेहरू चौक पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

कांवड़ यात्रा के समय बेहतर थी व्यवस्था

करीब कांवर यात्रा के समय पुलिस प्रशासन द्वारा ऑटो और ई रिक्शा को शहर के बाहर रोकने की व्यवस्था की थी। तब मुरादाबाद की ओर से आने वाले आटो नवादा पर रोकने की व्यवस्था की गई थी।, दातागंज से आने वाले दातागंज चुंगी पर, उसहैत की ओर से आने वाले ऑटो ई रिक्शा मंडी समिति पर, जबकि बरेली की ओर से आने वाले ऑटो नवादा पर रोके जा रहे थे। पुलिस की इस व्यवस्था के बाद कुछ समय तक बाजार में ऑटो ई रिक्शा नहीं घुस पाए जिससे कांवर यात्रा के दौरान किसी को कोई समस्या नहीं हुई। यही व्यवस्था अब त्यौहार से पूर्व शुरु कर देनी चाहिए। अभी करवाचौथ का पर्व है। धनतेरस और फिर दिवाली की खरीदारी करने को भीड़ बढ़ेगी। यातयात पुलिस को बाजार में जाम रोकने की व्यवस्था पहले से ही करनी चाहिए।

चौराहों पर लगा रहता है जाम

शहर के गोपी चौक पर सुबह से शाम तक आटो ई रिक्शा की लाइन लगी रहती है फिर भी यहां पर ट्रैफिक व्यवस्था संभालने को कोई पुलिसकर्मी तैनात नहीं रहता है। मात्र एक होमगार्ड के सहारे डग्गामार वाहनों को रोकने का प्रयास किया जाता है। सुभाष चौक, टिकट गंज चौराहे पर भी पर्याप्त पुलिस बल नही रहता है जिससे आटो बाजारों में दौड़ते चलते जाते हैं।

त्योहार शुरू हो रहे हैं। लोग बाजार आ रहे हैं। लेकिन ई रिक्शा और ऑटो चालक सड़कों पर वाहन दौड़ रहे हैं। बाजरों में ऑटो के घुसने से आवागमन में दिक्कत हो रही है। **-असद**, दुकानदार

पुलिस प्रशासन की लापरवाही के चलते आटो ई रिक्शा शहर के अंदर घुस रहे हैं जिससे दुकानों तक ग्राहक नहीं पहुंच पा रहे हैं। गांव देहात से आने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही है। **-राम किशोर साहू**, दुकानदार

हर त्यौहार पर शहर में ऐसी ही स्थिति बन जाती है। ई रिक्शा बाजारों में आ रहे हैं। पटरी पर बैठने वाले छोटे दुकानदारों का रोजगार चौपट हो रहा है। इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। **-संजीव साहू**, दुकानदार

किसी भी चौराहे पर पुलिस व्यवस्था नहीं है जिससे बाहरी वाहन शहर के अंदर घुस रहे हैं। त्योहारों पर आटो दुकानदारी प्रभावित करते हैं। लेकिन इस अव्यवस्था पर अंकुश लगाने वाला कोई नहीं है। **-आकिब**, दुकानदार

पति पर दर्ज कराई धोखाधड़ी की रिपोर्ट

बदायूं, अमृत विचार : एक महिला ने अपने पति पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। कोर्ट ने सुनवाई की। आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया। सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

आवास विकास कॉलोनी निवासी नीतू मिश्रा ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनकी शादी साल 2007 में थाना अलापुर क्षेत्र के गांव गौतरा निवासी आमोद मिश्रा के साथ हुई थी। उनके पति ऑप्टीकल इंजीनियरिंग के नाम से एक कंपनी चलाकर कैमिकल का व्यापार करते हैं। इसके अलावा ब्लिट्ज कैमिकल्स के नाम से अपनी मां रामस्नेही मिश्रा, प्रतिमा को कंपनी में पार्टनर बनाया है। पति ने नीतू से कागजों पर हस्ताक्षर करा लिए। ब्लिट्स कैमिकल्स इंडिया नाम से एक और कंपनी रजिस्टर कर ली। नीतू को कंपनी का प्रोपराइटर बना दिया। आमोद ने पत्नी को मारपीट करके 18 अगस्त 2023 को घर से निकाल दिया। 26 नवंबर को जीएसटी विभाग की ओर से ई-मेल पर मैसेज आया कि उन्होंने कंपनी के टैक्स संबंधी विवरण के बाउचर उपलब्ध नहीं कराए हैं। नीतू ने वह मैसेज अपने पति को भेजा। आमोद ने उसका जवाब नहीं दिया। 18 अप्रैल 2024 को जीएसटी विभाग नीतू के खिलाफ मुकदमा निर्णीत कर दिया गया है।

पुलिस चौकी का किया घेराव, सीओ को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : निर्दोष लोगों पर पुलिस द्वारा झूठे मुकदमा दर्ज किए जाने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन असली ने जवाहरपुरी पुलिस चौकी का घेराव किया। भाकियू कार्यकर्ताओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए झूठे मुकदमे वापस लेने की मांग को लेकर सीओ सिटी को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ जिला अध्यक्ष केपीएस राठौर ने जवाहरपुरी पुलिस चौकी का घेराव किया। उन्होंने कहा कि पुलिस निर्दोष लोगों पर झूठे मुकदमे लगाकर जेल भेज रही है। सिविल लाइन क्षेत्र के ग्राम आमगांव निवासी रविंद्र सिंह पटेल और उनके भाई ओंकार सिंह व दुष्यंत सिंह के खिलाफ फर्जी 129 जी का मुकदमा दर्ज किया है। पैसा लेकर दोषी व्यक्ति को छोड़ दिया जाता है और निर्दोष को फंसा दिया जाता है। धीरेंद्र सिंह ने कहा किसानों के ट्यूबवेलों से सामान चोरी हो रहा है। डबल डेकर बसों से एक राज्य से दूसरे राज्य में अफीम डोडा की तस्करी की जा रही है। पुलिस मौन साधे बैठी है।

प्रदेश सचिव रविंद्र सिंह पटेल एवं उनके दोनों भाइयों के खिलाफ 129 जी के तहत दर्ज मुकदमा वापस लिया जाए। उक्त मांगों को लेकर सीओ सिटी संजीव कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर जसवीर यादव, पूनम गुप्ता, संजीव पटेल, सोनपाल सिंह, जमुना सिंह, सूरजपाल सिंह, अशोक सिंह, रामसेवक प्रधान, डॉक्टर साहब सिंह, ऋषभ चौधरी, धीरेंद्र पाल सिंह, शंकर लाल, फूलचंद, दिनेश गुप्ता, बच्चू लाल, रामचंद्र, बादाम सिंह, शिशुपाल सिंह, सुरजीत सिंह, महेंद्र सिंह पटेल, जसवीर सिंह, परवेज आलम सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

एसडीएम दातागंज का आदेश खारिज

बदायूं, अमृत विचार : चार साल पहले दातागंज के एसडीएम द्वारा अभियुक्तों के खिलाफ किए गए मुचलका पाबंद के आदेश को अपर सत्र न्यायाधीश ने निरस्त कर दिया। अधिवक्ता गजेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार एक अपील जनवरी 2024 को दायर की गई थी। इसमें दातागंज एसडीएम ने उसावां के गांव रावतपुर निवासी कृष्णवीर सिंह, कलक्टर, मुकेश और बबलेश को 18 नवंबर 2020 को एक-एक लाख रुपये का मुचलका पाबंद कर दिया था।

खनन करती ट्रॉली के नीचे दबकर मजदूर की मौत

इसी खेत पर मिट्टी उठाने के दौरान हुआ था हादसा। ● अमृत विचार

हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, म्याऊं

- ट्रॉली में मिट्टी भरने के बाद खेत में फंस गया था पहिया, नीचे से मिट्टी निकालने के दौरान हुआ हादसा

अमृत विचार : थाना उसावां क्षेत्र के गांव साड़ी के आसपास अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा है। रात में ट्रैक्टर-ट्रॉली से खनन होता है। सोमवार तड़के खनन करती ट्रॉली के पहिया से कुचकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मौका मुआयना किया। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

गांव साड़ी के पास खेतों से कई महीनों से मिट्टी का खनन किया जा रहा है। खेत से दिन-रात मिट्टी उठाई जा रही है। बताया जा रहा है कि सात से आठ सौ रुपये लेकर प्लाट का भराव के काम चल रहा है। सोमवार तड़के भी खेत से मिट्टी उठाई जा रही थी। गांव निवासी सुखवीर पुत्र सरनाम, घनश्याम पुत्र जानकी, अनार सिंह, साधु सिंह, अर्जुन (24) पुत्र नेत्रपाल मजदूरी कर रहे थे। वह ट्रॉली में मिट्टी भर रहे थे। मजदूरों ने बताया कि ट्रैक्टर मालिक ने साधु सिंह से कहा कि जब ट्रॉली मिट्टी से भर जाए तो ट्रैक्टर-ट्रॉली खेत से सड़क पर ले आना। साधु सिंह ट्रैक्टर चलाना कम जानते थे। ट्रॉली में मिट्टी भरने के बाद साधु सिंह ट्रैक्टर चलाने लगो। इसी दौरान ट्रॉली का पहिया मिट्टी में फंस गया तो साधु सिंह ने अर्जुन से पहिया के नीचे से मिट्टी हटाने को कहा। अर्जुन पहिया के नीचे से मिट्टी हटाने लगे। साधु सिंह ने एक्सीलेटर दिया तो अर्जुन पहिया के नीचे आ गए। पहिया से दबकर अर्जुन की मौत हो गई। साथ में काम कर रहे मजदूर उसे पहिया के नीचे देखते ही फरार हो गए। सूचना मिलने पर ट्रैक्टर मालिक मौके पर पहुंचा। ट्रॉली से मिट्टी उतारकर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर चला गया। अर्जुन के परिजन मौके पर पहुंचे। खेत पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। उसावां पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गई है।

मलेरिया के निकले 28 मरीज

बदायूं, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले भर के विभिन्न गांवों में 11 स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। इन शिविरों में लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें 27 मलेरिया पीवी के मामले सामने आए जबकि एक मरीज मलेरिया पीएफ का निकला। इन सभी मरीजों को गांव में ही दवा दी गयी। उधर मलेरिया विभाग ने इस्लाम नगर क्षेत्र के गांव राजपुर रोशन नगर में नाली में पल रहा लार्वा नष्ट कराया। गांव में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव कराया गया।

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
कोर्स
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
■ डी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ बी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866)
डॉ. रिचा गुप्ता (92105500404)
E-mail: rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
कोर्स
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
■ डिप्लोमा इन एक्स रे टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ डिप्लोमा इन एमआरआई टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ डिप्लोमा इन एमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ सर्टिफिकेट इन सैनिटेशन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866)
डॉ. रिचा गुप्ता (92105500404)
E-mail: bareillyrcps@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

पीटने से हुई थी किसान की मौत मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

पुलिस की गिरफ्त में किसान को बुरी से पीटने का आरोपी।

- खेत से गुजरने को लेकर शनिवार को खेत पर किसान से की थी मारपीट, इलाज के दौरान हुई मौत

अमृत विचार : दातागंज क्षेत्र के एक गांव में खेत से गुजरने, जाल रखने का विरोध करने पर एक व्यक्ति और उसके तीन बेटों ने किसान को बुरी तरह से पीटा था। इलाज के दौरान बरेली के अस्पताल में किसान की मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज मारपीट की रिपोर्ट तरमीम की है। आरोपियों की तलाश की जा रही थी। सोमवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

गांव चापरकौरा पुख्ता निवासी राजीव यादव ने बताया कि वह और उनके भाई तेजेंद्र यादव शनिवार दोपहर अपने खेत पर धान की फसल की कटाई कर रहे थे। दोपहर लगभग दो बजे गांव निवासी गांव बिहारीपुर निवासी धर्मपाल पुत्र टीकाराम, उसके बेटे महावीर, रूपराम, रामशंकर खेत से होकर गुजरे। वह लोग मछली पकड़ने रामगंगा नदी किनारे जा रहे थे। तेजेंद्र यादव ने उन लोगों का खेत से निकलने का विरोध किया था। धर्मपाल को उम्रकैद की सजा हो चुकी है। वह हाईकोर्ट से जमानत पर जेल से बाहर आया था। धर्मपाल और उसके बेटों ने मारपीट शुरू कर दी। तेजेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने घायल तेजेंद्र यादव को बरेली के अस्पताल में भर्ती किया गया था। राजीव की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। वहीं, रविवार को बरेली के अस्पताल में तेजेंद्र यादव की मौत हो गई थी। सोमवार को पुलिस ने बेलाडांडी से सलेमपुर जाने वाले मार्ग से धर्मपाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस बाकी आरोपियों की तलाश कर रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ, अपराध निरीक्षक कुलदीप कुमार, हेड कांस्टेबिल महेंद्र भार्गव, कांस्टेबिल अक्षय राठी, गौरव नागर और प्रीति सिसौदिया रहे।

बाजार से लौट रहे बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत, एक घायल

बदायूं, अमृत विचार : बाजार से लौटकर घर जा रहे बाइक सवारों को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। एक बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव नंदपुर निवासी हरिश्चंद्र (40) पुत्र सावंती अपने चचरे भाई रामौतार के साथ बाजार गए थे। वह दोनों साथ में बाइक से लौट रहे थे। रात लगभग आठ बजे रास्ते में गांव बागवाला के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां हरीश की मौत हो गई।

महिलाओं को खराब खाद्यान्न का हो रहा वितरण

डीएम नाराज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करतीं डीएम। ● अमृत विचार

अमृत विचार: आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों और महिलाओं में गुणवत्ताहीन खाद्यान्न और पोषाहार का वितरण हो रहा है। जिसका खुलासा स्वयं डीएम ने किया। उन्होंने अधिकारियों को वितरण के समय निरीक्षण कर गुणवत्ता परखने के आदेश दिए।

सोमवार को डीएम निधि श्रीवास्तव ने बाल विकास और आजीविका मिशन के अधिकारियों के साथ पुष्टाहार वितरण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों और महिलाओं को गुणवत्ताहीन खाद्यान्न और पुष्टाहार का वितरण किया जा रहा है। जिसकी लगातार शिकायतें उनके पास आ रही हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह आंगनबाड़ी केंद्रों और परियोजनाओं का आकस्मिक रूप से निरीक्षण कर गुणवत्ता को चेक करें। डीएम ने चने की दाल, सोयाबीन तेल तथा दलिया की आपूर्ति के सम्बंध में अफसरों से जानकारी ली तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। साथ ही पूरा विवरण उपलब्ध कराने का आदेश दिया। इस अवसर पर सीडीओ केशव कुमार, बृजेन्द्र शुक्ल, प्रमोद कुमारआदि रहे।

कोतवाली पुलिस ने प्रेमी जोड़े की मंदिर में कराई शादी

संवाददाता, उझानी

संतोषी माता मंदिर में प्रेमी जोड़े के साथ उनके माता पिता।

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र का एक प्रेमी युगल परिजनों से छुपकर कोतवाली पहुंचा। उसने कोतवाल से शादी कराने की गुहार लगाई। पुलिस द्वारा समझाने के बाद भी दोनों जिद पर अड़े रहे। इसके बाद पुलिस ने उनके परिजनों को बुला लिया। और आपसी समझौता कराकर पास ही संतोषी माता मंदिर में हिंदू रीति रिवाज से दोनों की शादी करवा दी गई। आ कोतवाल मनोज कुमार ने प्रेमी जोड़े को काफी समझाने का प्रयास किया, परंतु वह अपनी जिद पर अड़े रहे। उनकी जिद पर अड़े रहने पर कोतवाल ने लड़का और लड़की के माता पिता को कोतवाली बुला लिया। कोतवाल द्वारा प्रेमी युगल के माता पिता को शादी करने के लिए राजी कर लिया। इसके बाद पुलिस ने उनके माता पिता के साथ विदा कर दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सरबजीत सिंह था। अब मैंने अपना नाम बदलकर सरबजीत सिंह सन्धू रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **सरबजीत सिंह सन्धू पुत्र बलविंदर सिंह, निवासी ग्राम जीरा फार्म मैनाकोट तहसील कलीनगर जिला पीलीभीत।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र नवेद खान को दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगें। **निसारउददीन पुत्र शाहदीन, पक्का कटरा, आवंला, बरेली**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अप्रशस्तानि कार्याणि यो मोहादनुतिष्ठति।
स तेषां विपरिभ्रंशाद् भ्रंश्यते जीवितादपि ॥

जो मोह –माया में पड़कर अन्याय का साथ देता है, वह अपने जीवन को नरक–तुल्य बना लेता है।

संपादकीय

जागरूकता बढ़ाना जरूरी

वैश्विक भुखमरी सूचकांक में भारत इस वर्ष 127 देशों में 105वें नंबर पर है। इससे पता चलता है कि देश में कुपोषण की स्थिति बहुत गंभीर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कुपोषण का तात्पर्य किसी व्यक्ति की ऊर्जा एवं पोषक तत्व ग्रहण में कमी, अधिकता या असंतुलन से है। जबकि सूचकांक में पड़ोसी देश नेपाल 68, श्रीलंका 56 और बांग्लादेश 84वें नंबर पर हमसे आगे हैं। सिर्फ पाकिस्तान 109 वें रैंक के आधार पर हमसे भी पीछे है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स, भूख को मापने और ट्रैक करने का एक उपकरण है। यह यूरोपीय एनजीओ ऑफ कंसर्न वर्ल्डवाइड और वेल्टहंगरहिल्फ़ द्वारा तैयार किया जाता है। चिंता की बात है कि रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि इस मुद्दे से निपटने के उपायों में अधिक प्रगति के अभाव में दुनिया के कई सबसे गरीब देशों में भूख का स्तर कई दशकों तक उच्च बना रहेगा। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में पांच वर्ष से कम आयु के 35.5 प्रतिशत बच्चे स्टंटिंग के शिकार हैं। 19.3 प्रतिशत बच्चे वेस्टिंग के शिकार हैं। 32.1 प्रतिशत बच्चे अल्प-वजन के शिकार हैं। तीन प्रतिशत बच्चे अति-वजन के शिकार हैं। यह ऐसी स्थिति है जो किसी व्यक्ति के आहार में ऐसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों के अपर्याप्त सेवन से उत्पन्न होती है जो स्वास्थ्य, वृद्धि एवं विकास के लिए आवश्यक होते हैं। कुपोषण का मुद्दा देश में सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक भिन्नताओं के जटिल मिश्रण से जुड़ा हुआ है। कुपोषण मानव पूंजी के विकास में बाधा उत्पन्न करता है, जिससे आर्थिक और सामाजिक प्रगति की संभावना सीमित हो जाती है। कुपोषण के कारण बाल्यावस्था और वयस्कता दोनों में कार्य उत्पादकता में कमी आ सकती है, जिससे देश का समग्र आर्थिक उत्पादन प्रभावित हो सकता है। इस व्यापक समस्या की बहुमुखी प्रकृति पोषण संबंधी संकेतकों में आगे और गिरावट रोकने के लिए तत्काल ध्यान देने और समर्पित संसाधनों का निवेश करने की मांग रखती है।

हालांकि भारत ने 2000 के बाद से अपनी बाल मृत्यु दर में उल्लेखनीय रूप से सुधार किया है। इसके बाद भी बाल कुपोषण एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है, जिसमें दुबलापन और बौनापन दोनों ही खतरनाक रूप से उच्च स्तर पर हैं। देश में कुपोषण की चुनौती से निपटने के लिए पोषण अभियान, आंगनवाड़ी कार्यक्रम, और मिड-डे मील योजना चलाई जा रही है। फिर भी कुपोषण के उन्मूलन के लिए भारत को अपनी आबादी के स्वास्थ्य एवं सेहत को प्राथमिकता देनी चाहिए तथा इसमें निवेश करना चाहिए। इसके लिए सामाजिक जागरूकता बढ़ाना भी आवश्यक है।

किसे देनी पड़ रही है युद्ध की कीमत

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

इजराइल पंथी जेहादी लोग हमास के बारे में वही सवाल कर रहे हैं जो बहुराष्ट्रीय मीडिया कंपनियों ने रटा दिए हैं, या फिर शस्त्र उद्योग के मालिकों ने तय किए हैं। वे सवाल कर रहे हैं कि क्या हमास का समर्थन करते हो? यह सवाल ही ग़लत है। सवाल यह होना चाहिए कि क्या फिलीस्तीन जनता का समर्थन करते हो?

इजराइल सिर्फ एक राष्ट्र ही नहीं बल्कि झूठ की फैक्ट्री है। दुनिया के जन-माध्यम इस फैक्ट्री के ज़रख़रीद गुलाम हैं। इजराइल-अमेरिका मिलकर सारी दुनिया को अहर्निश झूठे मसलों और झूठे प्रचार अभियान में व्यस्त रखते हैं। 7 अक्टूबर को विश्व के प्रमुख मीडिया घरानों ने हल्ला किया कि हमास ने इजराइल पर हमला किया। इसे मीडिया ने उसी तरह मुख्य खबर बनाया जैसा कि एक ज़माने में इराक़ और सद्दाम हुसैन के पास जन-संहारक अस्त्र हैं, इसे मुख्य ख़बर बनाकर सारी दुनिया को ठगा और लूटा गया। इराक पर हमला करके उसके तेल के कुओं पर क़ब्ज़ा कर लिया गया और एक सुंदर राष्ट्र को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। पचास लाख से अधिक इराक़ी शरणार्थी बना दिए गए। सारे देश पर अमेरिका-नाटो की सेनाओं का कब्जा है पर आज तक इराक़ के जन-संहारक अस्त्रों का प्रमाण अमेरिका पेश नहीं कर पाया, उलटे सुरक्षा परिषद के जांच आयोग ने पाया कि इराक के पास कोई जनसंहारक अस्त्र नहीं है।

7 अक्टूबर को विश्व मीडिया में मुख्य ख़बर आई कि हमास ने इजराइल पर मिसाइलों से हमला किया है। इस प्रसंग में पहली बात यह कि गाजा पट्टी में शासन हमास का है लेकिन उसकी पूरी नाकेबंदी इजराइल ने की हुई है। गाजा पट्टी में इस्रायली नाकेबंदी के कारण वहां कोई भी चीज दाखिल नहीं हो सकती। चप्पे-चप्पे पर इस्रायली सैनिक रहते हैं। ऐसी अवस्था में इजराइल पर हमले के लिए हमास के अत्याधुनिक मिसायलें कहां से आईं? क्या वे गाजा पट्टी में इजराइल को हथियारों -मिसायलों का कोई ज़ख़ीरा मिला? मिसाइलों के लिए गोला-बारुद गाजा पट्टी में कहां से आया ? हमले किस ठिकाने से किए गए? इन सब सवालों पर मीडिया ध्यान ही नहीं दे रहा। साथ ही इजराइली पीएम से भी ये सवाल नहीं पूछे गए हैं।

इन दिनों युद्ध और राजनीति में झूठ सबसे बड़ा अस्त्र है। अमेरिका-इजराइल झूठ के प्रचार अभियान को संगठित करने में माहिर हैं। याद करें वह क्षण जब अमेरिका के विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने सुरक्षा परिषद में इराक के पास जन-संहारक अस्त्र हैं, यह सफ़ेद झूठ बोला था, सारी दुनिया को मीडिया के ज़रिए मनवा लिया गया कि इराक के पास जन-संहारक अस्त्र हैं। यह भी कहा गया कि अमेरिका के पास ठोस जासूसी सूचनाएं और उनके आधार पर उसने यह राय बनाई है। इस झूठ के विक्रेता के रुप में यहूदी और ईसाई फंडामेंटलिस्टों और उनके गिरोहों-बुद्धिजीवियों की मदद ली गई। लेकिन आज तक वे इराक़ में जन-संहारक अस्त्र खोजने में असफल रहे। लेकिन इस झूठ के अस्त्र से इराक तबाह कर दिया गया। इजराइल के द्वारा अभी तक कोई ऐसा प्रमाण पेश नहीं किया गया है हमास ने हमला कैसे? कहां से? और किस तरह युद्धास्त्र जुगाड़ करके किया?

इन दिनों युद्ध और राजनीति में झूठ सबसे बड़ा अस्त्र है। अमेरिका–इजराइल झूठ के प्रचार अभियान को संगठित करने में माहिर हैं। याद करें वह क्षण जब अमेरिका के विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने सुरक्षा परिषद में इराक के पास जन–संहारक अस्त्र हैं, यह सफ़ेद झूठ बोला था, सारी दुनिया को मीडिया के ज़रिए मनवा लिया गया कि इराक के पास जन–संहारक अस्त्र हैं। यह भी कहा गया कि अमेरिका के पास ठोस जासूसी सूचनाएं और उनके आधार पर उसने यह राय बनाई है। इस झूठ के विक्रेता के रुप में यहूदी और ईसाई फंडामेंटलिस्टों और उनके गिरोहों–बुद्धिजीवियों की मदद ली गई। लेकिन आज तक वे इराक़ में जन–संहारक अस्त्र खोजने में असफल रहे। लेकिन इस झूठ के अस्त्र से इराक तबाह कर दिया गया। इजराइल के द्वारा अभी तक कोई ऐसा प्रमाण पेश नहीं किया गया है हमास ने हमला कैसे? कहां से? और किस तरह युद्धास्त्र जुगाड़ करके किया?

7 अक्टूबर से आज तक इजराइल ने गाजा पट्टी पर अंधाधुंध बमबारी करके अकल्पनीय मानवीय तबाही मचाई है। लेकिन वे सामान्य सी बात नहीं बता पाए कि हमास के पास हथियार कैसे आए और हमला कहां से किया गया? इजराइल लगातार ईरान, फ़िलिस्तीन और हमास के ख़िलाफ़ झूठ का प्रचार करता रहा है। इस प्रचार अभियान में ईसाई और यहूदी गैंग सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। तथ्य गवाह हैं कि विगत 75 साल में इजराइल ने फिलीस्तीनियों के ख़िलाफ़ बर्बर और जनसंहारक कार्रवाईयां की हैं। इनमें हज़ारों फ़िलिस्तीनियों की हत्या की गई और लाखों को शरणार्थी जीवन जीने के लिए मजबूर किया है।

विगत 7 अक्टूबर 2023 से शुरु किया हमास का 'अल-अक्सा फ्लड ऑपरेशन' विश्व मीडिया के प्रौपेगैंडा का सबसे बड़ा अस्त्र है। इसका लक्ष्य है इजराइल की बर्बरता-नृशंसता को वैधता प्रदान करना। मीडिया ने इस ऑपरेशन के बारे में बड़े ही नाटकीय और हाहाकार मचाने वाली शैली में यह दर्शाने की कोशिश की है कि इजराइल पीड़ित है, निर्दोष है। सभ्य है। इस फ़्रेमवर्क में धड़ाधड़ मीडिया सामग्री परोसी जा रही है। यह प्रचार बुनियादी तौर पर गलत है।

असल में पीड़ित तो फिलीस्तीनी हैं। वे विगत 75सालों से इजराइली बर्बरता और कई जनसंहार के शिकार हुए हैं। इजराइल सभ्य राष्ट्र नहीं है। मीडिया के विभिन्न घरानों के फ़ुटेज जहां नरेटिव में इजराइली कहानी बता रहे हैं वहीं साथ ही फिलीस्तीनियों का नष्ट संसार भी दर्शा रहे हैं। बार-बार यह बात सामने आ रही है कि गाजा पट्टी में नागरिकों और रिहायशी बस्तियों पर बमबारी हो रही है। इसके साथ ही मीडिया के ज़रिए राजनीतिक ध्रुवीकरण और डिस-इनफॉर्मेशन अभियान भी चल रहा है। लेकिन इस युद्ध की क़ीमत किसे देनी पड़ रही है। युद्ध की क़ीमत फिलीस्तीन की जनता को देनी पड़ रही है।

फिलीस्तीन को लेकर हमारी जो विदेश नीति रही है। उसमें द्वि-राष्ट्र का सिद्धांत केन्द्र में रहा है। इसके अनुसार इजराइल और फिलीस्तीन दो राष्ट्र हैं। हमास इसे नहीं मानता। हमास तो फिलीस्तीन और इजराइल को मिलाकर विशाल इस्लामिक राष्ट्र बनाने की वकालत करता रहा है। भारत ने कभी इस धारणा को समर्थन नहीं दिया। दूसरी ओर अमेरिका-इजराइल नियंत्रित मीडिया कवरेज की विशेषता यह है उसमें जितने फ़ुटेज पत्रकारों के डिस्पैच के साथ आए हैं उनमें इजराइल के प्रति सहानुभूति पैदा करने की कोशिश की गई है। जबकि हक़ीक़त में इजराइल सहानुभूति का हक़दार नहीं है। इजराइल के प्रति मीडियाजनित सहानुभूति को इजराइल के यहूदी कट्टरपंथी शासक अपने हितों की रक्षा के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।

इजराइल पंथी जेहादी लोग हमास के बारे में वही सवाल कर रहे हैं जो बहुराष्ट्रीय मीडिया कंपनियों ने रटा दिए हैं, या फिर शस्त्र उद्योग के मालिकों ने तय किए हैं। वे सवाल कर रहे हैं कि क्या हमास का समर्थन करते हो? यह सवाल ही ग़लत है। सवाल यह होना चाहिए कि क्या फिलीस्तीन जनता का समर्थन करते हो?

फिलीस्तीन जनता एक ओर इजराइल के जुल्म की शिकार है वहीं दूसरी ओर गाजा पट्टी में हमास के चरमपंथ की क़ैद में है। फिलीस्तीनी जनता लोकतंत्र-धर्मनिरपेक्ष फिलीस्तीन राष्ट्र चाहती है। हमास उसकी पसंद नहीं है बल्कि हमास तो इजराइल-अमेरिका की सृष्टि है। हमास को फिलीस्तीन संघर्ष ने पैदा नहीं किया बल्कि हमास का जन्म फिलीस्तीन मुक्ति संघर्ष को नष्ट करने के लिए हुआ था। आज फिलीस्तीन की जनता दोनों ओर से परेशान और उत्पीड़ित है एक ओर चरमपंथी हैं दूसरी ओर इजराइल की फ़ासिस्ट सरकार है।

प्रसंगवश

भारतीय गौरवगान के ध्वजवाहक का जाना

रतन टाटा महज उद्यमी नहीं थे। वे दुनिया में भारतीय उद्यमिता और समग्र भारतीय गौरवगान के ध्वजवाहक थे। देश की पहली अपनी कार बनाने, बिना सरकारी मदद के पहला सुपर कंप्यूटर बनाकर दुनिया में छा जाने से लेकर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चाय कंपनी खरीदने जैसे गर्व के पल देने वाले रतन टाटा के निधन से भारतीय मेधा की अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने टाटा समूह की श्रेष्ठ परंपराओं का अनुपालन करते हुए दुनिया में स्वाभिमान के साथ भारतीय उद्यमिता का परचम लहराया। वे आम आदमी की चिंताओं को समझने वाले उद्यमी थे। 1995 में रतन टाटा टाटा समूह और टाटा मोटर्स के अध्यक्ष थे और उन्होंने एक पूर्ण भारतीय कार 'इंडिका' बनाने का एलान कर दिया। वस्तुतः इस कार का नाम, इंडिका, देश के प्रति गर्व की अनुभूति करने वाला था। 'इंडिका' को चमकदार डिजाइन के साथ भारतीय परिवारों के लिए पर्याप्त स्थान सृजित करने की रतन टाटा की चुनौती का सामना भी करना था और इसमें सफलता भी मिली। टाटा इंडिका का उत्पादन शुरू हुआ तो रतन टाटा स्वयं उस पर नज़र रख रहे थे। जबर्दस्त मांग के साथ 1998 में 'इंडिका' बाजार में उतरते ही छा तो गई किंतु कई समस्याएं भी सामने आईं। इनसे निपटने के लिए एक बार फिर रतन टाटा सामने आए और तत्काल आवश्यक सुधारों के कंपनी के प्रयासों को अपनी देखरेख में मूर्त रूप दिया। उनकी मेहनत सफल हुई और पुरानी इंडिका की सभी समस्याओं का समाधान कर वर्ष 2001 में एक नई, मजबूत इंडिका सामने आई। अब 'हर कार में कुछ ज्यादा और 18 महीने से भी कम समय में एक लाख कारें बेचकर यह भारतीय इतिहास में सबसे तेज बिकने वाली कार बन गई थी। विख्यात लेखक हरीश भट की किताब टाटा स्टोरीज़ में रतन टाटा ने कहा था, 'मेरी मजबूत धारणा थी कि हमारे इंजीनियर अंतरिक्ष में उपग्रह भेज सकते हैं, तो अपनी कार भी बना सकते हैं। ...और जब हमने यह चुनौती स्वीकार की, हम बाहर निकले और जहां से भी जरूरी लगा, विशेषज्ञता अर्जित की। इस कार में जो भी था, हमारा था। इस कारण मेरे लिए इंडिका एक राष्ट्रीय उपलब्धि का महत्वपूर्ण पल भी बनी।'

डॉ. संजीव मिश्र
कानपुर

रतन टाटा देशभक्ति के इसी भाव के साथ हर कदम पर आगे बढ़े। इक्कीसवीं सदी को भारत की सदी बताए जाने के बावजूद दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से 2007 तक, भारत के पास आईबीएम द्वारा विकसित डीप ब्ल्यू जैसा सुपर कंप्यूटर नहीं था, जिसने विश्व शतरंज चैंपियन गैरी कास्पोरोव को पराजित कर दिया था। यह शतरंज के बोर्ड पर संभावित 20 करोड़ स्थितियों का आंकलन एक सेकंड में कर सकता था। कुछ वर्ष बाद एक बार फिर आईबीएम द्वारा बनाए गए सुपर कंप्यूटर वाट्सन ने मनुष्यों के खिलाफ कठिन मुकाबले जीतने भी शुरू कर दिए। 1991 में बना भारत का पहला सुपर कंप्यूटर परम इस क्षेत्र के शीर्ष का हिस्सा कभी नहीं बन सका। रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह ने अब अपना, सबसे सशक्त सुपर कंप्यूटर बनाने की ठान ली थी। तय हुआ कि सुपर कंप्यूटर बनाया जाएगा और उसका नाम होगा 'एका', संस्कृत में जिसका अर्थ है, एक। यह नाम पहले स्थान पर रहने की इच्छाशक्ति का द्योतक था। संस्कृत शब्द के चयन के पीछे इस परियोजना में छिपा राष्ट्रीय गौरव का भाव मूल कारण था। समय के साथ यह सुपर कंप्यूटर 'एका' बनकर तैयार हुआ और 6 नवंबर 2007 में दुनिया भर के सुपर कंप्यूटर्स की रैंकिंग में चौथे स्थान से 'एका' ने एंट्री मारी। दुनिया की शीर्ष कंपनियों को खरीदकर भारतीय उद्यमिता का परचम लहराने के लिए भी रतन टाटा याद किए जाएंगे। चाय भले ही हर भारतीय की आत्मा में बसती हो, किंतु दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चाय कंपनी खरीद कर रतन टाटा ने पूरी दुनिया में डंका बजाया था। दरअसल टाटा समूह ने दुनिया के दूसरे सबसे बड़े टी बैग उत्पादक टेटली टी को खरीदने की पहली कोशिश 1990 में की थी और 1995 में तो टाटा समूह की एक शीर्ष टीम अधिग्रहण को मूर्त रूप देने लंदन भी पहुंच गई थी, किंतु तब बात नहीं बनी। रतन टाटा के नेतृत्व का ही करिश्मा था कि अंततः 2000 में यह चाय कंपनी टाटा की हुई और 27.1 करोड़ ब्रिटिश पौंड में हुआ टेटली टी को खरीदने का सौदा दुनिया भर के अखबारों की सुर्खियां बना। यह भारतीय कारपोरेट इतिहास का सबसे बड़ा अधिग्रहण था। टाटा समूह ने एक बार फिर इतिहास गढ़ा था।

सतत ऊर्जा का खजाना है जैव ईंधन

सीमा अग्रवाल
देहरादून

ऊर्जा के और विशेष तौर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की तलाश और विकास बेहद जरूरी है और विशेषज्ञ ऐसी स्थिति में जैव ईंधन को एक बेहतर विकल्प के रूप में देखते हैं।

जैव ईंधन ऐसे नवीकरणीय ऊर्जा भंडार है जो जैविक सामग्री जैसे कृषि फसलें, अवशेष, पशु वसा और कचरे से उत्पन्न होते हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि ऐसे तो बायोफ्यूल कई श्रेणियों में मिलते है लेकिन एथनॉल जिसका उत्पादन गन्ना, मक्का या अन्य स्टार्चयुक्त फसलों से किया जाता है और बायोडीजल जिसको पशुवसा, वनस्पति तेलों या शैवालो से बनाया जाता है सबसे आम जैव ईंधन है। पिछले कुछ वर्षों में इनका उत्पादन और उपयोग वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ा है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा फोरम के आंकड़े बताते है कि वर्ष 2030 तक वैश्विक स्तर पर जैव ईंधन की मांग 200 बिलियन लीटर तक हो जाएगी।

रिसर्च से ज्ञात हुआ है कि जैव ईंधन को पारंपरिक जीवाश्म ईंधन जैसे पेट्रोल और डीजल के साथ मिलाकर प्रयोग करने से कार्बन उत्सर्जन कम होता है जो बढ़ते वैश्विक तापन और जलवायु परिवर्तन को रोकने का अच्छा साधन है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने वर्ष 2018 में राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति बनाई जिसमे वर्ष 2025-26 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण (ब्लेंडिंग) का और डीजल में वर्ष 2030 तक 5 प्रतिशत बॉयोडीजल मिश्रण का लक्ष्य रखा। सरकार का अनुमान है कि इससे जीवाश्म ईंधन का आयात कम होगा और विदेशी मुद्रा कोष का संचय भी किया जा सकेगा। वर्ष 2013-14 में भारत 38 करोड़ लीटर एथेनॉल की आपूर्ति ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को करता था जो वर्ष 2023 तक आते आते 13 गुना बढ़ गया और वर्ष 2022-23 में भारत ने 502 करोड़ लीटर एथेनॉल की आपूर्ति तेल कंपनियों को की जिससे तेल के आयात पर होने वाले लगभग 24300 करोड़ की विदेशी मुद्रा बचाई जा सकी।

फरवरी 2024 में अंतराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने इलेक्ट्रिसिटी 2025 नाम से एक रिपोर्ट प्रकाशित की जिसमे कहा गया कि वर्ष 2023 तक भारत की बिजली की मांग सात प्रतिशतबढ़ चुकी है और अभी आगे इसी तरह से बढ़ते हुए वर्ष 2026 तक चीन को पार करके आगे निकल जाएगी। ऐसी स्थिति में ऊर्जा के और विशेष तौर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की तलाश और विकास बेहद जरूरी है और विशेषज्ञ ऐसी स्थिति में जैव ईंधन को एक बेहतर विकल्प के रूप में देखते हैं। जानकारों का मत है कि भारत जैसे कृषि प्रधान देश और पर्यावरण के प्रति चिंतित देश के लिए जैव ईंधन प्रयोग के कई लाभ होगें पहला तो बायो फ्यूल ग्रीन हाऊस गैस उत्सर्जन को कम कर देगा। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा किये गए एक अध्ययन से पता चला है कि बायोफ्यूल पारंपरिक जीवाश्म ईधनों की तुलना में ग्रीन हाऊस गैस उत्सर्जन को 90 प्रतिशत तक कम कर सकते है।

उदाहरण के लिए बायोडीजल पेट्रोलियम डीजल की तुलना में लगभग 78 प्रतिशत कम कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जित करता है जबकि एथेनॉल कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को 40-50 प्रतिशत तक कम कर सकता है। कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में निरंतर गिरावट होने से भारत वर्ष 2070 तक अपने नेट जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल कर सकेगा।

गौरतलब है कि जैव ईंधन प्रयोग से किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होगी और सरकार को किसानों की आय दुगुनी करने के लक्ष्य को पूरा करने में सफलता मिलेगी। बायोफ्यूल के इस्तेमाल से वनरोपण में इजाफा होगा और सतत कृषि करने की शुरुवात होगी जिससे जैव विविधता का संरक्षण होगा और तेजी से हो रहा प्रजातियों का विलुप्तीकरण रुकेगा।

जैव ईंधन के प्रयोग से वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी रिसर्च बताती है कि जैव ईंधन के दहन से सल्फर डाई ऑक्साइड, पार्टिकुलेट मेटर आदि प्रदूषकों का उत्सर्जन बहुत कम होता है इससे शहरी क्षेत्रों की वायु गुणवत्ता सुधारी जा सकती है।

जैव ईंधन के प्रयोग में तमाम चुनौतियों को देखते हुए विश्व की सभी सरकारें अंतराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर इन चुनौतियों से लड़ने को नई नीतियों, संगठनों और कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है इनमे वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (जी.बी.ए) उल्लेखनीय है जिसे भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान अक्टूबर 2003 में बनाया गया। यह गठबंधन अमेरिका, ब्राजील और भारत जैसे प्रमुख जैव ईंधन उत्पादक एवं उपभोक्ता देशों को एक साथ लाया है तथा 19 देश और 12 अंतर्राष्ट्रीय संगठन जी.बी.ए में शामिल होने की सहमति जता चुके हैं। अब देखना यह होगा कि भारत की अध्यक्षता में बना यह संगठन जैव ईंधन उत्पादन एवम विकास में आने वाली तमाम चुनोतियों को हल करके बायो फ्यूल को सतत ऊर्जा का खजाना बना पाएगा या नहीं।

सोशल फोरम

जीवन यापन की व्यवस्था

हमारे देश में जीवनयापन की तीन व्यवस्था उपलब्ध है-संयुक्त परिवार, एकल परिवार तथा एकाकी जीवन। संयुक्त परिवार जीवनयापन की अत्यंत सुरक्षित और सुविचारित व्यवस्था है, नुकसान कम-फायदे अधिक। जबकि एकल परिवार में रहना चुनौतीपूर्ण होता है, बेशक जिम्मेदारियां कम रहती हैं लेकिन संकट आने पर सहारे भी कम हो जाते हैं। वहीं पर एकाकी जीवन वह विकल्प है जिसमें मनुष्य अपनी शैली में जीता है, जो चाहता है- करता है और जो नहीं चाहता उसे न करने के लिए स्वतंत्र रहता है। यह शैली पारिवारिक दायित्वों से मुक्त रहती है और अक्सर सामाजिक दायित्वों से जुड़ती है। मुझे 37 वर्षों तक संयुक्त परिवार में रहने का अवसर मिला, उसके पश्चात अब तक एकल परिवार में हूं। मैंने संयुक्त परिवार में अपने जीवन का सर्वाधिक समय बिताया जिसमें मुझे निम्न कमियां नज़र आईं-मनुष्य को अपनी क्षमता और प्रतिभा को विकसित करने के अवसर कम मिलते हैं। जो भी उम्र में बड़ा होता है वह अपने निर्णय को लागू करवाने के लिए प्राधिकृत होता है, कम उम्र वालों की बात नहीं सुनी/मानी जाती। जिसके हाथ में परिवार का आर्थिक नियंत्रण रहता है वह अप्रत्यक्ष रूप से 'अपने एकल परिवार' की व्यवस्था बनाता है और संयुक्त परिवार के अन्य सदस्यों के हितों की उपेक्षा करता है।

द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

जीवनयापन करना कोई कठिन बात नहीं है, जिसने पेट दिया है- वह उसे भरेगा भी! कोई भी मनुष्य जीवन को यूं ही नहीं जीना चाहता। सबके अलग-अलग सपने होते हैं, लक्ष्य होते हैं, अभिलाषाएं होती हैं जिन्हें हासिल करने के लिए वह कोशिश करना चाहता है- हासिल हो, न हो ! मैं परिवार से मिल-जुल कर जीना चाहता था जिसमें मेरी खुशियां भी साथ में रहना और जीना चाहती थी। अंततः समझ में यह आया कि यदि अपनी मस्ती में जीना चाहते हो, स्वतंत्र होकर रहना चाहते हो तो संयुक्त परिवार आपके लिए सही 'प्लेटफार्म' नहीं है, उससे अलग हो जाना चाहिए। अगर सार्वजनिक जीवन जीना चाहते है तो 'परिवार व्यवस्था' से ही दूर हो जाना चाहिए जैसा साधु-संन्यासी या सेवाभावी करते हैं।

-फेसबुक वॉल से

भाषा-बोली के बारे में

'हरि अनंत हरि कथा अनंता' की भांति भाषा-बोली की कथाएं भी अनंत है। 'कोस-कोस पर पानी बदलेः चार कोस पर बानी', वाले भारत में तो इनकी कथाएं अनंत से भी अधिक हैं। जैसे कुदरत के खेल निराले होते हैं, वैसे ही भाषा के बोल निराले होते हैं। किसी भी भाषा या बोली के किसी शब्द विशेष की विचिकित्सा एवं विश्लेषण में बुद्धि भी प्रखर बनती है और अनिर्वचनीय आनंद की भी प्राप्ति होती है।

हमें ज्ञान प्रदान कराने वाली सभी भाषाएं शिशुओं को स्तनपान कराने वाली माताओं के समान हैं। हमें सभी भाषाओं का सम्मान करना चाहिए, भले ही वह हमारे वैचारिक या सांस्कृतिक विरोधी की ही भाषा क्यों न हो।

हर भाषा के शब्दों में यत्किंचित विलक्षणता पाई जाती है। हम हिंदी के 'राम' शब्द को ही लें। 'र' और 'म' मात्र दो अक्षरों से बनने वाले, 'राम' शब्द का उपयोग ईश्वर के नाम या भगवान के पर्यायवाची, 'राम' के रूप में हो, संबोधन-अभिवादन के अर्थ में, 'राम-राम' के रूप में हो, संसार की नश्वरतासूचक अंतिम उद्बोधनस्वरूप, 'राम नाम सत्य' नामक उद्घोष के रूप में हो, 'रमता जोगी' की कहावत के रूप में हो, अथवा 'रमा' के रूप में हो, हर रूप में रम्य है। यह शब्द की रम्यता-कम्यता किसी भी भाषा के समान ध्वनि सूचक शब्द से नहीं की जा सकती। इसी प्रकार अन्य भाषाओं में अनेक ऐसे शब्द हो सकते हैं, जिनकी विलक्षणताएं दूसरी भाषाओं के उसी ध्वनि-साम्य के शब्दों में नहीं खोजी जा सकती। उदाहरण के लिए, उर्दू के शब्द, 'चाहिए' को देखना चाहिए। 'चाहिए' शब्द 'चाह', जिसे हिंदी में,' इच्छा' 'आकांक्षा' या फिर 'आवश्यकता' और इंग्लिश में 'वान्ट' 'लांग' या फिर 'नीड' कह सकते हैं, से बना है। जब हम कहते हैं, 'आपको कार्यक्रम में जाना चाहिए', तो इसका भावार्थ यह होता है, कि लोग चाहते हैं कि उस कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति हो, वहां आपका पहुंचना लोगों की चाहत है, आपका वहां पहुंचना लोगों को अच्छा लगेगा, जब तक आप नहीं पहुंचेंगे कार्यक्रम में कमी बनी रहेगी तथा कार्यक्रम मंश या कार्यक्रम को आपकी जरूरत है इत्यादि-इत्यादि। 'चाहिए' के आकर्षण के कारण ही इसे हिंदी वाले भी अपना कंठहार बनाए हुए हैं। यह शब्द हिंदी में इतना घुल-मिल गया है, कि इस अकेले शब्द को हिंदी-प्रयोग से निकाल दिया जाए, तो हिंदी का संपूर्ण कार्य-निष्पादन अपूरणीय क्षति तक बाधित हो जाएगा। इसी प्रकार उर्दू का ही शब्द, 'हालांकि' है। इसे हिंदी में 'यद्यपि' तथा इंग्लिश में 'आलदो' कहते हैं, पर जितनी आनंददायक विलक्षणता 'हालांकि' में है,उतनी अन्य किसी में नहीं है। हालांकि 'आलदो' की तुलना में 'यद्यपि' (यदि+अपि) भी अधिक विलक्षण है। 'हालांकि' में समाहित भावगत विलक्षणता को देखिए-यह शब्द एक अक्षर वाले, 'हां', 'ला' तथा 'कि' शब्दों से बना है। इन तीनों ही एकाक्षर शब्दों के भिन्न-भिन्न विलक्षण अर्थ हैं। 'हां' सकारात्मकता तथा 'ला' नकारात्मकता सूचक है। (उर्दू में 'ना' के लिए,'ला' शब्द आता है। लामकां, लापता इत्यादि) और 'कि' शब्द से बात शुरू की जाती है। वार्तालाप में 'हालांकि' शब्द का प्रयोग (भी) उस विचित्र स्थिति में किया जाता है, जब बात को कहने की जरूरत होती है, पर कहते हुए बनता भी नहीं है और अंततः बात को 'कि' से शुरू भी करना पड़ता है।



ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

सूचना के अधिकार का प्रचार-प्रसार

सूचना अधिकार अधिनियम को लागू हुई इसी माह में 19 वर्ष हो चुके हैं, जिसके माध्यम से आम जनता को सरकारी/अर्द्ध सरकारी विभागों से आवश्यक जानकारियां, जनहित की जानकारियां एवं भ्रष्टाचार को उजागर करने में महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त होती रही हैं। सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के माध्यम से तमाम आरटीआई कार्यकर्ताओं ने जहां जनहित के मुद्दे उठाकर एवं विभागों से अलग-अलग तरीके के भ्रष्टाचार की पोल खोली है, वहीं दुर्भाग्य से कुछ हमारे आरटीआई कार्यकर्ता सूचना अधिकार के माध्यम से प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से ब्लैकमेलिंग करते हुए गैरकानूनी आमदनी भी कर रहे हैं, जिसे किसी भी दिशा में उचित एवं स्वीकार योग्य नहीं कहा जा सकता।

हाल में ही उत्तराखंड के राज्यपाल द्वारा लोक सूचना अधिकारी एवं अपील अधिकारियों को राजभवन में सम्मानित किया गया। जनहित के मामले उठाने वाले, आरटीआई कार्यकर्ताओं को सम्मानित किए जाने से चाहिए जहां एक ओर कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ेगा वहीं दूसरी ओर ईमानदार कार्यकर्ता जोर-शोर से जनहित के मामले उजागर करने में अपनी सक्रियता दिखाएंगे।



डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी
हल्द्वानी

आज आवश्यकता इस बात है कि हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के पाठ्यक्रम में सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की विषय वस्तु को शामिल किया जाए। युवाओं को इसके बारे में जानकारी दी जाए, ग्रामीण क्षेत्रों में इसका प्रचार प्रसार किया जाए, ताकि सूचना अधिकार अधिनियम 2005 ,जिस उद्देश्य के लिए लागू किया गया, धरातल पर वह अपने उद्देश्यों और अपने दायित्व के प्रति सफल साबित हो सके। हम सब जानते हैं कि सूचनाओं का आदान-प्रदान आवश्यक है, इससे जवाब देय और जिम्मेवार व ईमानदार शासन प्रशासन की स्थापना होती है। तमाम सरकारी अधिकारी और कर्मचारी ईमानदारी के साथ जिम्मेदारी के साथ जहां कार्य करते हैं, वहीं सरकारी कागजों पपत्रों का रखरखाव भी व्यवस्थित तरीके से संपन्न होता है। जरूरी है कि सूचना अधिकार का प्रचार/प्रसार ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष वरीयता के साथ किया जाए।

एक नजर

पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजा

जलेसर अमृत विचार : कोतवाली पुलिस के द्वारा चलाए गए घर पकड़ अभियान के अंतर्गत कोतवाली पुलिस के द्वारा पॉक्सो एक्ट में वांछितअभियुक्त रंजीत कुमार निवासी गांव गड़ी भूपाल थाना पचोखरा जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा। कोतवाली प्रभारी डॉक्टर सुधीर राघव ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव की नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाकर दुष्कर्म किए जाने का मामला दर्ज किया गया था। अभियोग पंजीकृत किए जाने के उपरांत से उक्त आरोपी फरार चल रहा था।

मोहम्मद शाह वली की मजार पर उर्स शुरू

अवागढ़, अमृत विचार : एटा मार्ग स्थित हजरत मियां मोहम्मद शाह वली की मजार पर 189वां चार दिवसीय उर्स सोमवार की शाम शुरू हुआ। उर्स में 15 अक्टूबर को मुख्य अतिथि के रूप में सीतापुर के सांसद राकेश राठौर तथा जलेसर क्षेत्र के पूर्व विधायक रणजीत सुमन भाग लेकर कव्वाली के मुकाबले का उद्घाटन करेंगे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस के साथ ही पीएसी बल को तैनात किया गया है। मेला कमेटी अध्यक्ष इकलाख खान गुड्डू के अनुसार अंतिम दिन 17 अक्टूबर को कव्वालियों का महा मुकाबला गुलाम हबीब पेंटर अलीगढ़ और शहनाज वारसी आगरा के बीच होगा।

हाथों की साफ सफाई ही स्वस्थ्य सेहत का मूल मंत्र

कासगंज, अमृत विचार : डॉ. कृष्ण अवतार कहते हैं कि हाथ धोने की आदत पेट और सांस से जुड़ी बीमारियों का रिस्क 30 प्रतिशत तक कम कर सकती है। अक्सर संक्रमण होने पर एंटीबायोटिक्स लेने की सलाह दी जाती है। हालांकि, कई अध्ययन में बताया गया है कि ज्यादा एंटीबायोटिक्स के सेवन से एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस के केस बढ़ रहे हैं। ऐसे में हाथों की स्वच्छता का ध्यान रखकर बीमारियों से बचने के साथ ही एंटीबायोटिक्स का सेवन कम कर सकते हैं। हाथ धोने की आदत बीमरियों से बचाव का हिस्सा माना जाता है। इस आदत को अपनी दिनचर्या में शामिल कर आप कई तरह की संक्रामक बीमारियों को फैलने से रोक सकते हैं। हाथों की साफ-सफाई पानी और साबुन से अच्छी तरह करनी चाहिए। हैंड सैनिटाइजर का इस्तेमाल कर सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट भी हर उम्र के लोगों को यह आदत अपनाने की सलाह देते हैं। बच्चों को इसके लिए प्रेरित करे ताकि उनकी आदत बन जाए।

शादी का टेंट उतार रहे युवक पर जर्जर दीवार गिरी, मौत

गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया

संवाददाता,एटा

अमृत विचार : बागवाला थाना क्षेत्र के परसोंन गांव में एक शादी समारोह के बाद टेंट उतारे समय एक जर्जर मकान की दीवार गिरने से एक 26 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। हादसे में तीन अन्य लोग भी घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मृतक मुरारीलाल।

बागवाला थाना क्षेत्र के परसोंन गांव में सर्वेश कुमार के घर पुत्री की शादी के लिए टेंट लगाया गया था। समारोह रविवार की रात भर चला और सोमवार को सुबह बरात वापस लौट गई। इसी बीच, टेंट का काम कर रहे मुरारी लाल (26) पुत्र भूरे निवासी ग्राम सोंसा, सोमवार को सुबह लगभग 7:45 बजे जब टेंट खोल रहा था, तभी गांव के मुन्नालाल के मकान की जर्जर दीवार अचानक भरभराकर गिर गई।

इस हादसे में मुरारी लाल के साथ तीन अन्य लोग भी मलबे में दब गए। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने सहायता के लिए दौड़ लगाई और मलबे से मजदूर को बाहर निकाला। सभी को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने मुरारीलाल को मृत घोषित कर दिया। हादसे में दो बच्चे और एक महिला भी घायल हुई है। जिनका बागवाला स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मुरारी लाल टेंट लगाने का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है और वे शोक में डूबे हुए हैं। थाना प्रभारी संजय राघव ने बताया कि सुबह की इस दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने पुष्टि की कि मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

सड़क हादसे में फिरोजाबाद के वृद्ध की मौत

अवागढ अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एटा से फिरोजाबाद जाते समय वाहन की टक्कर लगने से वृद्ध की मौत हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में करने के पश्चात पंचनामा की औपचारिकता पूर्ण करते हुए पोस्टमार्टम कराया है। जनपद फिरोजाबाद के थाना नारखी क्षेत्र के गांव ओखरा निवासी अशोक (60) पुत्र नेकराम रविवार की रात अवागढ़ से गांव के लिए जा रहे थे। इसी समय वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने उन्हें स्वाथ्य केंद्र पर भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। खबर लगते ही परिजन एटा पहुँच गए। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराया है।

एसएसपी ने रामलीला मैदान में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

एटा ,अमृत विचार : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्याम नारायण सिंह ने मलीला मैदान का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने मेला ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों से बातचीत की और सुरक्षा व्यवस्था का हाल-चाल लिया। पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एसएसपी ने कहा, इस तरह के आयोजनों में भीड़-भाड़ होती है, इसलिए हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी लोग सुरक्षित रूप से मेला का आनंद उठा सकें। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि वे सतर्क रहें और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तैयार रहें।उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस को चाहिए कि वे आम जनता से संवाद करें, ताकि लोग पुलिस के प्रति विश्वास महसूस कर सकें।

सैनिक पड़ाव स्थित रामलीला मैदान में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसएसपी

जलेसर में डीएपी के लिए गोदाम के बाहर लगीं किसानों की कतारें

संवाददाता,जलेसर

अमृत विचार : ज आलू, गेहूं और सरसों की बुवाई का समय नजदीक आते ही किसानों के सामने डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) का गंभीर कमी का संकट उत्पन्न हो गया है। सरकारी गोदामों में डीएपी नाम मात्र रह गई है, जिसके चलते किसान रात्रि में गोदामों के बाहर डेरा डालने को मजबूर हो रहे हैं।

किसानों का कहना है कि कई दिनों से वे डीएपी के लिए गोदामों के बाहर कतार में खड़े हैं, लेकिन उन्हें समुचित मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है। किसानों को केवल दो से तीन बैग डीएपी मिल रही है, जिससे काम नहीं चल पा रहारा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि कृभको (कृषि एवं खाद्य संगठन) द्वारा डीएपी की कोई कमी नहीं है और खाद का वितरण निरंतर चल रहा है। अधिकारियों ने किसानों से संयम बरतने की अपील की है।

डीएपी लेने किसानों की उमड़ी भीड़, पुलिस ने संभाली स्थिति:

एटा, अमृत विचार : कस्बा सकीट क्षेत्र में डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) खाद लेने के लिए बड़ी संख्या में किसान केन्द्र पर पहुंच गए। किसानों की इस भीड़ ने न केवल केन्द्र के बाहर, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी स्थिति को भीड़भाड़ से भर दिया, जिसके कारण पुलिस को बुलाना पड़ा। किसानों का कहना है कि इस वर्ष बारिश और फसल की बुवाई के समय खाद की उपलब्धता में कमी आई है, जिससे उनकी फसल पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। ऐसे में वे अपनी फसलों के लिए आवश्यक डीएपी खाद लेने के लिए केन्द्र पर पहुंचे। लेकिन जब भीड़ की संख्या लगातार बढ़ने लगी, तो केन्द्र के बाहर स्थिति संभालना मुश्किल हो गया। पुलिस ने आकर स्थिति को नियंत्रित किया और किसानों को उचित तरीके से खाद वितरण सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था बनाई। अधिकारियों का कहना है कि वे किसानों की जरूरतों को समझते हैं और जल्द ही डीएपी खाद की सप्लाई बढ़ाने के प्रयास कर रहे हैं। किसानों ने मांग की है कि सरकार को इस समस्या का स्थायी समाधान निकालना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति का सामना न करना पड़े।

जलेसर में सरकारी गोदाम के बाहर डीएपी के लिए लगी किसानों की भीड़।

दिव्यांग समिति अपनी मांगों को लेकर 18 से करेगी आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- दिव्यांग समिति ने मुख्यमंत्री को ट्वीट कर भेजा अनुस्मारक पत्र

अमृत विचार: श्री वाराहा जन सेवा दिव्यांग समिति के पदाधिकारियों ने बैठक कर 18 अक्टूबर से आंदोलन की रणनीति तैयार की है। दिव्यांग समिति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ट्वीट के माध्यम से अनुस्मारक पत्र भेजकर लंबित मांगों को लेकर सूचित किया है।

श्री वारह जन सेवा दिव्यांग समिति ने 18 अक्टूबर से गांधीवादी शांतिपूर्ण रूप से धरना प्रदर्शन सामूहिक मुंडन संस्कार एवं आमरण अनशन का निर्णय लिया है। उन्होंने अपनी मांग जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण कराए जाने की मांग की है। अगर मांग पूरी नहीं होगी तो 18 अक्टूबर से दिव्यांग आंदोलन करने को मजबूर होंगे। दिव्यांग समिति के अध्यक्ष कुलदीप निर्भय ने बताया कि अपनी तीन सूत्रीय बिंदुओं के निस्तारण की मांग पूरी न होने की दशा में उनकी समिति के पदाधिकारी 18 अक्टूबर को तय समय 12 बजे से जिला कलेक्ट्रेट परिसर में शांतिपूर्ण धरना देंगे। इसके पश्चात शासन प्रशासन से इच्छा मृत्यु की मांग करेंगे। 25 अक्टूबर को अंत में स्थान कासगंज गेट सोरों स्थित महात्मा गांधी पार्क में दिव्यांगजन एवं समिति के पदाधिकारी के साथ आमरण अनशन, सामूहिक मुंडन संस्कार कराकर उग्र आंदोलन किए जायेंगे।

विवाहिता ने डीजल डालकर लगाई आग, हालत नाजुक

एटा, अमृत विचार : एक नवविवाहिता ने घरेलू विवाद के कारण आत्महत्या का प्रयास किया। उसने डीजल डालकर आग लगा ली, जिससे वह 90 प्रतिशत जल गई। परिजनों ने उसे अस्पताल भर्ती कराया, जहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

मिरहची थाना क्षेत्र के गांव ओरनी निवासी दीपक की शादी वंदना के साथ तीन माह पहले हुई थी। शादी के बाद से ही परिवार में विवाद रहता था। आरोप है कि गृह क्लेश के कारण सोमवार को वंदना ने डीजल डालकर आग लगा ली। जानकारी मिलने पर परिवार के लोगों ने आग को बुझाया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस जांच कर रही है।

धान बेचने के लिए मंडी में उमड़े किसान, लगा जाम

जीटी रोड पर खड़े धान से भरे वाहन। ● अमृत विचार

अलीगंज रोड पर लगा धान से भरे वाहनों की लाइन। ● अमृत विचार

संवाददाता,एटा

अमृत विचार: मंडी में धान की आवक तेज होते ही सोमवार को पूरा शहर जाम हो गया। सुबह से ही अलीगंज रोड पर वाहनों को लंबी कतार लग गई। करीब दो से तीन घंटे तक शहर में वाहन रेंग-रेंग कर निकले। वहीं यातायात पुलिस को यातायात संभालने में एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ा पर जाम से निजात नहीं मिल सकी।

गल्ला मंडी में इस बार पिछली वर्ष से अधिक धान की आवक आ रही है। अलीगंज रोड के धर्मकांटा पर तुलाई के कारण भी दिन भर जाम की हालात बनी रही। इससे अलीगंज, मैनपुरी की ओर से आने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।गल्ला मंडी स्थित आढ़तों पर धान,मक्का सहित अन्य फसलों को किसान ट्रैक्टर, ट्रक, मैटाडोर आदि वाहनों से लेकर सुबह से ही पहुंचना शुरू हो गये। उससे मंडी समिति के बाहर वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग गई। उससे एटा-अलीगंज मार्ग, जीटी रोड पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। सुबह से दोपहर बाद तक दोनों मार्ग पर वाहनों का जमावड़ा रहने से राहगीर, वाहन चालकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

अमांपुर में धूमधाम से निकाली श्रीराम की शोभायात्रा

संवाददाता, अमांपुर

अमृत विचार: कस्बा में विजय दशमी के उपलक्ष्य पर एकादशी को श्रीरामलीला महोत्सव कमेटी के द्वारा कॉलेज रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला से बैंड बाजों और आकर्षक झांकियों के साथ भव्य श्रीराम शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में एक दर्जन से अधिक झांकियां आकर्षक का केंद्र रहीं। शोभायात्रा के दौरान जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

शोभायात्रा का शुभारंभ श्रीराम लीला कमेटी के पदाधिकारियों ने श्रीराम, लक्ष्मण व हनुमान जी के स्वरूपों की पूजा-अर्चना व आरती उतार कर किया। शोभायात्रा में भगवान गणेश, रामदरबार, राधाकृष्ण आदि देवी देवताओं की झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। जगह-जगह श्रद्धालु बाल रूप में सजे रामदरबार पर पुष्प वर्षा कर आरती उतार रहे थे। शोभायात्रा में शामिल भक्त जय श्रीराम के जयकारों के साथ ही बैंडबाजों की धुन झूमते हुए चल रहे थे। श्रीराम एवं रावण के रोड शो ने लोगों का मन मोह लिया। शोभायात्रा अग्रवाल धर्मशाला से प्रारंभ होकर बारहद्वारी, सराफा बाजार, एटा रोड, सहावर रोड, ददवारा, इन्द्रानगर, शास्त्री नगर, होते हुए कालेज रोड स्थित रामलीला मैदान में जाकर सम्पन्न हुई। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एसडीएम सहावर कोमल पवार, सीओ सहावर शाजिदा नसरीन, तहसीलदार सहावर संदीप चौधरी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंचल सिरोही, उपनिरीक्षक प्रेमपाल सिंह, लेखपाल दीपक भारद्वाज, एसआई जगदीश चन्द्र, एसआई सोनपाल सिंह, एसआई चन्द्रपाल सिंह, एसआई मनोज शर्मा, एसआई रनबीर सिंह मय पुलिस बल के साथ रहे। युवाओं द्वारा जय श्रीराम, जय हनुमान के गगनभेदी नारों से गूंज उठा कस्बा। इस अवसर पर सुधीर गुप्ता, मीना चौहान, रूद्रप्रताप सिंह, विजयप्रकाश गुप्ता, कमल गुप्ता, बन्टी सोलंकी, पुष्पेंद्र वर्मा, बंटी गुप्ता, हिदेश सर्राफ, आकाश गुप्ता सर्राफ, गौरव यादव, शिवम सोलंकी, राहुल राघव, चेतन सोलंकी, अशोक शाक्य, संजीव माहेश्वरी, सोनू गुप्ता, पुष्पेंद्र कुमार, कृष्णा आर्य, डिम्पल गुप्ता, कैलाश शाक्य, अंशू गुप्ता, गुड्डू शाक्य, शशीकान्त, शनि गुप्ता, देव गुप्ता, चिराग गुप्ता, अखंड यादव, आदित्य, कान्हा, यश, आदि रामभक्त मौजूद रहे।

शोभायात्रा से पहले श्री राम की आरती उतारते आयोजक।

श्री राम की शोभायात्रा में शामिल झांकी।

- आकर्षक झांकियों ने मोहा मन, जगह जगह हुआ स्वागत
- आयोजकों ने श्री राम की आरती उतार कर किया आरंभ

दिव्यांग छात्र विद्यालय में लें प्रवेश

एटा, अमृत विचार: जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी डॉ० अजीत कुमार ने जनपद के सभी दिव्यांगजनों एवं उनके सहयोग हेतु कार्यरत सभी व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सूचित किया है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभागके अंतर्गत एटा की तहसील जलेसर में राजकीय आईटीआईके समीप कक्षा 6 से लेकर कक्षा 9 तक के विद्यार्थियों हेतु एक आवासीय समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय का निर्माण किया गया है। जिसमें दिव्यांगजन विद्यार्थियों के लिए समस्त प्रकार की सुविधायें प्रदान की जायेंगी। यह विद्यालय अगले शैक्षिक सत्र हेतु माह अप्रैल 2025 से संचालित हो जायेगा। उन्होंने कहा है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जिला पंचायत परिसर, एटा से व्यक्तिगत सम्पर्क कर अथवा दूरभाष संख्या 8189038793 पर संपर्क कर उक्त विद्यालय में प्रवेश हेतु पात्र दिव्यांगजन एवं सामान्य विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन करायें।

पालिका में भ्रष्टाचार के विरुद्ध सभासदों की हुंकार पड़ी नरम

संवाददाता, गंजडुंडवारा

अमृत विचार: नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध 11 सभासद लगातार लामबंद थे। सोमवार को धरना प्रदर्शन का दिन निर्धारित था, लेकिन यह हुंकार मात्र वार्ता तक सिमट कर रह गई। जिसको लेकर कस्बे में तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है।

नगर पालिका परिषद के 11 सभासदों ने पालिका प्रशासन द्वारा सरकारी धन के दुरुपयोग,भ्रष्ट्राचार,वार्डों में विकास कार्यों में भेदभाव सहित अनेक मांगों को लेकर सोमवार को पालिका परिसर में 12 बजे से अनशन का ऐलान किया था। आले इमरान, रवि शाक्य सहित कई सभासद एवं कई सभासदों के पति धरने को पालिका परिसर में पहुंचे। धरना को बिछौना बिछाया गया। बैनर लगाने की तैयारी भी कर ली थी, लेकिन इस बीच उनसे वार्ता का दौर चालू हो गया। पालिकाध्यक्ष पुत्र अजहर हुसैन ने बंद कमरे में वार्ता कर उन्हें समझाने एवं मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। इसके चलते अनशन प्रारम्भ ही न हो सका। पालिका परिसर के बीचों बीच अनशन पर बैठने को बिछाया गया बिछौना सूना पड़ा रहा और उस पर अनशन फ्लैक्स रखा रहा है।जिसके चलते अनशन मात्र वार्ता तक सिमट कर रह गया।

परिसर में खाली बिछौने पर पड़ा अनशन का बैनर

- अनशन की चिंगारी से निकला वार्ता का धुंआ, हुआ समझौता
- बंद कमरे में हुआ समझौता, मानी जाएंगी सभासदों की मांगें

अनशन न होने पर हुई तरह तरह की चर्चा

सभासद 15 दिनों से अनशन की हुंकार भर रहे थे। पालिका प्रशासन एवं पालिकाध्यक्ष अनशन को लेकर परेशान थे। लेकिन अनशन वाले विरोधी सभासदों का रुख नरम नजर आ रहा था। जिसको लेकर कस्बावासी जगह जगह गुटों में खड़े हो सभासदों की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिह्न उठा रहे थे। अनशन को निज स्वार्थ में निहीत कहते हुए भी नजर आए।

> इन सभासदों ने अनशन का किया था ऐलान आले इमरान, नासरा बेगम, अब्दुल कादिर, शहाना, गौरव कुमार, मनोज कुमार, रवि शाक्य, सलीमन, सीमा, -**ललित वर्मा**, रूमी बेगम।

सुरक्षा के लिए पीड़ित परिवार के घर सशस्त्र पुलिसकर्मी तैनात

मोहिनी हत्याकांड

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार: मोहिनी हत्याकांड को लेकर पीड़ित परिवार की जान को खतरा होने की आशंका महिला के पति ने जाहिर की। इसको लेकर अमृत विचार ने प्राथमिकता के साथ समाचार प्रकाशित किया। सुरक्षा को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे। फिर पुलिस सक्रिय हो गई। अब सशस्त्र पुलिसकर्मियों ने पहरेदारी शुरू कर दी है।

पिछले महा तीन सितंबर को महिला अधिवक्ता मोहनी तोमर न्यायालय के मुख्य द्वार से लापता हो गई थीं। चार सितंबर की शाम को उनका शव गोरहा नहर में गांव राजपुरा के समीप मिला। इधर महिला के पति ने अमृत विचार से बातचीत में अपनी जान को खतरा बताया। स्पष्ट किया कि मुझे मारने की साजिश हो रही है और मेरे घर पर जो पहरेदार बिठाए गए हैं। वह निहत्थे हैं। अमृत विचार समाचार पत्र में प्रकाशित इस खबर के बाद पुलिस सक्रिय हो गई और महिला अधिवक्ता के परिवार की सुरक्षा सख्त कर दी गई है। वहां सशस्त्र पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं।

- अब तक निहत्थे पुलिसकर्मी कर रहे थे पीड़ित परिवार की पहरेदारी

आखिर कब आएगी डीएनए रिपोर्ट

बीती 18 सितंबर को महिला की बहन और मृतक अधिवक्ता के संकलित नमूने डीएनए जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। 26 दिन बाद भी अभी तक रिपोर्ट पुलिस को नहीं मिल सकी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि पुलिस लाचार है या फिर व्यवस्था में कहीं झोल है, जो भी हो, लेकिन डीएनए रिपोर्ट न आने के कारण अभी तक महिला का मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी नहीं हो सका है। इसको लेकर उनके पति बेहद परेशान हैं।

> डीएनए रिपोर्ट अभी नहीं मिली है। मृतक अधिवक्ता के परिवार की सुरक्षा व्यवस्था में कहीं भी किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं की जा रही है। मैं स्वयं निगरानी कर रहा हूं।
> -**लोकेश भाटी**, इंस्पेक्टर

निषाद पार्टी पदाधिकारियों ने बताईं सरकार की योजनाएं

एटा/अवागढ़ ,अमृत विचार : निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार, जिला महासचिव ठा. अजीत सिंह सोलंकी व आई.टी.सेल के जिलाध्यक्ष देवांश वर्धन कश्यप द्वारा चलो गांव की ओर अभियान के तहत ब्लॉक अवागढ क्षेत्र के गांव नगला सीर एवं नगला लोधा में चौपाल लगाकर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया।निषाद पार्टी को सशक्त बनाकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. संजय कुमार निषाद के हाथों को मजबूत बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर अवागढ ब्लॉक के अध्यक्ष गौरीशकंर कश्यप, गिरन्दपाल सिहं कश्यप सहित महेश चन्द कश्यप, रघुवीर सिंह कश्यप, मुन्नालाल कश्यप, रामगोपाल सिहं कश्यप, जितेन्द्र कश्यप, पप्पन कश्यप, सुनील कश्यप, आदि रहे।

पुलिस के विरोध में भाकियू स्वराज का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार: जिले की तीनों तहसील पर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन स्वराज गुट ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पद का दुरुपयोग, मानवाधिकारों का उल्लघंन करने के अलावा भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। इस संबंध में किसान नेताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर पुलिस की छवि में सुधार करने की मांग उठाई।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन स्वराज गुट के दर्जनों कार्यकर्ता कासगंज, सहावर, पटियाली तहसील पर पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए। भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप पांडेय ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। उन्होंने बताया कि पुलिस आए दिन किसानों के साथ अभद्रता करती है। मानवाधिकारों का उल्लघंन कर रही है। पद का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार में लिप्त है। थाने चौकियों पर दलालों को बोलबाला है। पुलिस जिले में सट्टा जुआ, अवैध शराब, मादक पदार्थों की बिक्री अवैध खनन करा रही है। पटियाली पुलिस के अधिकारी अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों से हत्या का आपराधिक षडयंत्र रचकर भाकियू स्वराज के प्रदेश संगठन मंत्री शिव रत्न उपाध्याय की हत्या के प्रयास किए जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से पुलिस की छवि में सुधार लाने की मांग की है।

सदर एसडीएम संजीव को ज्ञापन देते भाकियू स्वराज गुट के नेता।

- किसान नेताओं ने एकजुट होकर एसडीएम के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन
- पुलिस पर पद का दुरुपयोग, मानवाधिकार का उल्लंघन और भ्रष्टाचार का आरोप

सहावर इंस्पेक्टर पर धमकी देने का आरोप

जिले के सहावर इंस्पेक्टर प्रवेश राणा का रवैया किसानों के प्रति खराब है। वह किसानों से गाली गलौज करते हैं। लाठी चार्ज कर मुकदमा लिखकर जेल भेजने की धमकी देते हैं। बीते दिनों भी इंस्पेक्टर ने किसानों के साथ अभद्रता की थी।

जन-जन की आवाज सरकार तक पहुंचाता है अमृत विचार : ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ने राजधानी के 23 चिकित्सकों को अमृत विचार यूपी कॉन अवार्ड 2024 से किया सम्मानित

लखनऊ के गोमतीनगर में आयोजित समारोह में अमृत विचार यूपी कॉन अवार्ड से सम्मानित चिकित्सकों के साथ विधायक नीरज बोरा। अमृत विचार

दीप प्रज्जवलित कर समारोह की शुरुआत करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। साथ में हैं समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उदासी से घिरे मरीजों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने वाले चिकित्सकों को हिन्दी दैनिक 'अमृत विचार' ने 'यूपी आईकॉन अवार्ड' से सम्मानित किया। चिकित्सक सम्मान का यह आयोजन सोमवार को गोमती नगर स्थित होटल सागर सोना में किया गया। मौका था उन ख्यातिलब्ध चिकित्सकों को सम्मानित करने का जो मरीजों की सेवा में हमेशा तत्पर रहते हैं।

इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अमृत विचार शुरू से ही जन-जन की आवाज सरकार तक पहुंचाने के काम में अपनी अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। एक तरफ यह समाचार पत्र सरकार तक

जनता की समस्याएं सरकार तक पहुंचाता है तो दूसरी तरफ यह सरकार की नीतियों को भी आमजन तक पहुंचाने की कोशिश शिद्दत के साथ कर रहा है। अमृत विचार पत्रकारिता को मिशन के अंदाज में करता दिखाई दे रहा है। लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने इस मौके पर कहा कि अक्सर अखबारों में देखने को मिलता है कि मरीज को बेड नहीं मिला। मरीज को स्ट्रेचर पर ही अपना इलाज कराना पड़ा। जबकि इस बात को इस अंदाज में भी लिया जा सकता है कि बेड नहीं था तो भी चिकित्सक ने उसके इलाज में देरी नहीं की। मरीज के अस्पताल पहुंचते ही उसे इलाज मिल गया। चिकित्सकों के बेहतर कार्य की प्रशंसा की जानी चाहिए। इस मौके पर अमृत विचार के समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने कहा कि सामाजिक सरोकार पर हमारा विशेष फोकस रहता है। लेकिन सच यह भी है कि अखबार रोजगार भी देता है। उन्होंने कहा कि यदि हिन्दी अखबारों की स्थितियों पर सरकार ध्यान दे दे तो हिन्दी पत्रकारिता निश्चित तौर पर नए सोपान गढ़ेगी व समाचार पत्रों का बहुत भला होगा। इस मौके पर डॉ. विभोर महेन्द्रू, डॉ. सुभाष सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, डॉ. अभिषेक शुक्ला, डॉ. वीरेन्द्र यादव, डॉ. ब्रज भूषण वर्मा, डॉ. आर एन वर्मा, डॉ. अहिताश्मुल राशिद, डॉ. सुनील रावत, डॉ. सुनील वर्मा, डॉ. अजमत अली, डॉ. हिमाली झा, डॉ. जाहिद खान, डॉ. गौरव, डॉ. सुशील यादव,, डॉ. शालिनी सिंह, डॉ. गंगा राम यादव, डॉ. विक्रांत सिंह, डॉ. सुमित सामंत, डॉ. अनुराग दीक्षित, डॉ. संजीव अवस्थी, डॉ. सैय्यद नाजिम अली, समता बाफिला, डॉ. अजय कुमार सिंह, रोहित मेहरोत्रा, पंकज श्रीवास्तव, शरद सिंह, रिषभ श्रीवास्तव, अटल प्रताप सिंह, रिजवान अली, अमित श्रीवास्तव, वीर विक्रम चौहान, सचिन यादव, अमन गुप्ता, मुकेश शुक्ला और हर्षित श्रीवास्तव को प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अमृत विचार अखबार पढ़ते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

अमृत विचार यूपी कॉन 2024 समारोह में उपस्थित अतिथि।

उप मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भेंट करते अमृत विचार के समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी।

डॉ. रिजवान को सम्मानित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

बेड न हो तो स्ट्रेचर पर ही प्राण बचाने में जुट जाता है चिकित्सक : डॉ. नीरज बोरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि मैं पिछले 34 साल से सार्वजनिक जीवन में हूं लेकिन उससे भी पहले मैं चिकित्सक हूं। मुझे इस कार्यक्रम में निमंत्रित किया गया तो मेरे पहले से दूसरे कार्यक्रम लगे थे लेकिन मैं फिर भी यहां आया क्योंकि पहली बार किसी अखबार ने हमारे पेशे से जुड़े लोगों को सम्मानित करने का फैसला किया।

नीरज बोरा ने कहा कि चिकित्सक के परिश्रम को समझना बहुत जरूरी है। 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश की राजधानी के अस्पतालों में जितने मरीज आते हैं उतने बेड अस्पतालों के पास नहीं हैं। लेकिन इलाज में किसी तरह की कोताही नहीं होती है। अक्सर स्ट्रेचर पर ही मरीजों का उपचार होते दर्शाया जाता है। अखबारों में पढ़ने को मिलता है कि मरीज को बेड नहीं मिला। मरीज को स्ट्रेचर पर ही अपना इलाज कराना पड़ा, जबकि इस बात को सकारात्मक रूप से लिखा जाना चाहिए। बेड खाली नहीं था तो भी चिकित्सक ने उसके इलाज में देरी नहीं की। मरीज के अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर मरीज के प्राण बचाने में जुट जाता है और उसे तत्काल इलाज मिलना शुरू हो गया।

हिंदी अखबारों पर ध्यान दे सरकार तो नए सोपान गढ़ेगी पत्रकारिता : शंभू दयाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने अमृत विचार की यात्रा पर चर्चा करते हुए कहा कि पांच साल पहले बरेली से अमृत विचार ने अपना सफ़र शुरू किया था लेकिन कोरोना काल में जब दूसरे अखबारों में छंटनी चल रही थी, उस दौर में हम अच्छे लोगों को अपने साथ जोड़ रहे थे। अखबार ने तेजी से रफ़्तार पकड़ी। आज उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में हमारे 6 एडीशन हैं और दोनों प्रदेशों में यह समाचारपत्र तेजी से आगे बढ़ते हुए अपने सकारात्मक विचारों को जनता तक पहुंचा रहा है।

उन्होंने कहा कि सामाजिक सरोकार पर हमारा विशेष फोकस रहता है लेकिन सच यह भी है कि अखबार रोजगार भी देता है। इसलिए आज मैं उनसे यह भी कहना चाहता हूं कि अगर सरकार हिन्दी अखबारों की स्थितियों पर ध्यान दे दे तो हिन्दी पत्रकारिता निश्चित तौर पर नए सोपान गढ़ेगी और समाचार पत्रों का बहुत भला होगा। उन्होंने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की व्यस्ततम दिनचर्या से सभी को सीख लेने की सलाह भी दी। उनका समय प्रबंधन लोगों को प्रेरित करने वाला है।

समारोह में नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। सभी फोटो :प्रमोद कुमार

निकाह के बाद दुल्हन को छोड़ गया दूल्हा, दहेज का लगा आरोप

अमरोहा, अमृत विचार : नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव बीलाना में किसान दिलदार का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी शिफा का रिश्ता अमरोहा नगर के मोहल्ला बस्ती में रहने वाले सलमान के साथ किया था। उनका आरोप है कि रिश्ते के समय सलमान ने कोई अपनी मांग नहीं रखी थी। रिश्ता होने के बाद शादी की तैयारी शुरू कर दी गई। 13 अक्टूबर रविवार को गांव में बरात पहुंची। पूरा परिवार और रिश्तेदार बरातियों की खातेदारी में लगा हुए थे। निकाह पढ़ाया गया। लेकिन निकाह के बाद दुल्हे ने हंगामा करना शुरू कर दिया। बताया कि दूल्हे को दहेज में एक बाइक और पांच लाख रुपये नहीं मिले थे। इसे लेकर उसने दुल्हन को साथ ले आने से इनकार कर दिया और बरात छोड़कर घर चला गया। दूल्हे की इस हरकत से शादी की खुशियां गम में बदल गईं। दूल्हा पक्ष और दुल्हन पक्ष के लोगों की पंचायत हुई। देर रात तक पंचायत चली, लेकिन दूल्हा अपनी मांग पर अड़ा रहा। अंत में सोमवार सुबह दुल्हन पक्ष के लोगों ने थाने पहुंच कर मामले की शिकायत पुलिस से की। थाना प्रभारी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

आगरा फोर्ट-कासगंज स्पेशल ट्रेन 16 को रहेगी निरस्त

बरेली। पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल की ओर से कासगंज यार्ड मारहरा के पास निर्माण कार्य की वजह से 16 अक्टूबर को 4 घंटे 20 मिनट का ब्लॉक लिया जाएगा। इसकी वजह से आगरा फोर्ट-कासगंज स्पेशल ट्रेन निरस्त रहेगी और कई ट्रेनों को शार्ट टर्मिनेट और ओरिजिनेट किया जाएगा। पूर्वोत्तर रेलवे के मुताबिक यार्ड के पास एलएचएस निर्माण कार्य में प्रोटेक्शन प्लेट की लांचिंग के लिए 16 अक्टूबर को सुबह 5:30 बजे से 9:50 बजे तक पावर और यातायात ब्लॉक लिया जाएगा। इसकी वजह से 05413/05414 कासगंज-आगरा फोर्ट-कासगंज स्पेशल ट्रेन निरस्त रहेगी। इसके अलावा 05369 कासगंज-लालकुआं स्पेशल ट्रेन को 16 अक्टूबर को कासगंज सिटी से शार्ट ओरिजिनेट किया जाएगा और ट्रेन कासगंज से कासगंज सिटी के मध्य निरस्त रहेगी। 15040 कासगंज-कानपुर अनवरगंज इंटरसिटी स्पेशल को बधारीकला से शार्ट ओरिजिनेट किया जाएगा और ट्रेन कासगंज-बधारीकला के बीच निरस्त रहेगी।

इसके अलावा 05350 फर्रुखाबाद-कासगंज स्पेशल ट्रेन को बधारीकला में शार्ट टर्मिनेट किया जाएगा। 05390 फर्रुखाबाद-कासगंज स्पेशल ट्रेन का संचालन फर्रुखाबाद से 60 मिनट रि-शिड्यूल कर किया जाएगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर वनियान, वि.खं. फरीदपुर (बरेली)

निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शाहपुर वनियान में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है, सामग्री विवरण निम्नवत् है :-
ईट, बजरफुट, सरिया, सीमेंट, रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

क्र.	कार्य का नाम	अनु. लागत (लाख में)
1.	खनपुरा रोड से रामपाल सिंह के खेत तक खडंजा निर्माण कार्य	3.89/-

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें प्रकाशन के तीसरे दिन दोपहर 02 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान ग्रा.पं.अ.

कार्यालय ग्राम पंचायत अन्तपुर विकास खण्ड मझगवां, बरेली

अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत अन्तपुर विकास खण्ड मझगवां बरेली में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार (2023-24) के अन्तर्गत अन्त्येष्टि स्थल निर्माण कार्य कराया जाना है जिसकी अनुमानित लागत 9,99,000/- रू. मात्र है। उक्त पुरस्कृत राशि से सामान क्रय सीमेंट, बजरफुट, रेता, बजरी, ईट, रोड़ा, सरिया, पेंट, लोहे के एंगिल, जाली, शीट इंटरलॉकिंग, टाइल्स, हैंडपम्प आदि प्राक्कलन लागत अनुसार किया जाना है। उक्त सामान की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 19.10.2024 तक निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय अन्तपुर में जमा कर सकते हैं। दिनांक 19.10.2024 को सायं 4 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जायेंगी। प्रतिबंध, नियम व शर्ते एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय अन्तपुर में सम्पर्क कर सकते हैं।

विनीता देवी-प्रधान शशि शेखर-सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत टिकाई पुख्ता विकास खण्ड उसावां (बदायूं)

अल्पकालीन निविदा

ग्राम टिकाई पुख्ता विकास खण्ड उसावां (बदायूं) में राज्य वित्त / 15वां वित्त आयोग (टाइड/अनटाइड) के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष नियमानुसार प्रस्तावित/स्वीकृत निर्माण कार्य हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री (ईट, इण्टरलॉक, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता सरिया, टाईल, बजरफुट, सेनेटरी आईटम, हैण्डपम्प का मैटेरियल आदि) निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 14.10.2024 से दिनांक 17.10.2024 दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स में सीलबन्द लिफाफे में जमा करें, तथा दिनांक 17.10.2024 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा / कुटेशन को सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र.सं.	कार्य का नाम	साइज	अनु. लागत
01	कोन का नगला में रामपाल सिंह ठाकुर के घर से लल्लू सिंह के मकान तक सी.सी. कार्य।	76 मी.	446739.00
02	प्राथमिक विद्यालय देवकली पुख्ता में टाइल्स कार्य।	5 नग	187649.00
03	प्राथमिक विद्यालय देवकली पुख्ता में शौचालय निर्माण कार्य।	1 नग	212000.00
04	गौशाला में टीन शेड, फर्स, चन्नी निर्माण कार्य।	आवश्यकतानुसार	172000.00

अलख निरंजन सचिव श्री संतोष कुमारी प्रधान

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, शारदा नहर खण्ड शाहजहाँपुर

ई-निविदा सूचना संख्या-02/अधि0अभि0/2024-25

(ई-टेंडरिंग के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले कार्यो की निविदा)

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाइन http://etender.up.nic.in निविदायें के माध्यम से निविदा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म से दिनांक: 23.10.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 23.10.2024 को अपरान्ह 1:30 बजे गठित समिति के समक्ष कार्यालय अधिशासी अभियन्ता शारदा नहर खण्ड शाहजहाँपुर में ऑनलाइन खोली जायेगी। निविदा दिनांक: 15.10.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक: 23.10.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी, अथवा अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी।

क्र0 सं0	लाट सं0	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत जी0एस0टी0 रहित (लाख रु0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र मूल्य +जी0एस0टी0+ स्टेशनरी सहित (रू0 में)	पंजीकृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	1	SILT CLEANING, CLEANING THICK BUSHES AND SCRAPING INTERNAL SECTION OF KATRA DY. FROM KM 0.000 TO KM 12.420	6.54	0.14	30 दिवस	(225+41+500) = 766.00	सी एवं उच्च
2	2	SILT CLEANING, CLEANING THICK BUSHES AND SCRAPING INTERNAL SECTION OF TILHAR DY. FROM KM 0.000 TO KM 16.490.	8.67	0.18	30 दिवस	(225+41+500) = 766.00	सी एवं उच्च
3	3	CLEANING THICK BUSHES AND SCRAPING INTERNAL SECTION OF MAJHOLA MR. FROM KM 0.000 TO KM 7.440.	2.28	0.05	21 दिवस	(75+14+500) = 589.00	सी एवं उच्च
4	4	CLEANING THICK BUSHES AND SCRAPING INTERNAL SECTION OF KIRATPUR MR. FROM KM 0.000 TO KM 6.710	2.06	0.05	21 दिवस	(75+14+500) = 589.00	सी एवं उच्च
5	5	SILT CLEARANCE OF JALALABAD DY. FROM KM 0.000 TO KM 24.690	12.99	0.26	30 दिवस	(225+41+500) = 766.00	सी एवं उच्च
6	6	SILT CLEARANCE IN KAMALPUR DY. FROM KM 0.000 TO KM 19.860	10.45	0.21	30 दिवस	(225+41+500) = 766.00	सी एवं उच्च
7	7	SILT CLEARANCE IN GURGANVAN DY. FROM KM 0.000 TO KM 7.540	2.30	0.05	21 दिवस	(75+14+500) = 589.00	सी एवं उच्च
8	8	SILT CLEARANCE IN ATHANA DY. FROM KM 0.000 TO KM 8.040	4.23	0.09	21 दिवस	(150+27+500) = 677.00	सी एवं उच्च
9	9	SILT CLEARANCE IN BIJASAN DY. FROM KM 0.000 TO KM 18.530	9.76	0.20	30 दिवस	(225+41+500) = 766.00	सी एवं उच्च
10	10	SILT CLEARANCE IN PATNA DY. FROM KM 0,000 TO KM 9.250	4.87	0.10	21 दिवस	(150+27+500) = 677.00	सी एवं उच्च
11	11	SILT CLEARANCE IN BUDHAULI DY. FROM KM 0.000 TO KM 9.750	5.12	0.11	30 दिवस	(225+41+500) = 766.00	सी एवं उच्च
12	12	JUNGLE CLEARNCE AND SCRAPING OF INTERNAL SECTION IN JHAPKA DILAVARPUR MR. FROM KM 0.000 TO 7.240	2.22	0.05	21 दिवस	(75+14+500) = 589.00	सी एवं उच्च
13	13	JUNGLE CLEARNCE AND SCRAPING OF INTERNAL SECTION IN SIKANDARPUR MR. FROM KM 0.000 to 9.180	2.82	0.06	21 दिवस	(150+27+500) = 677.00	सी एवं उच्च
14	14	JUNGLE CLEARNCE AND SCRAPING OF INTERNAL SECTION IN UDRAPUR MR. FROM KM 0.000 to 6.600	2.03	0.05	21 दिवस	(75+14+500) = 589.00	सी एवं उच्च
15	15	SCRAPING OF INTERNAL SECTION AND JUNGLE CLEARNCE OF GANDHAR DY. FROM KM 0.000 TO 19.310.	10.17	0.21	30 दिवस	(225+41+500) = 766.00	सी एवं उच्च
16	16	SCRAPING OF INTERNAL SECTION AND JUNGLE CLEARNCE OF MADNAPUR DY. FROM KM 0.000 to 22.840	12.02	0.25	30 दिवस	(225+41+500) = 766.00	सी एवं उच्च
17	17	SCRAPING OF INTERNAL SECTION AND JUNGLE CLEARNCE OF KOTA DY. FROM KM. 0.000 TO 12.600.	6.50	0.14	30 दिवस	(225+41+500) = 766.00	सी एवं उच्च
18	18	JUNGLE CLEARNCE AND SCRAPING OF INTERNAL SECTION IN BARI Mr. FROM KM 0.000 to 5.690	2.03	0.05	21 दिवस	(75+14+500) = 589.00	सी एवं उच्च
19	19	SILT CLEARANCE OF BHATPURA MR. FROM KM 0.000 TO KM 12.480	3.83	0.08	21 दिवस	(150+27+500) = 677.00	सी एवं उच्च
20	20	SILT CLEARANCE OF INTGAON DY. FROM KM 0.000 TO KM 37.000	19.47	0.40	30 दिवस	(300+54+500) = 854.00	बी एवं उच्च
21	21	SILT CLEARANCE OF MANKAPUR DY. FROM KM 0.000 TO KM 10.960	3.36	0.07	21 दिवस	(150+27+500) = 677.00	सी एवं उच्च
22	22	SILT CLEARANCE OF SHAHAGARH DY FROM KM 0.000 TO KM 10.260	5.39	0.11	30 दिवस	(225+41+500) = 766.00	सी एवं उच्च
23	23	SILT CLEARANCE AND SCRAPING OF BAMROLLY MR. FROM KM 0.000 TO KM 11.260	3.45	0.07	21 दिवस	(150+27+500) = 677.00	सी एवं उच्च
24	24	SILT CLEARANCE AND SCRAPING OF BEOR DY. FROM KM 0.000 TO KM. 17.090	8.99	0.18	30 दिवस	(225+41+500) = 766.00	सी एवं उच्च
25	25	SILT CLEARANCE AND SCRAPING OF GHATBOJH MR. FROM KM 0.000 TO KM 8.610	2.64	0.06	21 दिवस	(150+27+500) =677.00	सी एवं उच्च
26	26	SILT CLEARANCE AND SCRAPING OF KAJIPUR MR. FROM KM 0.000 TO KM 9.010	2.75	0.06	21 दिवस	(150+27+500) = 677.00	सी एवं उच्च
27	27	SILT CLEARANCE AND SCRAPING OF KANPARA MINOR FROM KM 0.000 TO KM 15.890	4.87	0.10	21 दिवस	(150+27+500) = 677.00	सी एवं उच्च
28	28	SILT CLEARANCE AND SCRAPING OF PAINA DY. FROM KM 0.000 TO KM 11.920	6.25	0.13	30 दिवस	(225+41+500) = 766.00	सी एवं उच्च
29	29	JUNGLE CLEARNCE AND SCRAPING OF INTERNAL SECTION IN SAWAYAZPUR DY. FROM KM. 0.000 TO KM. 23.500	13.02	0.27	30 दिवस	(225+41+500) = 766.00	सी एवं उच्च
30	30	JUNGLE CLEARNCE AND SCRAPING OF INTERNAL SECTION IN BARBAN DY. FROM KM. 0.000 TO KM. 32.000	17.84	0.36	30 दिवस	(300+54+500) = 854.00	सी एवं उच्च
31	31	SILT CLEARANCE, CLEANING THICK BUSHES AND SCRAPING INTERNAL SECTION OF GOPALPUR MR, FROM KM. 0.000 TO KM. 7.740.	2.37	0.05	21 दिवस	(75+14+500) = 589.00	सी एवं उच्च
32	32	SILT CLEARANCE, CLEANING THICK BUSHES AND SCRAPING INTERNAL SECTION OF RUJWARI MR. FROM KM. 0.000 TO KM. 7.960.	2.44	0.05	21 दिवस	(75+14+500) = 589.00	सी एवं उच्च
33	33	SILT CLEARANCE, CLEANING THICK BUSHES AND SCRAPING INTERNAL SECTION OF KHUDAGANJ Dy. FROM KM. 0.000 TO KM. 49.800.	26.21	0.53	30 दिवस	(300+54+500) = 854.00	बी एवं उच्च
34	34	SILT CLEARANCE, CLEANING THICK BUSHES AND SCRAPING INTERNAL SECTION OF POSIL MR. FROM KM. 0.000 TO KM. 7.340.	2.25	0.05	21 दिवस	(75+14+500) = 589.00	सी एवं उच्च

यह निविदा/बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http//etender.up.nic.in व सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://irrigation.up.in पर उपलब्ध है, तथा निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्तें वेबसाइट पर व कार्यालय अधिशासी अभियन्ता शारदा नहर खण्ड शाहजहाँपुर के नोटिस पर चस्पा है। निविदा की शर्तों को भली भांति पढ़ने के बाद निविदा डाले।

अधिशासी अभियन्ता
शारदा नहर खण्ड, शाहजहाँपुर

UP-220706 दिनांक 14.10.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय ग्राम पंचायत सिरकी दम्मू वि.ख. सहसवान (बदायूँ)

पत्रांक:- मीमो/सचि./मनरेगा/नि.कार्य/2024-25 दिनांक-14-10-2024

अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना

सर्वधारण वाणिज्य कर विभाग में निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्म्स् को सूचित किया जाता है कि महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजनान्तर्गत एवं कन्वर्जेन्स के माध्यम से विकास खण्ड सहसवान की ग्राम पंचायत सिरकी दम्मू में गौशाला में फैंसिंग जाली व मैन गेट निर्माण कार्य पार्ट-1, 2, 3, 4 कार्य हेतु वर्ष 2024-25 में निर्माण कार्य हेतु प्रयोग में लाई जाने वाली सामग्री यथा-प्रथम श्रेंणी ईट रोड़ी, पत्थर रोड़ी, बदरपुर, रेता, सरिया, पेन्ट, प्राइमर, लोहा, एन्गल, लोहा चादर फेब्रीकेशन, ऐंगल एंव साईनबोर्ड आदि की स्थल पर आपूर्ति हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को अपनी निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 19.10.2024 तक सीलबन्द लिफाफे में प्रस्तुत करनी होगी। निविदा निर्धारित राशि का भुगतान करके ग्राम पंचायत से प्राप्त कर सकते हैं एवं निविदाएं उक्त दिनांक को ही सम्बन्धित ग्राम पंचायत स्तर पर खोली जायेगीं। सामग्री का विवरण निम्न प्रकार है:-

कार्य का नाम	सीमेंट (बैग)	रेता (घ.मी.)	बजरफुट (घ.मी.)	पत्थर रोड़ी 20एम.एम. (घ.मी.)	ईट रोड़ी 40एम.एम. (घ.मी.)	ईट प्रथम (सं.)	सरिया (कु.)	चादर (कु.)	एन्गिल (कु.)
गौशाला में फैंसिंग जाली व मेनगेट निर्माण कार्य पार्ट-1	118	2.9	11.47	9.52	5.81	9609	7.61	2.16	3.50
गौशाला में फैंसिंग जाली व मेनगेट निर्माण कार्य पार्ट-2	121	2.91	11.83	9.76	6.07	10083	7.88	-	3.83
गौशाला में फैंसिंग जाली व मेनगेट निर्माण कार्य पार्ट-3	121	2.91	11.83	9.76	6.07	10083	7.88	-	3.83
गौशाला में फैंसिंग जाली व मेनगेट निर्माण कार्य पार्ट-4	16	0.31	1.96	1.07	0.65	2235	0.85	-	0.40

नियम व शर्ते :-1. प्राप्त निविदायें निर्धारित तिथि को ग्राम पचांयत कार्यालय पर ही खोली जायेगी। 2. प्राप्त निविदायें में उल्लिखित दरों में वर्ष 2024-25 में कोई मूल परिवर्तन नही होगा। मनरेगा अन्तर्गत शेड्यूल ऑफ रेटस् में परिवर्तन होने पर दर अघतन करने पर विचार किया जायेगा। 3. प्रस्तुत निविदाओं में मानक के अनुसार ब्राण्डेडमार्का सामग्री की आपूर्ति का उल्लेख किया जायेगा। 4. आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता संतोषजनक न होने पर निविदाओं का निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सम्बन्धित ग्राम पंचायत को होगा। 5. किसी भी वाद-विवाद के लिए न्याय क्षेत्र जनपद न्यायालय, बदायूँ मान्य रहेगा।

रेनू कुमारी-ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सिरकी दम्मू, वि.ख. सहसवान (बदायूँ)

संजीव कुमार-ग्गम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत सिरकी दम्मू, वि.ख. सहसवान (बदायूँ)

IIFL FINANCE

CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

सोने के गहनों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। निम्नलिखित लोन खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** द्वारा ऑनलाइन उनके ऑनलाइन नीलामी के प्लैटफॉर्म **https://egold.auctiontiger.net** पर **18.10.2024 को दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच** संचालित की जायेगी। स्थान या तिथि में कोई भी बदलाव (यदि कोई हो), नीलामी केंद्र में प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से ई-नीलामी यहाँ दी गयी तारीख़ पर संचालित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर समान नियमों व शर्तों के साथ नीलामी के फ्लैटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर कथित नीलामी संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। नीलाम नहीं किये जाने वाले सोने के गहनों को नीलामी के फ्लैटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर विवरण प्रदर्शित करके आगे के कार्य दिवसों पर नीलाम किया जायेगा। अगर शाखा स्तर पर आयोजित नीलामी विफल हो जाती है, तो ज़िला स्तर पर कोई भी अन्य सूचना दिये बिना उसे विशिष्ट ज़िला केंद्र पर **28.10.2024** को फिर से नीलाम किया जायेगा। अगर किसी कारण से ज़िला-स्तरीय नीलामी यहाँ दी गयी तारीख पर आयोजित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर ज़िला-स्तरीय नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

ज़िला केंद्र: **बरेली-सिविल लाइंस जीएल - 116-ए, पहली मंजिल, आईसीआईसीआई बैंक के ऊपर, सिविल लाइंस, बरेली-243001**

शाखा का नाम: बरेली-सिविल लाइंस जीएल, तालुका - बरेली

गोल्ड लोन खाता. सं.: GL22232009, GL27845446, GL27867596, GL28522854, GL28883076, GL28893362, GL28899245, GL28996639, GL29000029, GL30751790, GL30810517, GL30822283, GL30843714, GL30849466, GL33435903.

ई-नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। इस ई-नीलामी के अनुसार ई-नीलामी की प्रक्रिया और बिक्री (यदि कोई हो), उन नियमों व शर्तों के अधीन होगी, जो आईआईएफएल द्वारा अपने विवेक से लागू करना उचित समझा जाएगा। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।

दिनांक: **15.10.2024**
स्थान: बरेली

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

समाज को प्रभावित करने वाले आरोपी जमानत के हकदार नहीं

फर्जी कंपनियां बनाकर धोखाधड़ी का आरोप, कोर्ट ने आरोपी मां-बेटे को जमानत देने से किया इंकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फर्जी कंपनियां बनाकर धोखाधड़ी से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का दावा करने और सरकार को भारी नुकसान पहुंचाने के आरोपी मां-बेटे की जोड़ी को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि आर्थिक अपराधों से संबंधित मामलों में जमानत देने से इनकार किया जा सकता है। विशेषकर ऐसे मामलों में, जो समाज के आर्थिक ताने-बाने को प्रभावित करते हों और जिसमें आरोपी प्रभावशाली या शक्तिशाली पद पर हो।

इसके साथ ही कोर्ट ने यह

● याची के खाते में 168 और बेटे के खाते में 71 बार लेन-देन हुआ

स्पष्ट किया कि सीआरपीसी की धारा 437 का लाभ उन महिलाओं को नहीं दिया जा सकता जो स्वयं शक्तिशाली हैं या शक्तिशाली व्यक्तियों से जुड़ी हैं। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान की एकलपीठ ने कनिका ढींगरा की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। वर्तमान मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस ने याची और उनके बेटे मयंक ढींगरा पर आईटीसी के जरिए सरकारी खजाने को राजस्व हानि पहुंचाने का आरोप लगाया है। आधार और पैन कार्ड का उपयोग कर फर्जी फर्मों का पंजीकरण कराने के आरोप में मां- बेटे पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन नोएडा सेक्टर 20, गौतम बुध नगर में मामला दर्ज किया गया। हालांकि हाईकोर्ट के समक्ष याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याचियों के खिलाफ कोई विश्वसनीय साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। याचियों का फर्जी जीएसटी फर्मों के साथ जुड़े होने का कोई प्रत्यक्ष सबूत नहीं है। इसके अलावा याचियों के सहयोगी संजय ढींगरा (याची के पति) को पहले ही जमानत मिल चुकी है। केवल खाते में धन के लेनदेन के आधार पर याची को आपराधिक मामले में दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

दूसरी ओर याची के खिलाफ आरोप की पुष्टि करते हुए अपर महाधिवक्ता ने तर्क दिया कि कुल 2600 फर्जी फर्म पंजीकृत किए गए और 2600 फर्मों द्वारा प्राप्त आईटीसी 4 हजार करोड़ रुपए से अधिक थी। इस मामले में पूरा परिवार शामिल था। अतः एक भी व्यक्ति को जमानत देना अवैधता को बढ़ावा देने के समान होगा। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि फर्जी फर्मों के पंजीकरण में सीधे तौर पर शामिल न होने के कारण यह नहीं कहा जा सकता कि याची दोषी नहीं है। इस बात के स्पष्ट साक्ष्य मौजूद हैं कि याची ने धन के स्रोत को छिपाने का प्रयास किया या धन को इस तरह से स्थानांतरित करने में भाग लिया, जिससे पता चलता है कि उसने जानबूझकर गलत काम किया है। मालूम हो कि याची के बेटे मयंक के खाते में 71 बार और याची कनिका के खाते में 168 बार लगातार 300 करोड़ रुपए के लेनदेन हुए।

बच्चों सहित लोकभवन के बाहर आत्मदाह करने पहुंची महिला

लखनऊ, अमृत विचार: दहेज उत्पीड़न और तीन तलाक के मामले में कार्रवाई न होने से क्षुब्ध महिला बच्चों को लेकर लोकभवन के पास के साथ आत्मदाह करने पहुंच गई। पुलिसकर्मी पकड़कर उसे पुलिस चौकी दारुलशफा ले गए। उसके बैग में मिट्टी के तेल से भरी शीशी मिली। पुलिस ने महिला और उसके बच्चों को भाई के हवाले कर दिया है।सीतापुर जिले के तंबौर थाना क्षेत्र के चंदीभानपुर गांव की नजमा सोमवार को लोकभवन पहुंची थी। उसने पुलिस को बताया कि 11 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। तीन बच्चे खदीजा, अब्दुल्ला व हमजा हैं।

सार-संक्षेप

अयोध्या में विदेशी श्रद्धालु को रामलला की फर्जी शयन आरती पास मामले में अब दर्ज हुई रिपोर्ट

अयोध्या, अमृत विचार : एक सप्ताह पूर्व विदेशी श्रद्धालु को रकम लेकर फर्जी शयन आरती पास उपलब्ध कराए जाने के मामले में पुलिस ने अब रिपोर्ट दर्ज की है। शिकायत श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से दी गई है। गौरतलब है कि न्यूजीलैंड के शहर ऑकलैंड से अपनी बेटी के साथ 7 अक्टूबर को राम जन्मभूमि में दर्शन करने आए एक दंपत्ति को प्रति व्यक्ति 1200 लेकर शयन आरती पास उपलब्ध कराया था। जांच में पास फर्जी मिला था। उस समय दंपति ने बताया था किवहलखनऊ- गोरखपुर हाइवे स्थित एक नामी होटल में रुके हैं और वहां पर उन्होंने होटल के एक कर्मी से रामलला की शयन आरती देखने की इच्छा को प्रकट की थी। जिसके बाद एक व्यक्ति ने 1200 रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से भुगतान करने पर पास बनवा देने का दावा किया था। जिसके बाद उन्होंने पत्नी, बेटी व चालक के शयन आरती पास के लिए 4800 रुपए देकर यह पास हासिल किया था। मामला विदेशी श्रद्धालु से जुदा होने के चलते भीतरखाने हलचल मच गई थी, लेकिन कोई शिकायत पुलिस को नहीं दी गई थी।

दुर्गा प्रतिमा के गले से 10 हजार के नोटों की माला चोरी

कुमारगंज, अयोध्या, अमृत विचार : क्षेत्र के सिधारी बाजार में नवदुर्गा पूजा समिति पंडाल में रविवार रात चोरों ने मां दुर्गा की प्रतिमा के गले से करीब दस हजार रुपये की नोटों की माला चोरी कर ली। खण्डासा पुलिस चौकी क्षेत्र के सिधारी बाजार स्थित हनुमानगढ़ी के पास नवदुर्गा पूजा समिति द्वारा पंडाल में दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई थी। रविवार रात करीब 1:30 बजे तक बाजारवासी समिति के सदस्यों द्वारा भजन कीर्तन किया गया। सुबह जब लोगों ने पंडाल का पर्दा खोला तो प्रतिमा को देखकर दंग रह गए। पुलिस कमेटी के सदस्यों से पूछताछ करते हुए हनुमान मंदिर समेत आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

लखनऊ के टप्पेबाज गिरफ्तार, नकदी- आभूषण बरामद

सीतापुर, अमृत विचार : गांव से निकली महिलाओं को निशाना बनाने वाले गिरोह का भण्डाफोड़ करते हुए कोतवाली नगर पुलिस ने लखनऊ के दो टप्पेबाजों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे में नकदी, सोने-चांदी के गहने और बाइक बरामद हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार ने बताया कि बीते कुछ समय से शहर और उसके आसपास टप्पेबाजों का गिरोह सक्रिय होनी की बात प्रकाश में आई थी। इसको लेकर कोतवाली नगर पुलिस सक्रिय हुई और चेकिंग के दौरान लखनऊ के शहादतगंज थानाक्षेत्र स्थित यासीनगंज निवासी शहजाद और कल्लू उर्फ शहीद आलम को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का दावा है कि आरोपियों के पास 11 हजार की नकदी, सोने-चांदी के गहने और बाइक बरामद हुई। पूछताछ में शातिरों ने स्वीकार किया कि वे लोग गांव की भोली-भाली महिलाओं के साथ धोखा-धड़ी करके गहने और नकदी लेकर फरार हो जाते थे। बीती 4 अक्टूबर को मोहल्ला सिविल लाइन में कुछ ऐसी ही वारदात इन्हीं शातिरों द्वारा एक महिला के साथ की गई थी। केस दर्ज करते हुए आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।

नीट एमडीएस की स्ट्रे वैकेन्सी राउंड काउंसिलिंग आज से

लखनऊ, अमृत विचार : राज्य के डेंटल कॉलेजों में रिक्त पीजी सीटों पर दाखिले के लिए स्पेशल स्ट्रे वैकेन्सी राउन्ड की ऑनलाइन काउंसिलिंग 15 अक्टूबर से शुरू होंगी। यूपी नीट एमडीएस अंतर्गत होने वाली तीसरी काउंसिलिंग में वही अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे, जिन्हें पूर्व की कांउसिलिंग में सीट न आवंटित हुई हो, साथ ही उन्हें दो हजार रूपए शुल्क ऑनलाइन पृथक जमाकर पंजीकरण कराना होगा। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग में बने रहने के लिए धरोहर राशि जमा करनी होगी। जिसके बाद 18 अक्टूबर को अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी होगी। उन्होंने बताया कि मेरिट सूची में शामिल अभ्यर्थियों से कॉलेजों की प्राथमिकताएं ली जाएंगी और 21 अक्टूबर को सीट आंवटन परिणाम घोषित होंगे। दाखिले की प्रक्रिया 25 अक्टूबर तक संपन्न होगी।

एमबीबीएस के छात्र का शव फंदे से लटका मिला

बाराबंकी, एजेंसी: जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र के सफेदाबाद कस्बे में स्थित प्राइवेट हिंद मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के एक छात्र का शव छात्रावास में उसके कमरे में फंदे से लटका मिला।

शुरुआती जांच में पता लगा कि उपस्थिति कम होने के चलते छात्र विकास प्रसाद यादव को आशंका थी कि वह फेल हो जाएगा। वह वाराणसी जिले के एक चिकित्सक का पुत्र था। पुलिस ने बताया कि जिला वाराणसी के बड़ागांव थाना क्षेत्र के सिधालपुर

● हिंद मेडिकल कॉलेज में द्वितीय वर्ष का छात्र था विकास

गांव का निवासी विकास प्रसाद यादव (26) हिंद मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष का छात्र था। वह कॉलेज परिसर में ही बने छात्रावास के कमरे में अपने साथी एमबीबीएस के छात्र मनीष कुमार के साथ रहता था।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार की रात मनीष खाना खाने मेस गया था। कुछ देर बाद वह लौटा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। बार-बार पुकारने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो वहां के कर्मचारियों और अन्य छात्रों ने दरवाजा तोड़ दिया। कमरे में चादर के फंदे के सहारे पंखे से विकास का शव लटक रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। कमरे में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। सूचना मिलने के बाद 12 अक्टूबर को वाराणसी से यादव के पिता डॉ. ओमप्रकाश यादव व अन्य परिजन आए। छात्रों ने बताया कि कॉलेज में उपस्थिति कम होने से विकास तनाव में था।

दीपोत्सव को लेकर तैयारी बैठक आज

अयोध्या, अमृत विचार : दीपोत्सव मेला की तैयारी को लेकर आयुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में 15 अक्टूबर को 11 बजे आयुक्त कार्यालय स्थित सभागार में बैठक होगी। बैठक में दीपोत्सव मेला की व्यवस्था से जुड़े अफसर मौजूद रहेंगे। कहा गया है कि परिक्रमा/कार्तिक पूर्णिमा मेला के लिए जिन विभागो ने कार्ययोजना उपलब्ध नहीं कराई हैं। वह कार्ययोजना की प्रति के साथ बैठक में आएंगे।

लखनऊ में आज जुटेंगे 49 जिलों के बाल वैज्ञानिक

लखनऊ, अमृत विचार: अलीगंज के सेक्टर क्यू स्थित भाउराव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर में 22 वें विज्ञान मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुल 49 जिलों के बाल वैज्ञानिक हिस्सा लेने जा रहे हैं।

तीन दिनों तक चलने वाले विज्ञान मेला में अनेक कठिन प्रतियोगिताओं को जीतने के बाद बाल वैज्ञानिक राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किए जाएंगे।विद्या भारती द्वारा 22 वां क्षेत्रीय विज्ञान मेला का आयोजन किया गया है। मेले में पूर्वी उत्तर प्रदेश के 49 जिलों के 360 बाल वैज्ञानिक हिस्सा लेंगे। डॉ सौरभ मालवीय, संतोष सिंह और सुशील कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मेले का उदघाटन आज दिन में तीन बजे प्रदेश सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री अजीत पाल और स्थानीय विधायक नीरज बोरा करेंगे।

भाजपा मिल्कीपुर उपचुनाव में उतारेगी खाटी सांगठनिक प्रत्याशी

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी, अयोध्या से नए परिवेश में नया राजनीतिक संदेश देने के प्रयास में है। यह संदेश मिल्कीपुर से दिए जाने की तैयारी है। इसके लिए मिल्कीपुर उपचुनाव में पार्टी खाटी सांगठनिक प्रत्याशी उतारना चाहती है। इसको लेकर संघ, भाजपा सहित आनुषांगिक

● अयोध्या से नया राजनीतिक संदेश देने के प्रयास में भाजपा

संगठन गंभीर मंथन में हैं। एक-एक दावेदार की पूरी कुंडली खंगाली जा रही है।

भाजपा, मिल्कीपुर उपचुनाव के जरिए दो संदेश देना चाहती है। एक तो वह लोकसभा चुनाव की हार को इत्तेफाकिया साबित करना चाहती है दूसरा भाजपा के राजनीति को नई दिशा से जुड़ा है। भाजपा अब संगठन के लोगों पर ही दांव लगाएगी। यह भविष्य के लिए बड़ा संकेत हो सकता है। मिल्कीपुर विधानसभा सीट अनसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। कैडर का प्रत्याशी आने से साल 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए संगठन से प्रत्याशी तय किए जाने का संकेत निकलेगा। सूत्र बताते हैं कि प्रदेश में कई राउंड की चर्चा के बाद मामला दिल्ली दरबार तक पहुंच गया है। यहां संघ, भाजपा के साथ ही आनुषांगिक संगठन भी मंथन में शामिल हैं।पार्टी सूत्रों की मानें तो दावेदारों की पूरी पृष्ठभूमि तलाशी जा रही है। इसके लिए आनुषांगिक संगठन से कई दावेदारों को लेकर अपनी विंग के जरिए जानकारी ली गई। संघ की पृष्ठभूमि आईटीसी, ओटीसी के साथ संगठन व भाजपा से जुड़े होने की अवधि, दल बदल करने के साथ ही अन्य बिंदु शामिल रहे। संगठन ऐसा प्रत्याशी लाना चाहती है भले ही उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो लेकिन कैडर का हो। भले ही चुनाव संगठन को ही लड़ना पड़े। प्रत्याशी की सूची में से अन्य के साथ एक ऐसे नाम पर फोकस है। जो राजनीति में आने के बाद सपा-बसपा की आंधी के दौरान भी पार्टी छोड़कर नहीं गया।

सपा ने तय किया प्रत्याशी

मिल्कीपुर में चुनावी घमासाम तेज है। सपा ने प्रत्याशी तय कर दिया है। कांग्रेस कदमताल करके ताकत दिखा रही है। बसपा मजबूत प्रत्याशी देना चाहती है। ऐसे में भाजपा चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के पहले ऐसा प्रत्याशी घोषित करना चाहती है जिस पर आर्थिक न सही सामाजिक रूप से लोगों की निगाह टिके। विवाद से परे हो। जिला संगठन के पदाधिकारी प्रत्याशी चयन को लेकर इसे हाईकमान की बात कहते हैं।

धर्म दर्शन

पथभ्रष्टों के मार्गदर्शक अग्निदेव

अपांभेषज सूक्त के देवता 'आपः' हैं। आपः का सामान्य अर्थ जल लिया जाता है। मनुस्मृति 1/8 के अनुसार ईश्वर ने 'अप्' तत्व को सर्वप्रथम रचा। आपः यदि जल है तो उसके पूर्व वायु और अग्नि की उत्पत्ति आवश्यक है, अन्यथा जल की संरचना संभव नहीं। इसलिए आपः का अर्थ जल भी है, किंतु कुछ विद्वानों ने उसे सृष्टि के मूलतत्व की क्रियाशील अवस्था माना है।

अखंड ब्रह्म के संकल्प से मूलतत्व का क्रियाशील स्वरूप सबसे पहले प्रकट होता है, उससे ही पदार्थ रचना प्रारंभ होती है। आधुनिक पदार्थ विज्ञानी भी ऐसे किसी तत्व के सतत प्रवाहित होने की परिकल्पना करते हैं। ऋषि कहते हैं, माताओं-बहनों की भांति यज्ञ से उत्पन्न पोषक धाराएं यज्ञकर्ताओं के लिए पेय (जल अथवा दूध) के साथ मधुर रस मिलाती हैं। सूर्य के संपर्क में आकर पवित्र हुआ वाष्पीकृत जल उसकी शक्ति के साथ पर्जन्य वर्षा के रूप में हमारे सत्कर्मों को बढ़ाए, यज्ञ को सफल बनाए। जीवनीशक्ति, रोगनाशक एवं पुष्टिकारक आदि दैवी गुणों से युक्त आपः तत्व हमारे अश्वों व गौओं को वेग एवं बल प्रदान करें। हम बल-वैभव से संपन्न हों। हे आपः! आप प्राणिमात्र को सुख देने वाले हैं। सुखोपभोग एवं संसार में रमण करते हुए, हमें उत्तम दृष्टि की प्राप्ति हेतु पुष्ट करें। अन्नादि उत्पन्न कर प्राणिमात्र को पोषण देने वाले हे दिव्य प्रवाह! हम आपका सान्निध्य पाना चाहते हैं। हमारी अधिकतम वृद्धि हो। व्याधि निवारक दिव्य गुण वाले जल का हम आवाहन करते हैं। वह हमें सुख-समृद्धि प्रदान करें। उस औषधिरूप जल की हम प्रार्थना करते हैं। दैवी गुणों से युक्त जल हमारे लिए हर प्रकार से कल्याणकारी एवं प्रसन्नता दायक हो। सोम का हमारे लिए उपदेश है कि दिव्य आपः हर प्रकार से औषधीय गुणों से युक्त है। उसमें कल्याणकारी अग्नि भी विद्यमान है। सूखे प्रांत (रेगिस्तान) का जल हमारे लिए कल्याणकारी हो, जलमय देश का जल हमें सुख प्रदान करे। हे अग्निदेव! हम आपकी वंदना करते हैं। हे ज्ञान स्वरूप अग्निदेव! आपका प्रकाशरूपी पराक्रम हम देखें। आप पथभ्रष्टों के मार्गदर्शक हैं। अपने प्रभाव से दुष्टों को सन्मार्ग की ओर प्रेरित करें। नदी जिस प्रकार झाग (गंदगी) को बहा देती है, उसी प्रकार यह 'हवि' पापचारियों को यहां से दूर बहा ले जाएं। प्रायश्चित की भावना से शरण में आए दुष्टों का स्वागत करें। हे मार्गदर्शक, ज्ञान के पुंज! आप अपने सद्गुणों से उसे वश में करें।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे प्रकाश पुंज आग्नेय! आप पथभ्रष्ट जनों की संतानों तक सुदूर गुफा में पहुंचकर अपने दिव्य प्रकाश से उन्हें सन्मार्ग दिखाएं, इस प्रकार आप सबके कष्टों को दूर करें। वैभव की कामना करने वाले इस पुरुष को आठों वसुदेवता, इंद्र, पूषा, वरुण, मित्र, अग्नि आदि देवता धारण कर अपना अनुग्रह प्रदान करें। आदित्य और अन्य सभी देवता इसको तेजस्विता प्रदान करें। हे देवताओं! सूर्य की तेजस्विता, अग्नि की प्रखरता, चंद्रमा की शीतलता एवं स्वर्ण की आभा मनुष्य के जीवन को ऊंचा उठाए। अपने संयम से इन शक्तियों को बढ़ाता हुआ वह मनुष्य आसुरी वृत्तियों का विनाश करें। इस प्रकार वह जीवन की सर्वोच्च स्थिति प्राप्त करें। हे अग्निदेव! जिस श्रेष्ठ ज्ञान के बल पर इंद्र आदि देवता संपूर्ण सुखों का उपभोग करते हैं, उसी दिव्य ज्ञान से मनुष्य के जीवन को प्रकाशित करते हुए आप ऊंचा उठाएं। वह मनुष्य, देवतुल्य श्रेष्ठ जीवन जिएं। हे अग्निदेव! मैं इस साधक के यज्ञ, तेज, ऐश्वर्य एवं चित्त को स्वीकार करता हूं। आप इस साधक को श्रेष्ठ सुख-शांति प्रदान करें।

भारतीय संस्कृति में ओंकार की महत्ता

हमारे प्राचीन भारत की पवित्र धरा पर अ+उ+म के संयोग से निर्मित "ओम" शब्द को भारतीय मूल के सभी प्राचीन धर्मों, हिन्दू, बौद्ध और जैन में अत्यंत पवित्र माना जाता है। किसी भी धार्मिक अनुष्ठान का पूर्व "ओम" से प्रारंभ कर उसका समापन "ओम् शांतिः शांतिः शांतिः" से किया जाता है। पौराणिक साहित्य में बहुधा 'ओम्' में सम्मिलित 'अ' को विष्णु, 'ओ' को शिव एवं 'म' को ब्रह्मा कहा गया है। "आकारों विष्णु रुद्दिष्ट उकारस्तु महेश्वरः। मकारोच्यते ब्रह्मा प्रणवेन त्रयो मताः।।" इस प्रकार ओंकार प्रणव से तीनों का बोध होता है। अन्यत्र अ को ब्रह्मा, उ को विष्णु तथा म् को रुद्र का सूचक माना गया है। पौराणिक साहित्य के अनुशीलन से यह भी विदित होता है कि "ॐ", ओम की तीन मात्राएं प्रकृति के सत्व, रज और तम की सूचक भी हैं। अकार, उ कार तथा म कार में अकार सतोगुण, उ कार रजोगुण तथा म कार तमोगुण का प्रतीक है।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

नारद पुराण के पूर्वभाग, प्रथम पाठ के अनुसार, ब्रह्मा ने 'ऊंकार' के अवयव, उ कार एवं म कार को ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा सामवेद के दोहन से निकाला, जिसके पाठ से वेदाध्ययन का पुण्य प्राप्त होता है। सनातन धर्म की परंपरागत मान्यता के अनुसार "ॐ" के उच्चारण में संपूर्ण ब्रह्मांड का ही ज्ञान समाहित है। सात्विक भाव से इसके जाप से जापकर्ता के शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इससे मानसिक शांति मिलती है, तनाव से मुक्ति मिलती है, अनिद्रा की बीमारी से मुक्ति मिलती है और शारीरिक-मानसिक शक्ति का विकास होता है। संस्कृत में ओम को प्रणव भी कहा जाता है, जिसका अर्थ गुनगुनाना होता है। "ॐ" के पर्यायवाची 'प्रणव' का अभिप्राय ही प्राण संचारी या प्राण का संचारक होता है। ईसापूर्व दूसरी सदी में हुए महान चिकित्मक, 'चरक संहिता' के प्रणेता, 'योगसूत्र' के परमाचार्य पतंजलि के शब्दों में ओम के विषय में उल्लेख हैं, "तस्य वाचकः प्रणव;"। इसका शाब्दिक अर्थ है कि प्रणव वस्तुतः ईश्वर या "ॐ" है। स्मरणीय है कि ओम को ब्रह्मांड की ध्वनि या आवाज भी कहा गया है।

वर्ग पहेली-222

बाएं से दाएं

1.1. पोला, रिक्त 2. जिसके भीतर कुछ भी न हो 3. निरर्थक, सारहीन 4. भावशून्य 5. शक्तिहीन, दुर्बल।

5. (पुराण) शिव का एक नाम, महादेव।

7.1. प्रत्यक्ष ज्ञान 2. संवेदन 3. प्रयोग-परीक्षण से प्राप्त ज्ञान 4. व्यवहार से उपलब्ध संज्ञान 5. तजुर्बा, अहसास, (एक्सपीरिएंस)।

8.1. क्षमता, योग्यता, सामर्थ्य 2. धारिता, ग्रहणशक्ति 3. हैसियत, दर्ज़ा, स्थिति 4. अधिकार।

ऊपर से नीचे

2. मध्यप्रदेश का एक प्रमुख ऐतिहासिक स्थान। उक्त नगर में चंदेलों ने एक भव्य मंदिर स्थापित किया था जो अपनी सुंदरता और भित्तिचित्र के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

3.1. बहुत अधिक दूध देने वाली गाय 2. कामधेनु।

4.1. कल्पना 2. कामदेव, मनोज 3. प्रेम।

6. सेतु, पुल।

7.1. हमला, आक्रमण 2. आघात, प्रहार 3. किसी बात या कार्य पर सख्त आपत्ति या आलोचना।



वर्ग पहेली -221 का हल

1 शृ	गा	ल			2 उ
			3 सु	रू	प
			ले		च
4 मु			ख		य
5 सा	ध	6 नि	क		
हि		ज़ा			
7 ब	ढ़	ई		8 ठो	सा

सुडोकू -135

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			8			5		4
	8	7		1		2		
6		3		2	9		1	
	7						3	
3			9		6			1
	5						8	
	3		4	6		1		9
		1		3		6	7	
2		8			1		4	

सुडोकू - 134 का हल

1	7	3	4	2	8	5	9	6
2	5	4	1	9	6	3	7	8
8	6	9	7	5	3	4	1	2
3	4	5	8	1	7	6	2	9
7	9	2	5	6	4	8	3	1
6	1	8	9	3	2	7	4	5
5	8	7	2	4	1	9	6	3
9	2	6	3	7	5	1	8	4
4	3	1	6	8	9	2	5	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 अक्टूबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 16 अक्टूबर 00.19 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 22.08 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद

मेष — आज दांपत्य संबंधों में ताजगी रहेगी। मन में नए कार्यों को लेकर उमंग-उत्साह की भावना रहेगी। लेकिन एक साथ कई काम करने की कोशिश न करें। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव कम होगा। महिलाएं अपने साज-सज्जा पर काफी ध्यान देंगी।

वृष — आज परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। पुराने झगड़ों को लेकर दोबारा उलझने से बचें। खोयी हुई वस्तु आपको आज वापस मिल सकती है। नए प्रोजेक्ट्स की शुरुआत कर सकते हैं। ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे।

मिथुन — आज अध्यात्मिक विषयों पर गूढ अध्ययन कर सकते हैं। परिवार के सदस्य आपके ऊपर गर्व करेंगे। उच्च अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ेगी। व्यवसाय में सावधानी रखने की आवश्यकता है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है।

कर्क — आज प्रियजनों की सलाह पर गंभीरता से विचार करें। जीवनसाथी के साथ विश्वास में कमी आयेगी। कुल मिलाकर आज का दिन संघर्ष से युक्त हो सकता है। मौसम परिवर्तन के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है।

सिंह — आज यदि किसी इन्टरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं, तो दिन सौभाग्यशाली रहेगा। व्यवसाय में दैनिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्च पद मिल सकता है। थोड़े ही प्रयासों से आपके काम सफल हो जायेंगे। मेहनत के बलबूते कई सारे कार्य एक साथ कर लेंगे।

कन्या — आज प्रेम संबंधों को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में कुछ परिवर्तन ला सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के साथ तालमेल बहुत ही अच्छा रहेगा। माता-पिता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

तुला — आज ऑफिस का काम समय पर पूर्ण हो जायेगा। ग्रह स्थिति आपके पक्ष में हो सकती है। दोस्तों के साथ समय बिताना पसन्द करेंगे। सहकर्मी आपको अपमानित करने का प्रयास कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम प्राप्त होने के योग बन रहे हैं।

वृश्चिक — आज आपको अकारण यात्रा करनी पड़ सकती है। यदि भीड़भाड़ वाले इलाकों में जा रहे हैं तो सावधानी अवश्य रखें। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। घर में अचानक बिना बुलाए मेहमान आ सकते हैं। पति-पत्नी के बीच नोंकझोंक हो सकती है। आपकी छवि में निखार आ सकता है।

धनु — आज घर के किसी अविवाहित सदस्य के विवाह की चर्चा हो सकती है। प्रभावशाली लोगों के बीच आपका उठना-बैठना रहेगा। मनोरञ्जन के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। शान्तिपूर्ण तरीके से समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। समय का सदुपयोग करें।

मकर — आज अपनी नकारात्मक आदतों पर नियंत्रण रखें। गरिष्ठ और तला-भुना भोजन कब्ज और माइग्रेन का कारण बन सकता है। विरोधी आपके विरुद्ध षड्यंत्र रच सकते हैं। जॉब में तनाव बढ़ने की संभावना है। नई संपत्ति खरीदने का विचार बना सकते हैं।

कुंभ — आज यदि आप किसी समस्या से परेशान हैं, तो आपको उसका समाधान मिल सकता है। धैर्यवान होकर काम पूर्ण करें। जीवनसाथी का सहयोग अपने कार्य को लेकर ऊर्जा प्रदान करेगा। आपके करियर में नया मोड़ आ सकता है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिलेगा।

मीन — आज आपकी राय लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण हो सकती है। बहुमूल्य वस्तुओं को संभाल कर रखें। पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद उपजने की आशंका है। स्वभाव में चिड़चिड़ापन अधिक हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारी उच्च अधिकारियों से असंतुष्ट हो सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
नजर के सामने — सुबह : 09.40
सिंह इज किंग — रात : 07.17

&pictures
खिलाड़ी — सुबह : 10.44
तिरंगा — रात : 07.30

SONY PIX
गूसबम्प्स — सुबह : 10.14
इट चैप्टर टू — रात : 09.00

ZEE CINEMA
भवानी जंक्शन — सुबह : 09.10
हैपी फिर भाग जाएगी — शाम : 06.00

ZEE ACTION
मास — सुबह : 10.32
मक्खी — रात : 07.30

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर शाम : 06.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी तैयार होकर अपने पति से पूछती है, बताओ मैं कैसी लग रही हूं?
पति - कसम से दिल कर रहा है कि तुम्हें उठाकर पाकिस्तान फेंक आऊं
पत्नी - क्या मतलब ?
पति-मतलब कि तुम बम लग रही हो बम...

एक औरत साड़ी की दुकान पर साड़ी लेने गई।
दुकानदार- बताइए मैडम जी, आपको कैसी साड़ी दिखाऊं?
औरत- मेरी सास, जेठानी, नंद, पड़ोसन सब देखकर जल जाएं ऐसी साड़ी दिखाओ।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	81,973.05	25,127.95
बढ़त	591.69	0.66
प्रतिशत में	0.73	0.07

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2460, राज श्री 1810, फ़ॉर्चून कि. 2190, रविन्द्रा 2375, फॉर्चुन ली. 2000, जय जवान 1930, सचिन 2060, सूरज 1955, अवसर 2085, राग गोल्ड 2155, गृहणी ली 2020, क्लासिक (किलो) 2130, मोर 2125, चक्र टिन 2230, ब्लू 2190, आशीर्वाद मस्टर्ड 2300, स्वास्तिक 2430 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000-22000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150 । चावल-_ (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7050, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700-13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, चना काला 8850, दाल चना 9200, लाल हिंदुस्तान 9300, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12700, मोटा हीरा 14700, अरहर गोला मोटा 11500, अरहर पटका मोटा 11800, अरहर कोरा मोटा 12000, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी- डालमियां 4180, पीलीभीत 4160, नवाबगंज 4150, बहेड़ी 4160।

सर्राफा

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	78400
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	77400
सिल्वर (पक्की)	922 (अनुमानित)

खुदरा महंगाई बढ़कर नौ माह के उच्चस्तर 5.49 प्रतिशत पर

खाद्य कीमतों में तेजी के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में आया उछाल

- आरबीआई की नीतिगत ब्याज दर में भविष्य में कटौती की उम्मीद धूमिल

नयी दिल्ली, एजेंसी

विशेष रूप से खाद्य कीमतों में तेजी के चलते देश में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर 2024 में उछल कर 5.49% पर पहुंच गयी। यह खुदरा मुद्रास्फीति का नौ माह का उच्चतम स्तर है और इससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नीतिगत ब्याज दर में निकट भविष्य में कटौती की उम्मीद धूमिल हो सकती है।

अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति 3.65% थी। आरबीआई खुदरा मुद्रास्फीति को 4% या हद से हद 2% ऊपर-नीचे की सीमा में बनाए रखना चाहता है। सितंबर में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति क्रमशः 5.87 और 5.05% रही। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार सितंबर, 2024 में मुद्रास्फीति दर में उछाल मौसम की स्थिति के कारण विशेष रूप से सब्जियों और अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों के ऊंचा बने रहने के साथ साथ तुलनात्मक आधार के प्रभाव के कारण भी है।

आरबीआई की थी घोषणा

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल सितंबर में खाद्य मुद्रास्फीति पिछले महीने के 5.66 से बढ़कर 9.24% हो गई। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने पिछले सप्ताह नीतिगत रेपो दर को नौवीं बार 6.50% पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया, जबकि कुछ तिमाहियों में दर में कटौती की चर्चा थी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि सितंबर के लिए खुदरा मुद्रास्फीति में खाद्य वस्तुओं के मूल्यों में तेजी से बड़ा उछाल देखा जा सकता है। आरबीआई का कहना कि 2023-24 में प्याज, आलू और चना दाल (ग्राम) के उत्पादन में कमी का बाजार पर प्रभाव बना हुआ है।

एसएमई : देश के आर्थिक विकास के लिए प्रेरक

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एसएमई) किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का आधार हैं। ये उद्यम नवाचार, रोजगार सृजन और समुदायों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एसएमई में निवेश से उच्च विकास की संभावनाएं, विविधता और अर्थव्यवस्था को समर्थन मिलता है। इन निवेशों के साथ जोखिम भी होते हैं, जैसे आर्थिक अस्थिरता और प्रतिस्पर्धा। सही शोध और रणनीति के साथ, नए निवेशक एसएमई में अवसरों का लाभ लेसकते हैं इस पर आइये गौर करें ...

- **सूक्ष्म उद्यम :** जिनमें 10 कर्मचारी और सालाना टर्नओवर निश्चित सीमा (जैसे 2 करोड़) होता है।
- **लघु उद्यम :** जिनमें 10 से 50 कर्मचारी होते हैं और टर्नओवर लगभग 10 करोड़ तक होता है।
- **मध्यम उद्यम :** जिनमें 50 से 250 कर्मचारी होते हैं और टर्नओवर 10 से 50 करोड़ के बीच होता है।

कंपनियां

- विनिर्माण
- सेवा उद्योग
- कृषि
- खुदरा
- आईटी और टेक्नोलॉजी

निवेश के लाभ

- **उच्च विकास की संभावना :** एसएमई अक्सर नवाचार के लिए प्रेरित होते हैं और इसलिए उनमें विकास की अच्छी संभावनाएं होती हैं।
- **निवेश में विविधता :** छोटे और मध्यम उद्यमों में निवेश करने से आपका पोर्टफोलियो विविध हो सकता है।
- **स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन :** एसएमई स्थानीय समुदायों में रोजगार पैदा करते हैं और आर्थिक विकास में मदद करते हैं।

जोखिम

- **आर्थिक अस्थिरता :** छोटे उद्यम अक्सर आर्थिक परिवर्तनों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।
- **सीमित संसाधन :** इसमें पूंजी, तकनीकी और मानव संसाधनों की कमी होती है।
- **प्रतिस्पर्धा :** बड़े कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करना कठिन हो सकता है।

कैसे करें निवेश

- **शोध करें :** एसएमई के व्यापार मॉडल, मार्केटिंग रणनीतियों और वित्तीय स्थिति का विश्लेषण करें।
- **नेटवर्किंग :** स्थानीय व्यापार संघों, निवेश फोरम और प्रदर्शनी में भाग लें।
- **मूल्यांकन :** निवेश से पहले व्यवसाय योजना को अच्छी तरह से समझें।

सोना फिर 78,700 के उच्चस्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली। स्टॉकिस्टों और व्यापारियों की सतत लिवाली के कारण सोमवार को सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। हालांकि, वैश्विक स्तर पर सोने में गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को सोना 78,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। ताजा औद्योगिक मांग के कारण चांदी 500 रुपये बढ़कर 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले बंद भाव में यह 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

सीमा पार धन प्रेषण की लागत व समय कम करने पर जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

- आरबीआई के गवर्नर ने की वकालत, आईओएम के रिपोर्ट अनुसार, भारत का धनप्रेषण 111 अरब डॉलर

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को विदेश भेजे जाने वाले धन में लगने वाले समय और लागत को कम करने की वकालत की, जो भारत सहित कई विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण है। अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) द्वारा जारी विश्व प्रवासन रिपोर्ट 2024 के अनुसार, पिछले वर्ष भारत का धनप्रेषण अन्य सभी देशों से आगे बढ़कर 111 अरब डॉलर हो गया।

बैंक ऑफ इंग्लैंड के अनुमान के अनुसार, वैश्विक सीमा पार भुगतान का मूल्य 2027 तक 250 लाख करोड़ डॉलर से अधिक होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि सीमा पार श्रमिकों द्वारा भेजे जाने वाले धन की महत्वपूर्ण मात्रा, पूंजी के सकल प्रवाह का बढ़ता आकार और सीमा पार ई-कॉमर्स के बढ़ते महत्व ने इस वृद्धि में उत्प्रेरक का काम किया है। दास ने सेंट्रल बैंकिंग एट क्रॉसरोड्स विषय पर आयोजित सम्मेलन में कहा कि भारत सहित कई उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए सीमा पार पीयर-टू-पीयर (पी2पी) भुगतान की संभावनाओं को तलाशने के लिए धन प्रेषण शुरुआती बिंदु है। हमारा मानना है कि ऐसे धन प्रेषणों की लागत और समय को महत्वपूर्ण रूप से कम करने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि डॉलर, यूरो और पाउंड जैसी प्रमुख मुद्राओं में लेनदेन निपटाने के लिए वास्तविक समय सकल निपटान (आरटीजीएस) के विस्तार की व्यवहार्यता द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यवस्था से तलाशी जा सकती है। भारत और कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों तरीकों से सीमा पार तीव्र भुगतान प्रणालियों के विस्तार के प्रयास पहले ही शुरू कर दिए हैं। इनमें प्रोजेक्ट नेक्सस भी शामिल है, जो चार आसियान देशों (मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड) और भारत की घरेलू त्वरित भुगतान प्रणालियों (आईपीएस) को जोड़कर सीमा पार खुदरा भुगतान को सक्षम करने के लिए बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय पहल है।

चीन के मुकाबले 5 वर्ष में भारतीय बाजार ने दिया अच्छा रिटर्न : सेबी

मुंबई, एजेंसी

- घरेलू शेयर बाजार ने लगातार 15% रिटर्न दिया, जबकि चीन में यह शून्य
- सेबी ने कम जोखिम पर अधिक रिटर्न देने वाले भारतीय बाजार को सोने पे सुहागा बताया

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने सोमवार को निवेशकों से कहा कि घरेलू शेयर बाजार ने पांच साल में लगातार 15% रिटर्न दिया है, जबकि चीन में यह शून्य है और कई मामलों में तो गिरावट रही है। नारायण ने कम जोखिम पर अधिक रिटर्न देने वाले भारतीय बाजार को सोने पे सुहागा बताते हुए निवेशकों के लिए सावधानी के कुछ क्षेत्रों को भी चिह्नित किया और उन्हें जोखिमों के प्रति सचेत रहने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि कुछ दिनों में चीन के बाजारों के बारे में काफी चर्चा हो रही है। लेकिन पांच साल में भारतीय बाजार ने लगातार लगभग 15% सालाना का रिटर्न दिया है। वहीं चीन इसके आसपास भी नहीं हैं। वहां रिटर्न शून्य है। वास्तव में हांगकांग जैसे कुछ मामलों में निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा है। नारायण ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में निवेशक जागरूकता सप्ताह की शुरुआत के कार्यक्रम में कहा कि 2023-24 भारत के लिए उल्लेखनीय वर्ष था। इसमें सूचकांकों ने 28% का रिटर्न दिया है।

एक नजर

असम : चार करोड़ मूल्य की हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम में गुवाहाटी के उपनगरीय इलाके में सोमवार को ट्रक से चार करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद की गई और इस सिलसिले में असम पुलिस के विशेष कार्य बल ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। नागालैंड से गुवाहाटी की ओर मादक पदार्थ ले जाने की सूचना पर पुलिस ने जोराबाट के निकट अभियान चलाया और ट्रक को रोका। तलाशी के दौरान पुलिसकर्मियों ने 537.2 ग्राम हेरोइन से भरे साबुन के 45 डिब्बे बरामद किए, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत चार करोड़ से अधिक है।

कोविड-19 रोधी टीकों के दुष्प्रभाव वाली याचिका रद

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कोविड-19 रोधी टीका लगाने से खून में थक्का बनने जैसे दुष्प्रभाव होने का आरोप लगाने वाली जनहित याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका सिर्फ सनसनी फैलाने के इरादे से दायर की गई है। इस पर कार्रवाई के लिए मुकदमा दायर करें। इसका क्या उपयोग है? कृपया यह भी समझें कि अगर आप टीका नहीं लेते हैं तो इसका क्या दुष्प्रभाव होगा।

कोर्ट से केंद्र ने कहा- चारधाम परियोजना 75 प्रतिशत पूर्ण

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि सामरिक रूप से अहम उत्तराखंड की चारधाम परियोजना के तहत आवंटित ठेके का 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसके तहत चीन तक यातायात के लिए सड़क बनाई जा रही है। सामरिक रूप से अहम 900 किलोमीटर लंबी सड़क परियोजना का उद्देश्य उत्तराखंड के चार पवित्र धामों यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ को साल पर चालू रहने वाली सड़कों से जोड़ना है। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार और न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुइयां की पीठ को बताया कि शीर्ष अदालत द्वारा गठित निगरानी समिति ने उच्चतम न्यायालय को दो रिपोर्ट दाखिल की हैं।

आबकारी मामला: अभिषेक की जमानत मंजूर की

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में हैदराबाद के व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली की जमानत अर्जी सोमवार को मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और अरविंद कुमार की पीठ ने अंतरिम जमानत के पहले के आदेश को नियमित जमानत में तब्दील किया। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जमानत का विरोध नहीं किया।

राष्ट्रीय

कांग्रेस चला रही भू हड़प आंदोलन

राहुल खरगे के जमीन आवंटन अनुरोध को वापस लेने पर भाजपा ने घेरा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे राहुल ने सिद्धारमैया की पत्नी के भूखंड लौटाने के बाद ये कदम उठाया
- भाजपा ने सिद्धारमैया समेत कांग्रेस के कई नेताओं पर जमीन घोटालों का आरोप लगाया

भाजपा ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भूमि सौदों से जुड़े भ्रष्टाचार में लिप्त है और पोल खुलने के बाद उसे नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा ने कांग्रेस पर ऐसे समय हमला किया जब कर्नाटक में सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट के अध्यक्ष राहुल एम. खरगे ने बहु-कौशल विकास, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र के लिए बेंगलुरु में पांच एकड़ जमीन आवंटन के अनुरोध को वापस ले लिया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे राहुल का यह कदम सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती द्वारा मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण को 14 भूखंड लौटाने के बाद आया है। लोकायुक्त पुलिस ने इस मामले को लेकर सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया था। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ये फैसले नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की प्रतिकूल रिपोर्ट और कानूनी कार्यवाही पर लिए गए हैं और एक तरह से यह उसके नेताओं की स्वीकारोक्ति है कि भू आवंटन गलत था।

त्रिवेदी ने सिद्धारमैया समेत कांग्रेस के कई नेताओं पर जमीन घोटालों का आरोप लगाया और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से पूछा कि उनकी मोहब्बत की दुकान अब अवैध प्रॉपर्टी डीलर की दुकान में कैसे तब्दील हो गई?

भूमि हड़पने का कार्य कांग्रेस में सर्वोच्च स्तर पर

त्रिवेदी ने खरगे और सिद्धारमैया के परिवार द्वारा जमीन लौटाने का उल्लेख करते हुए कहा कि यह उनकी स्वीकारोक्ति है। सत्ता का दुरुपयोग करके भूमि को हड़पने का कार्य कर्नाटक में कांग्रेस में सर्वोच्च स्तर पर हो रहा था। उन्होंने कांग्रेस से सवाल किया कि सिर्फ जमीन लौटाने से काम नहीं चलेगा। नैतिकता के आधार पर जिन्होंने जमीन वापस की, क्या उन्हें इस्तीफा नहीं देना चाहिए? त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि महात्मा गांधी और विनोबा भावे के भूदान से जुड़ी पार्टी अब सोनिया और राहुल गांधी की प्रेरणा से भू हड़प आंदोलन चला रही है। जमीन को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, भूपेश बघेल और कमलनाथ तथा कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार समेत अन्य के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं।

उप्र के सीएम ने भी अपने मुकदमों को वापस लिया था : परमेश्वर

बेंगलुरु। कर्नाटक के गृहमंत्री जी.परमेश्वर ने 2022 में हुबली में हुए दंगे के आरोपियों पर से मुकदमे वापस लेने का सोमवार को बचाव करते हुए दावा किया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी खुद पर दर्ज मुकदमों को वापस लिया था। उत्तरी कर्नाटक के हुबली में 16 अप्रैल 2022 को दंगे के दौरान पुलिस पर पत्थरबाजी की आरोपी भीड़ पर दर्ज मुकदमे वापस लेने के कर्नाटक सरकार के फैसले के खिलाफ भाजपा फ्रीडम पार्क में प्रदर्शन कर रही है। इस बारे में सवाल किए जाने पर परमेश्वर ने यह टिप्पणी की।

सूत्रों ने बताया कि परमेश्वर को अंजुमन-ए-इस्लाम द्वारा दी गई अर्जी के बाद मंत्रिमंडल ने 43 मामलों को वापस लिया, जिनमें हुबली का मामला भी है। परमेश्वर ने कहा कि मामलों को वापस लेने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद अदालत को जानकारी दी गई है। अगर अदालत इसे स्वीकार कर लेती है तो मामले वापस हो जाएंगे। हम सतर्कता से प्रक्रिया का पालन करेंगे। हम मामले केवल इसलिए वापस नहीं लेंगे क्योंकि किसी ने ऐसा करने के लिये कहा है।

मेक इन इंडिया अब बनकर रह गया फेक इन इंडिया : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र सरकार का किया घेराव, बोली- इसके उद्देश्य साबित हुए जुमले

कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि मेक इन इंडिया की शुरुआत के समय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने इसके जो उद्देश्य बताए थे वे जुमले साबित हुए हैं और मेक इन इंडिया अब फेक इन इंडिया बन गया है। कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि पिछले दशक में हमारे देश का आर्थिक नीति निर्माण स्थिर, पूर्वानुमान एवं समझदारी से भरा नहीं रहा है।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया कि मेक इन इंडिया की घोषणा के साथ प्रधानमंत्री ने चार उद्देश्य तय किए गए थे। उनकी स्थिति क्या है, इसे लेकर पड़ताल- पहला जुमलाः भारतीय उद्योग की विकास दर बढ़ाकर 12-14% प्रति वर्ष करना। हकीकत में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर औसतन 5.2% है। दूसरा जुमला : 2022 तक औद्योगिक क्षेत्र में 10 करोड़ नौकरियां पैदा करना। हकीकत : श्रमिकों की संख्या 2017 में 5.13 करोड़ थी, जो गिरकर 3.56 करोड़ हो गई। तीसरा_र : 2022 तक और 2025 तक निर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को जीडीपी के 25% ले जाएंगे। हकीकत में विनिर्माण का हिस्सा 2011-12 में 18.1 प्रतिशत था। यह गिरकर 14.3 प्रतिशत रह गया है।

मुंबई में प्रवेश करने वाले हल्के मोटर वाहनों पर नहीं लगेगा टोल शुल्क

मुंबई, एजेंसी

- विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद लिया निर्णय

महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई में प्रवेश के लिए सभी पांच टोल बूथ पर हल्के मोटर वाहनों के लिए टोल शुल्क पूरी तरह समाप्त करने की सोमवार को घोषणा की और यह फैसला आज मध्यरात्रि से लागू हो जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल के मुंबई में सोमवार सुबह हुई बैठक में टोल शुल्क समाप्त करने की अनुमति देने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि टोल बूथ पर यातायात जाम से टोल शुल्क समाप्त करने की मांग थी।

एक अधिकारी ने बताया कि यह कदम आगामी राज्य विधानसभा चुनाव से पहले लिया गया है। टोल शुल्क समाप्त करने से दिवाली से पहले मुंबई आने और जाने वालों को राहत मिलेगा। यात्री पांच बूथ दहीसर, एलबीएस रोड-मुलुंड, ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे-मुलुंड, एरोली क्रीक ब्रिज और वाशी पर टोल दिए बिना यात्रा कर सकेंगे। हल्के मोटर वाहनों में कार (हैचबैक, सीडान और एसयूवी), जीप, वैन, ऑटो-रिक्शा, टैक्सी, डिलीवरी वैन और छोटे ट्रक शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि छह लाख से अधिक वाहन रोज मुंबई की सीमा पार करते हैं जिनमें से 80 फीसदी हल्के वाहन हैं। शिंदे ने कहा कि टोल शुल्क समाप्त करने के कदम से समय एवं ईंधन बचेगा और प्रदूषण कम होगा।

अनशन जारी, दो और डॉक्टरों की हालत बिगड़ी

आरजी कर मामला

कोलकाता, एजेंसी

मांगों को लेकर रैली निकालते डॉक्टरों के साथ लोग।

आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद मांगों को लेकर चिकित्सकों का आमरण अनशन सोमवार को 10वें दिन भी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि इस बीच दो और चिकित्सकों की तबीयत बिगड़ गयी और उनमें से एक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उन्होंने बताया कि एनआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पुलस्थ आचार्य को पेट में दर्द के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि पुलस्थ क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती हैं। कोलकाता मेडिकल कॉलेज की एक और चिकित्सक तान्या पंजा की भी दोपहर को तबीयत बिगड़ गयी है, लेकिन उन्हें अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया है। वहीं प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने सोमवार को धर्मतला के पास डोरिना चौराहे से यह मार्च निकाला, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल हुए। पांच डाक्टरों के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल बोस से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है।

वक्फ पर संसदीय समिति की बैठक का किया बहिष्कार

नई दिल्ली। विपक्षी दलों ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसदीय समिति की बैठक का सोमवार को बहिष्कार करते हुए आरोप लगाया कि समिति नियम-कानून के अनुसार काम नहीं कर रही है। कांग्रेस के गौरव गोगोई और इमरान मसूद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के ए राजा, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के असदुद्दीन ओवैसी, सपा के मोहिबुल्लाह और आप के संजय सिंह जैसे विपक्षी सांसद बैठक से बाहर निकल गए और इसकी कार्यवाही को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। सावंत ने कहा कि विधेयक पर गौर कर रही संयुक्त समिति नियमों के मुताबिक काम नहीं कर रही है। अन्य सांसदों ने आरोप लगाया कि समिति के समक्ष उपस्थित व्यक्ति को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जैसे वरिष्ठ सदस्यों पर आरोप लगाने की अनुमति दी गई।

मोदी पर टिप्पणी : थरूर पर मानहानि की कार्यवाही को लेकर रोक बढ़ी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मानहानि मामले में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक सोमवार को चार सप्ताह के लिए बढ़ा दी। यह मामला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाकर कथित शिवलिंग पर बिच्छू वाली टिप्पणी के विरुद्ध दायर मानहानि याचिका से जुड़ा है।

न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने दिल्ली पुलिस और शिकायतकर्ता को थरूर की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। पीठ ने निर्देश दिया कि मानहानि की कार्यवाही पर रोक अंतरिम आदेश जारी रहेगा।

बीएनएस में आईपीसी की धारा 377 के समान प्रावधान बाहर करने के खिलाफ याचिका रद

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह मुद्दा संसद के क्षेत्राधिकार में, वह निर्देश नहीं दे सकता

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) से अप्राकृतिक यौन संबंध के अपराधों के लिए दंडात्मक प्रावधानों को बाहर करने के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। बीएनएस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) का स्थान लिया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह मुद्दा संसद के क्षेत्राधिकार में आता है और वह इस मामले में कोई निर्देश नहीं दे सकती। पीठ ने याचिकाकर्ता को सरकार से संपर्क की अनुमति देते हुए कहा कि हम संसद को कानून बनाने के लिए बाध्य नहीं कर सकते। आईपीसी की धारा 377 के तहत दो वयस्कों के बीच गैर-सहमति से अप्राकृतिक यौन संबंध, नाबालिगों के साथ यौन क्रियाएं और पशुगमन को दंडित किया जाता है।

तेलंगाना के मंदिर में मूर्ति को तोड़ने से तनाव

हैदराबाद। तेलंगाना के सिकंदराबाद जिले के मोंडा मार्केट में मुथ्यालम्मा मंदिर में शरारती तत्वों के मंदिर में मूर्तियों को तोड़ने के बाद जिले में तनाव व्याप्त है। घटना की जानकारी के बाद लोग ने गुस्सा और रोष व्यक्त किया। पुलिस ने स्थिति को देखते हुए बल तैनात किया है। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने हैदराबाद पुलिस आयुक्त सीवी आनंद के साथ स्थिति का आकलन करने के लिए मंदिर का दौरा किया। किशन रेड्डी ने पुलिस अधिकारियों से घटना का ब्योरा भी मांगा।

आईएएस और मंत्री से जुड़े लोगों के परिसरों पर ईडी ने मारा छापा

रांची, एजेंसी

जल जीवन मिशन घोटाला

- धनशोधन के मामले में रांची में 20 स्थानों पर की गई कार्रवाई

ईडी ने झारखंड में जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं को लेकर धनशोधन के मामले की जांच में सोमवार को रांची में कई स्थानों पर छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि रांची में 20 से अधिक जगहों पर तलाशी ली जा रही है तथा चाईबासा और पश्चिमी सिंहभूम जिले में भी कुछ स्थानों पर छापे मारे गए।

उन्होंने कहा कि ईडी पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के स्टाफ में शामिल आईएएस अधिकारी मनीष रंजन, उनके भाई, कुछ सरकारी अधिकारियों, ठेकेदारों और व्यापारियों के परिसरों की भी तलाशी ली। रंजन भूमि, सड़क और भवन विभाग के सचिव हैं तथा ईडी उनसे पहले भी धनशोधन के अलग मामले में पूछताछ कर चुका है।

विराट में अब भी बाकी है रनों की भूख : गंभीर

चिन्नास्वामी स्टेडियम में 16 से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होगा पहला टेस्ट

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा है कि उनमें रनों की भूख पहले की तरह ही बरकारार है एवं खेल के शीर्ष पर एक दशक से अधिक समय के बाद भी बल्ले से रन बनाने की उनकी इच्छा कम नहीं हुई है।

टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने 16 अक्टूबर से चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले कोहली के समर्पण की जमकर तारीफ की। विराट टेस्ट क्रिकेट में 9,000 रन बनाने के उल्लेखनीय मुकाम हासिल करने के काफी करीब है। गंभीर ने विराट के शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा मुझे श्रीलंका में उनके डेब्यू टेस्ट में उनके साथ ओपनिंग करना याद है। उनकी भूख हमेशा बनी रहती है, और यही बात उन्हें विश्व स्तरीय क्रिकेटर बनाती है। विराट अपने दृढ़ निश्चय के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने लगातार यह साबित भी किया है कि सफलता के लिए उनकी भूख खत्म नहीं होती है। गंभीर ने इस बात पर जोर देते हुए कहा वह हमेशा अधिक रन बनाने के लिए भूखे रहते हैं और उनकी यह भूख कभी कम नहीं होती। मुझे यकीन है कि वह भारत में आगामी श्रृंखला और ऑस्ट्रेलिया दौरे में बल्ले से ज्यादा रन निकालने के लिए उत्सुक होंगे। उन्होंने कहा कि भारत तीन मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज़ के लिए तैयार है उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का चुनौतीपूर्ण दौरा होगा। विराट का अनुभव और टीम के लिए उनका समर्पण महत्वपूर्ण साबित होगा। विराट ने अब तक अपने टेस्ट करियर में 114 मैच खेलते हुए 8871 रन बनाए है जिसमें 29 शतक और सात दोहरा शतक शामिल है। उन्हें 9000 रन का बैरियर पार करने के लिए 140 रन की जरुरत है।

जितना जोखिम, उतना फायदा, बल्लेबाजों पर कोई लगाम नहीं

बेंगलुरु। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को यह स्पष्ट किया कि वह टेस्ट क्रिकेट में अपने बल्लेबाजों पर लगाम नहीं लगाएंगे क्योंकि जितना अधिक जोखिम लिया जाएगा उतना ही फायदा भी होगा। भारत ने हाल में बारिश से प्रभावित कानपुर टेस्ट मैच में बांग्लादेश के खिलाफ इसी तरह का रवैया अपनाया था। इस मैच में बारिश के कारण दो दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी लेकिन भारत ने आखिर में सात विकेट से जीत दर्ज की थी। गंभीर ने कहा कोई ऐसा दिन भी होगा जब हमारी टीम 100 रन पर आउट हो जाए लेकिन हमें इसे स्वीकार करना होगा। हम अपने खिलाड़ियों का जोखिम से भरी क्रिकेट खेलने के लिए समर्थन जारी रखेंगे। हम इसी तरह से आगे बढ़ना चाहते हैं तथा कैसी भी परिस्थिति हो परिणाम हासिल करना चाहते हैं। गंभीर ने हालांकि तुरंत ही कहा की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना उनकी टीम के लिए आगे भी महत्वपूर्ण बना रहेगा। मैंने चेन्नई में कहा था कि हम एक ऐसी टीम चाहते हैं जो एक दिन में 400 रन बनाए तथा दो दिन तक बल्लेबाजी करके मैच ड्रॉ करा सके। इसे ही आगे बढ़ना कहा जाता है। इसे परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना कहा जाता है। यही टेस्ट क्रिकेट है। अगर आप हमेशा एक ही ढर्रे पर बने रहते हैं तो फिर आगे नहीं बढ़ सकते। गंभीर को विश्वास है कि उनके खिलाड़ी अपनी सीमा से आगे निकलने के टीम के रवैये पर कायम रहते हुए किसी भी परिस्थिति से पार पाने की क्षमता रखते हैं।

जरूरी है अश्विन और जडेजा के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी : रचिन रविंद्र

बेंगलुरु। न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने सोमवार को कहा कि अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के दोहरे खतरे से निपटना भारत के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में उनकी टीम की सफलता के लिए महत्वपूर्ण होगा। अश्विन और जडेजा ने टेस्ट में मिलकर 800 से अधिक विकेट हासिल किए हैं। यह दोनों वर्तमान में विश्व क्रिकेट में सबसे अनुभवी गेंदबाजी जोड़ियों में से एक हैं। रचिन ने कहा वे लंबे समय तक एक क्षेत्र में गेंदबाजी करने की क्षमता रखते हैं। मेरा मतलब है आप दो स्पिनरों को देखते हैं जो लगातार खेलते हैं। अश्विन और जडेजा दोनों बहुत ही कुशल गेंदबाज हैं। आप जानते हैं कि वे बल्लेबाजी भी कर सकते हैं जिससे प्रतिद्वंद्वी टीम के लिए परिस्थितियां थोड़ी कठिन हो जाती है। वे निरंतर अच्छी गेंदबाजी करते हैं। खासकर दुनिया के इस हिस्से में उनके खिलाफ अच्छा संघर्ष होगा। हम जानते हैं कि भारत घरेलू परिस्थितियों में अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की गुणवत्ता में कितना अच्छा है। इससे पता चलता है कि किसी टीम के लिए यहां आकर जीतना कितना कठिन है।

खेल के शानदार विचारक हैं कोच गौतम गंभीर : स्टार्क

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने गौतम गंभीर की रणनीतिक सूझबूझ की सराहना करते हुए कहा कि भारत के कोच खेल के शानदार विचारक हैं जो टीम की जरूरतों को प्राथमिकता देते हैं और तकनीक तथा क्षेत्ररक्षण सजाने में समायोजन के माध्यम से लाभ प्राप्त करना चाहते हैं। एक खिलाड़ी के रूप में स्टार्क ने इस साल की शुरुआत में इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स टीम के तत्कालीन मेंटर गंभीर के साथ काम किया था। गंभीर के मार्गदर्शन में केकेआर ने सबसे प्रभावशाली सत्रों में से एक का आनंद लिया और 10 साल के अंतराल के बाद खिताब जीता। स्टार्क ने कहा कोलकाता में अपने अनुभव से बोलते हुए, वह खेल के शानदार विचारक हैं। वह हमेशा प्रतिद्वंद्वी के बारे में सोचते हैं और गेंदबाजी आक्रमण के रूप में उन्हें कैसे आउट करना है या बल्लेबाजी आक्रमण के रूप में कैसे रन बनाना है। हमेशा टीम की एकाग्रता के बारे में है और तकनीक या क्षेत्ररक्षण सजाने या किसी भी चीज में छोटी-छोटी चीजों पर कैसे ध्यान दिया जाए।

खेल डायरी

कुसाले को महाराष्ट्र सरकार ने किया सम्मानित

मुंबई। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले निशानेबाज स्वप्निल कुसाले को सोमवार को महाराष्ट्र सरकार ने दो करोड़ रुपये का चेक देकर सम्मानित किया। राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और अजीत पवार ने मुंबई में एक कार्यक्रम में कुसाले और अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कुसाले ने पेरिस ओलंपिक की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की गोला फेंक एफ46 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर रजत पदक जीतने वाले एथलीट सचिन सरजेराव खिलारी को इस अवसर पर तीन करोड़ रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। इन खिलाड़ियों के प्रशिक्षकों को भी 20 से 30 लाख रुपये तक के चेक देकर सम्मानित किया गया।

डल्लास काउब्वॉयज ने तेंदुलकर को किया सम्मानित

ह्यूस्टन। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का यहां डल्लास काउब्वॉयज एनएफएल मैच के दौरान टीम के मालिक जैरी जोंस ने दस नंबर की जर्सी भेंट करके सम्मान किया। अमेरिकी में क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता में तेंदुलकर ने राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) के जरिए योगदान दिया है। एनसीएल के सह मालिक तेंदुलकर अमेरिका में नये दर्शकों तक क्रिकेट को पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। एनएफएल के सबसे मशहूर केंद्रों पर उनका सम्मानित होना क्रिकेट और अमेरिकी खेलों को करीब लाने की दिशा में अहम कदम है। एनसीएल में शाहिद अफरीदी, सुरेश रैना, शाकिब अल हसन और क्रिस लिन जैसे खिलाड़ी जुड़े हैं। इनके अलावा सुनील गावस्कर, वसीम अकरम, विवियन रिचर्डर्स जैसे लीजैंड इसके मेंटर में से हैं।

उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के चेयरमैन बने नीरज

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह को उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन की विशेष आम सभा (एसजीएम) में सर्वसम्मति से चेयरमैन चुन लिया गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी के विस्तार के साथ विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुई बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक प्रकाश (आईएएस) की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान विशेष रुप से उपस्थित उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने नीरज सिंह को चेयरमैन बनाने का प्रस्ताव किया जिसका पूरी कार्यकारिणी ने करतल ध्वनि से समर्थन किया। सचिव प्रमोद कुमार ने बैठक के एजेंडा की जानकारी दी और कार्यकारिणी के विस्तार व कमेटियों के गठन पर मुहर लगाई गई। बैठक में सचिव प्रमोद कुमार व कोषाध्यक्ष डा.रोहित पाण्डेय ने जानकारी दी कि खेल के प्रसार में योगदान को देखते हुए बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री को वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के सचिव सहदेव सिंह समन्वय समिति के चेयरमैन बनाये गए है।

दिल्ली हाफ मैराथन में कड़ी प्रतिस्पर्धा की उम्मीद

नई दिल्ली। इथोपिया के दो बार के 5000 मीटर के विश्व चैंपियन मुक्तार इदरिस के यहां 20 अक्टूबर को होने वाली दिल्ली हाफ मैराथन में पुरुष एलीट वर्ग में युगांडा के 10,000 मीटर के ओलंपिक चैंपियन जोशुआ चेपटेगई को कड़ी टक्कर देने की उम्मीद है।पेरिस ओलंपिक में 10 हजार मीटर का खिताब जीतने वाले 28 साल के चेपटेगई दिल्ली हाफ मैराथन में पदार्पण करेंगे। वह 10 हजार मीटर में तीन बार के विश्व चैंपियन हैं और हाफ मैराथन में उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 59 मिनट 21 सेकेंड है। चेपटेगई 5000 मीटर और 10,000 मीटर दोनों में वर्तमान विश्व रिकॉर्ड धारक हैं और 15 किमी की दूरी का सर्वश्रेष्ठ समय भी उनके नाम है। उन्होंने भारत में टीसीएस विश्व 10के (10 किमी) बेंगलुरू में 2014 में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था और दूसरे स्थान पर रहे थे। चेपटेगई को इदरिस से चुनौती मिलेगी जो 2022 के बाद दिल्ली हाफ मैराथन में वापसी करेंगे। उन्होंने 2020 में दिल्ली हाफ मैराथन में 59 मिनट चार सेकेंड के प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ चौथा स्थान हासिल किया था। महिलाओं के एलीट वर्ग का नेतृत्व 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की 10,000 मीटर चैंपियन ग्रेट ब्रिटेन की इलिश मैकोलगन करेंगी। मैकोलगन के नाम 10 किमी की रोड रेस का यूरोपीय रिकॉर्ड है।

पाकिस्तान के खिलाफ वनडे में अगुवाई करेंगे कमिंस

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के नियमित कप्तान पैट कमिंस पाकिस्तान के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच की श्रृंखला में फिर से अपने देश की अगुवाई करेंगे। पिछले साल नवंबर में भारत में विश्व कप जीतने के बाद यह पहला अवसर होगा जबकि कमिंस वनडे टीम की कमान संभालेंगे। टेस्ट टीम में कमिंस के नियमित साथी तेज गेंदबाजों जोश हेज़लवुड और मिशेल स्टार्क को भी ऑस्ट्रेलिया की 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। सितंबर में स्कॉटलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की टी-20 श्रृंखला में रन बनाने के लिए जूझने वाले सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर मैकगर्क को एक और मौका दिया है। मैकगर्क स्कॉटलैंड के खिलाफ दो मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे जबकि एक मैच में उन्होंने 16 रन बनाए थे। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 30 गेंद पर 50 रन बनाए लेकिन इसके बाद उन्हें पांच मैचों की श्रृंखला के लिए नहीं चुना था। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच पहला मैच चार नवंबर को मेलबर्न, दूसरा मैच आठ को एडिलेड ओवल तथा तीसरा और अंतिम मैच 10 को पर्थ में खेला जाएगा।

एचआईएल नीलामी: बेल्जियम के विक्टर 40 लाख रुपये में बिके

- सूरमा हॉकी क्लब ने लगाई सबसे ऊंची बोली, थिएरी ब्रिंकमैन को 38 लाख रुपये में खरीदा

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) खिलाड़ी नीलामी 2024-25 के लिए दूसरे दिन सोमवार को पहले हाफ में सूरमा हॉकी क्लब ने सबसे ऊंची बोली लगाकर बेल्जियम के विक्टर वेगनेज को 40 लाख रुपये में खरीदा गया।

आज यहां नीलामी के दूसरे दिन सभी आठ फ्रैंचाइजी टीमों ने बोली लगाई। विदेशी खिलाड़ियों में डेनमार्क की जोड़ी थिएरी ब्रिंकमैन को 38 लाख और आर्थर वैन डोरेन को 32 लाख रुपये में कलिंगा लांसर्स ने खरीदा। वहीं दिल्ली एसजी पाइपर्स ने टॉमस डोमेन को 36 लाख रुपये में, कलिंगा लांसर्स ने ऑस्ट्रेलिया के एरन जेलेव्स्की को 27 लाख रुपये में, तमिलनाडु ड्रैगन्स ने ब्लेक गोवर्स को 27 लाख रुपये की बोली लगाते हुए अपनी टीम में शामिल किया। इस दौरान कलिंगा लांसर्स ने मोरियांगथेम रबीचंद्र को 32 लाख और मोहम्मद राहील मौसीन को 25 लाख में तमिलनाडु ड्रैगन्स ने खरीदा। आज पहले हाफ में कुल देशी विदेशी 51 खिलाड़ी बिके। इनमें शीर्ष बोली में विक्टर वेगनेज को सूरमा हॉकी क्लब ने 40 लाख में, थिएरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड) को कलिंगा लांसर्स ने 38 लाख रुपये में खरीदा गया।

भारत के खिलाफ टेस्ट में चौथे नंबर पर लौटेंगे स्मिथ

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में अपने पसंदीदा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे।

राष्ट्रीय चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के इस साल संन्यास लेने के बाद से स्मिथ स्वेच्छा से पारी का आगाज कर रहे थे। उन्होंने नई भूमिका में दूसरे ही टेस्ट में नाबाद 91 रन बनाए लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। बेली ने कहा पैट कमिंस, एंड्रयू मैकडोनाल्ड और स्टीव स्मिथ से लगातार बात हो रही है।

बंगाल और यूपी ने खेला ड्रा मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

रणजी ट्राफी

- प्रियम गर्ग के शानदार शतक से यूपी ने पश्चिम बंगाल से खेला ड्रा
- ईश्वरन ने भी लगाया शतक सुदीप रहे मैन आफ द मैच
- पश्चिम बंगाल को 3 व यूपी को मिला एक अंक

शतक के बाद यूपी के बल्लेबाज प्रियम गर्ग ने कुछ यूं मनाया जश्न।

अमृत विचार : इकाना स्टेडियम में खेला गया यूपी और पश्चिम बंगाल के बीच मुकाबला ड्रा हो गया। पहली पारी में बढ़त के आधार पर बंगाल को 3 जबकि यूपी को एक अंक से संतोष करना पड़ा।

पश्चिम बंगाल के बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन ने नाबाद 127 रन की पारी खेलकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के चौथे दिन सोमवार को यहां बंगाल को मजबूत स्थिति में पहुंचाया लेकिन, प्रियम गर्ग की नाबाद शतकीय पारी से यूपी इस मुकाबले को ड्रॉ कराने में सफल रहा। मैच में आज 274 रनों के जवाब में यूपी ने 79 रन के योग पर चार विकेट खो दिए थे। ऐसे में प्रियम गर्ग यूपी के लिए संकटमोटक बने। उन्होंने 105 रन की नाबाद शतकीय पारी खेली और टीम की हार को टाला।

इससे पहले पश्चिम बंगाल ने दूसरी पारी में बीते रविवार को बिना विकेट खोये 141 रन बनाये थे। पश्चिम बंगाल ने आज इसके आगे खेलना शुरू किया। प्लेयर ऑफ द मैच सुदीप चटर्जी (93 रन) उस समय आउट हो गए। तीन विकेट पर 254 रन बनाकर बंगाल ने पारी घोषित कर दी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपी की टीम छह विकेट पर 162 रन बना सकी। खराब रोशनी के कारण मैच रोक दिया गया। बंगाल की ओर से मुकेश और कैफ को दो-दो विकेट मिले।

सिंधू और लक्ष्य सेन की नजर डेनमार्क ओपन में खोया फॉर्म हासिल करने पर

ओडेन्से (डेनमार्क), एजेंसी

- डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में चीन के लू गुआंग झू से होगा लक्ष्य का सामना

भारतीय बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 850000 डॉलर ईनामी राशि के डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के जरिए फॉर्म में वापसी की कोशिश करेंगे। दोनों खिलाड़ियों का पिछले सप्ताह फिनलैंड के वांता में हुए आर्कटिक ओपन में प्रदर्शन औसत रहा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू पहले ही दौर में बाहर हो गई जबकि 2021 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता सेन दूसरे दौर में हार गए।

पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे सेन को चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन ने हराया था। अब यहां उनका सामना पहले दौर में चीन के लू गुआंग झू से होगा जिनसे उनकी पहली ही टक्कर है। दूसरे दौर में वह इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से टकरा सकते हैं। विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से क्वार्टर फाइनल में टक्कर हो सकती है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा जो पहले दौर में कनाडा की मिशेले ली से हार गई थी। नए कोच अनूप श्रीधर और कोरिया के ली ह्यून इल के मार्गदर्शन में वह पहले दौर में चीनी ताइपै की पेइ यू पो से खेलेंगी। दूसरे दौर में उनका चीन की हान युइ से सामना हो सकता है।

अगर कुछ मौके भुना पाते तो स्थिति अलग होती : मजूमदार

शारजाह। ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद महिला टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने की भारतीय टीम की उम्मीदों पर लगभग तुषारापात होने से दुखी मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि अगर टीम हाथ आये कुछ मौके भुना पाती तो नतीजा कुछ और होता। भारत को रविवार को करो या मरो के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने नौ रन से हराया।

मैच के बाद मजूमदार ने कहा हम आखिरी ओवर तक मैच में थे। ऑस्ट्रेलिया ने अपने अनुभव के दम पर बाजी मार ली। मैं इस हार से दुखी हूं। अगर वे मौके भुना लेते तो हालात अलग हो सकते थे।

न्यूजीलैंड जीत के साथ अंतिम चार में पहुंची, पाकिस्तान बाहर

दुबई, एजेंसी

- महिला टी-20 विश्वकप में पाकिस्तान की हार से खत्म हुई भारतीय टीम की उम्मीद

सूजी बेट्स (28), ब्रूक हैलिडे (22) की शानदार पारियों के बाद एमेलिया केर (तीन विकेट) और ईडन कार्सन (दो विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने सोमवार को महिला टी-20 विश्वकप के 19वें मुकाबले में पाकिस्तान को 54 रनों हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

आज के इस मुकाबले में 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम जिस तरह से 11.4 ओवर में 56 के स्कोर पर सिमट गई वह अपने आपमें आश्चर्यजनक रहा। पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने क्षेत्ररक्षण के दौरान कई कैच छोड़े और उसके बाद बेमन से बल्लेबाजी करने उतरी। मैच के दौरान ऐसा लग रहा था जैसा कोई नयी टीम पहली बार क्रिकेट खेल रही हो। इससे पहले आज न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सूजी बेट्स और जॉर्जिया पलिमर की सलामी जोड़ी ने न्यूजीलैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिये 41 रन जोड़े। न्यूजीलैंड छह विकेट पर 110 रन ही बना सकी।

बॉलीवुड हलचल

काजोल और कृति की दो पत्ती का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल और कृति सैनन की आने वाली फिल्म दो पत्ती का ट्रेलर रिलीज हो गया है। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित मर्डर मिस्ट्री दो पत्ती में काजोल और कृति सैनन की अहम भूमिका है। फिल्म दो पत्ती,उत्तराखंड के काल्पनिक शहर देवीपुर पर आधारित है।काजोल इस फिल्म में एक पुलिसकर्मी की भूमिका में है जो एक हत्या के प्रयास के मामले में सच्चाई को उजागर करने के मिशन पर है। फिल्म दो पत्ती का निर्माण कनिका ढिल्लों और कृति सेनन ने किया है। इस फिल्म के जरिए कृति बतौर निर्माता बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। फिल्म दो पत्ती का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कृति इस फिल्म में जुड़वा बहनों की दोहरी भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में शहीर शेख और तन्वी आजमी भी अहम भूमिका है। यह फिल्म 25 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

भूल भुलैया 3 और सिंघम 3 दोनों करेंगी अच्छा प्रदर्शन : कार्तिक



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन का कहना है कि दीवाली पर एक साथ रिलीज होने वाली भूल भुलैया 3 और सिंघम 3 दोनों फिल्में अच्छा प्रदर्शन कर सकती हैं। कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, तृप्ति डिमरी और माधुरी दीक्षित स्टारर भूल भुलैया 3, 1 नवंबर को दीवाली के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इसी अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण और अर्जुन कपूर जैसे सितारों से सजी फिल्म सिंघम अगेन भी रिलीज होने वाली है। दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर एक-दूसरे से क्लैश कर रही है। भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन के क्लैश होने पर कार्तिक ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कार्तिक आर्यन ने कहा, दीवाली बहुत बड़ा हॉलिडे है। मुझे लगता है दो फिल्में आराम से चल सकती है सिंघम अगेन का एक्शन जॉनर है, हमारा कॉमेडी जॉनर है। अभी यहां पर दीवाली के अवसर पर दो फिल्में आ रही है, जिसका मुझे लगता है कि दोनों फिल्मों का फैंस ब्रेसबी से इंतजार कर रही है। मुझे लगता है कि मैं एक फिल्म देखने वाले के तौर पर बात करूं तो हम सभी के लिए यह एक तरह का त्योहार है कि उस दिन हमारे पास दो ऑप्शन आ रहे हैं, जो आजकल हमारी इंडस्ट्री में बहुत कम हो रहा है। दोनों ही फिल्मों के अच्छा करने की गुंजाइश है।

द लीजेंड ऑफ हनुमान सीजन 5 का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने द लीजेंड ऑफ हनुमान पंचमुखी सीरीज के सीजन 5 का ट्रेलर जारी किया। इस सीजन में दर्शक शानदार दृश्यों, वफादारी तथा बहादुरी के विषयों पर आधारित कहानी से प्रेरित होंगे। इस दौरान, दर्शकों को पंचमुखी हनुमान का अवतार देखने को मिलेगा, जो अपनी अपार शक्ति और बुद्धि का प्रदर्शन करते नजर आयेंगे। ग्राफिक इंडिया के शरद देवराजन और जीवन जे. कांग द्वारा निर्मित इस सीरीज में शरद केलकर और दमन सिंह बग्गन सहित अन्य कलाकारों ने मुख्य भूमिका निभायी है। बहुप्रतीक्षित सीरीज, 25 अक्टूबर से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाला है। ग्राफिक इंडिया के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और द लीजेंड ऑफ हनुमान के नए सीरीज के निर्माता एवं कार्यकारी निर्माता शरद देवराजन ने कहा द लीजेंड ऑफ हनुमान हमेशा से भारतीय एनीमेशन और कहानी कहने की सीमाओं को आगे बढ़ाने के बारे में रहा है। इस सीरीज के इस नये सीजन में, हम हनुमान के पंचमुखी अवतार को पेश करके इसे नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।

100 करोड़ के क्लब में पहुंची वेट्टैयन

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन ने भारतीय बाजार में 100 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। जे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आई है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार वेट्टैयन ने रिलीज के पहले वीकेंड के दौरान तीन दिनों में 82 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई की थी। फिल्म ने चौथे दिन 22 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। इस तरह यह फिल्म चार दिनों में भारतीय बाजार में 104 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर चुकी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

स्टारशिप का पांचवां टेस्ट कामयाब बूस्टर 96 किमी. ऊपर जाकर लौटा

टैक्सास। दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का पांचवां टेस्ट कामयाब रहा। इस टेस्ट में पृथ्वी से 96 किमी ऊपर भेजे गए सुपर हैवी बूस्टर को लॉन्चपैड पर वापस लाया गया, जिसे मैकेजिला ने पकड़ा। मैकेजिला दो मेटल आर्म हैं जो चॉपस्टिक्स की तरह दिखाई देती हैं। वहीं स्टारशिप की पृथ्वी के वायुमंडल में री-एंट्री कराकर हिंद महासागर में कंट्रोल्ड लैंडिंग कराई गई। स्टारशिप ने जब पृथ्वी के वातावरण में एंट्री की तब उसकी रफ्तार 26,000 किलोमीटर प्रति घंटे थी और तापमान 1,430 सेल्सियस डिग्री तक पहुंच गया था। स्टारशिप को 13 अक्टूबर को शाम 05:55 बजे टैक्सास के बोका चिका से लॉन्च किया गया। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट और सुपर हैवी रॉकेट को कलेक्टिवली स्टारशिप कहा जाता है। स्टारशिप में 6 रैप्टर इंजन लगे हैं, जबकि सुपर हैवी में 33 रैप्टर इंजन हैं।

1 घंटे 5 मिनट 34 सेकेंड का मिशन

12:00:02 लिफ्टऑफ

01:05:34 लैंडिंग

सफल रहा था चौथा टेस्ट

स्टारशिप का चौथा टेस्ट 6 जून 2024 को हुआ था, जो सफल रहा था। 1.05 घंटे के इस मिशन को बोका चिका से शाम 6.20 बजे लॉन्च किया गया था। इसमें स्टारशिप को स्पेस में ले जाया गया, फिर पृथ्वी पर वापस लाकर पानी पर लैंड कराया गया। टेस्ट का मेन गोल यह देखना था कि स्टारशिप पृथ्वी के वातावरण में एंट्री के दौरान सर्वाइव कर पाता है या नहीं। टेस्ट के बाद कंपनी के मालिक इलॉन मस्क ने कहा था कई टाइलों के नुकसान और एक डैमेज्ड फ्लैप के बावजूद स्टारशिप ने समुद्र में सॉफ्ट लैंडिंग की।

आज अमेरिका की यात्रा पर जाएगी भारतीय जांच समिति

वाशिंगटन, एजेंसी

- पन्नू मामले पर गहराई से जांच करेगी भारतीय जांच समिति जुटाएंगे और जानकारी

अमेरिकी विदेश विभाग ने सोमवार को कहा कि एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी अधिकारी की संलिप्तता के आरोपों की जांच के लिए गठित भारतीय जांच समिति मंगलवार को यहां आएगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है जांच समिति अपनी तफ्तीश के तहत मामले पर बातचीत के लिए 15 अक्टूबर को वाशिंगटन की यात्रा करेगी। इस दौरान, प्राप्त सूचनाओं पर बातचीत की जाएगी और यहां के अधिकारियों से ताजा जानकारी प्राप्त की जाएगी।

भारत ने कुछ संगठित अपराधियों की गतिविधियों की जांच करने के लिए समिति की स्थापना की थी और यह उस व्यक्ति की सक्रियता से जांच कर रही है, जिसकी पहचान पिछले साल न्याय विभाग के अभियोग में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के रूप में की गई थी, जिस पर न्यूयॉर्क शहर में एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की साजिश रचने का निर्देश देने का आरोप था। विदेश विभाग ने कहा इसके अतिरिक्त, भारत ने अमेरिका को सूचित किया है कि वे पूर्व सरकारी कर्मचारी के अन्य संबंधों की जांच के लिए अपने प्रयास जारी रख रहे हैं और आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई तय करेंगे।

इसरो अध्यक्ष को वर्ल्ड स्पेस अवार्ड

चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए आईएएफ विश्व अंतरिक्ष ने इसरो प्रमुख एस .सोमनाथ को मिला सम्मान।

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को कहा कि उसके अध्यक्ष एस सोमनाथ को चंद्रयान-तीन की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए इंटरनेशन एरोनॉटिकल फेडरेशन (आईएएफ) के प्रतिष्ठित वर्ल्ड स्पेस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इसरो का मुख्यालय यहां बेंगलुरु में है।

इसरो ने एक ऑनलाइन पोस्ट में कहा यह सम्मान अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत के योगदान को रेखांकित करता है। आईएएफ के अनुसार, इसरो का चंद्रयान-तीन मिशन वैज्ञानिक जिज्ञासा और लागत प्रभावी इंजीनियरिंग के तालमेल का उदाहरण है जो उत्कृष्टता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और अंतरिक्ष अन्वेषण से मानवता को मिलने वाली विशाल क्षमता का प्रतीक है। आईएएफ ने एक बयान में कहा चंद्रमा की संरचना और भूविज्ञान के अज्ञात पहलुओं को तेजी से सामने लाते हुए यह मिशन नवाचार के प्रति वैश्विक प्रमाण का प्रतीक है।

एक नजर

पाकिस्तान में आतंकियों से झड़प, तीन पुलिसकर्मी मरे

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में सोमवार को जिला पुलिस मुख्यालय पर हमला करने वाले आतंकवादियों के साथ भीषण झड़प में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी जबकि तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने खैबर-पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में पुलिस लाइन पर हमला किया जिसके कारण भीषण झड़पें हुईं। अधिकारी ने बताया कि झड़प में तीन पुलिसकर्मीयों की मौत हो गयी और तीन आतंकवादी मारे गए। हमलावरों ने पुलिस मुख्यालय में घुसने का प्रयास किया।

चीन ने ताइवान के आसपास किया सैन्य अभ्यास

ताइपे। चीन ने सोमवार को ताइवान और उसके बाहरी द्वीपों के आसपास बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास किया, जिसमें युद्धक विमानों के साथ एक विमानवाहक पोत भी तैनात किया गया। उसका यह कदम ताइवान जलडमरूमध्य में तनावपूर्ण स्थिति को दर्शाता है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह अभ्यास ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के बीजिंग की उन मांगों को मानने से इनकार करने की प्रतिक्रिया है कि ताइवान खुद को कम्युनिस्ट पार्टी के शासन के तहत चीन के हिस्से के रूप में स्वीकार करे।

अफगानिस्तान में पेट्रोल पंप पर धमाका, 17 घायल

महमूद-ए-राकी। पूर्वी अफगानिस्तान के कपिसा प्रांत में सोमवार को पेट्रोल पंप पर गैस सिलेंडर फटने से 17 लोग घायल हो गये। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता अब्दुल फतह फैज ने यह जानकारी दी। फैज ने बताया कि दुर्घटना तगाब जिले में स्थानीय समयानुसार सोमवार सुबह 08:20 बजे हुई। हादसे में 17 लोग घायल हुये हैं। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है। अधिकारी ने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गयी है।

श्रीलंका में बाढ़ से 1,34 लाख लोग प्रभावित

कोलंबो। श्रीलंका में भारी बारिश से कई हिस्सों में बाढ़ आ गई, तथा सोमवार को कोलंबो और उपनगरीय क्षेत्रों में स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। श्रीलंका के आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार, सप्ताहांत में हुई भारी बारिश ने देश के कई हिस्सों में तबाही मचा दी है और यहां घर, खेत तथा सड़कें जलमग्न हो गई हैं। बाढ़ में तीन लोग डूब गए हैं, जबकि एक लाख 34 हजार लोग इससे प्रभावित हुए हैं।

इजराइली हमलों से दहला मध्य पूर्व

हिजबुल्ला के ड्रोन हमले में चार इजराइली सैनिक मारे गए, गाजा में 20 लोगों की मौत

दीर अल-बला, एजेंसी

- मध्य इजराइल में एक सैन्य अड्डे पर हुआ हमला, सात अन्य गंभीर रूप से घायल
- इजराइल की राष्ट्रीय बचाव सेवा ने कहा- हमले में घायल हुए 61 लोग

मध्य इजराइल में एक सैन्य अड्डे पर हिजबुल्ला के ड्रोन हमले में चार सैनिक मारे गए और सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सेना ने बताया कि दो सप्ताह पहले इजराइल द्वारा लेबनान पर शुरू किए जमीनी हमलों के बाद से यह आतंकवादी समूह द्वारा किया गया सबसे घातक हमला है।

लेबनान के हिजबुल्ला ने बिनयामीना शहर के पास हुए हमले को बेरूत पर गुरुवार को किए इजराइली हमलों का बदला बताया, जिसमें 22 लोग मारे गए थे। बाद में उसने कहा कि उसने इजराइल की गोलानी ब्रिगेड को निशाना बनाया और ड्रोन हमलों के दौरान इजराइली वायु रक्षा प्रणालियों पर दर्जनों मिसाइलें दागीं। इजराइल की राष्ट्रीय बचाव सेवा ने कहा कि हमले में 61 लोग घायल हुए हैं।

गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से हिजबुल्ला और इजराइल के बीच लगभग हर दिन लड़ाई होती रही है। दो स्थानीय अस्पतालों के अनुसार, रविवार रात गाजा में हुए इजराइली हवाई हमलों में एक स्कूल के बच्चों सहित कम से कम 20 लोग मारे गए। युद्ध के कारण विस्थापित कई फलस्तीनियों ने नुसरत के उस स्कूल में शरण ले रखी थी। इस बीच, सोमवार को अल-अक्सा मार्टियर्स अस्पताल के बाहर दीर अल-बला में विस्फोट हुआ। अस्पताल ने बताया कि विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई और लगभग 50 अन्य घायल हो गए। तंबुओं में आग लग गई और मध्य गाजा समुदाय के लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

गाजा पट्टी के दीर अल बलाह में अल अक्सा शहीद अस्पताल के प्रांगण में एक तम्बू क्षेत्र पर इजरायली हमले के बाद नुकसान को देखते फिलिस्तीनी। ● एजेंसी

आईएसए प्रमुख ने युद्धविराम और गाजा पर बातचीत के लिए किया मिस्र का दौरा

गाजा। इजरायली सुरक्षा एजेंसी (आईएसए) के प्रमुख रोनेन बार ने काहिरा का दौरा किया जहां उन्होंने मिस्र की खुफिया एजेंसी के प्रमुख अब्बास कामेल के साथ युद्धविराम पर बातचीत फिर से शुरू करने और गाजा पट्टी से बंधकों की रिहाई के तरीकों पर चर्चा की। वाल्ला पोर्टल ने एक स्रोत का हवाले से यह रिपोर्ट दी। दोनों देशों के खुफिया प्रमुखों ने फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के नेता याह्या सिनवार के साथ संपर्क फिर से शुरू करने के तरीकों पर भी चर्चा की।

उत्तर लेबनान में हवाई हमला, 18 की मौत

दीर अल-बला। लेबनान के रेड क्रॉस ने कहा है कि उत्तर लेबनान में हुए एक इजराइली हवाई हमले में कम से कम 18 लोग मारे गए हैं। यह हमला सोमवार को ऐतो गांव में एक छोटे से अपार्टमेंट पर किया गया, और यह इस महीने की शुरुआत में इजराइल द्वारा लेबनान पर आक्रमण शुरू करने के बाद से उत्तरी क्षेत्र में किए गए सबसे बड़े हमलों में से एक था। हिजबुल्ला समूह की मौजूदगी मुख्य रूप से लेबनान के दक्षिण में और दक्षिणी उपनगर बेरूत में है।

ब्रिटेन ने ईरानी सैन्य अधिकारियों और अंतरिक्ष एजेंसी पर लगाए प्रतिबंध

लंदन। ब्रिटेन ने पश्चिमी एशिया को अस्थिर करने के प्रयासों में कथित संलिप्तता के लिए ईरानी सेना के वरिष्ठ अधिकारियों और संगठनों पर सोमवार को नये प्रतिबंधों की घोषणा की। फॉरेन, कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस (एफसीडीओ) ने बताया कि एक अक्टूबर को इजराइल के खिलाफ ईरान के हमले के जवाब में ये नए प्रतिबंध लगाए गये हैं और इन प्रतिबंधों के जरिये उन वरिष्ठ शख्सियतों को निशाना बनाया गया है, जिन्होंने इस्लामिक रिव्लबिक ऑफ ईरान आर्मी, ईरान एअर फोर्स और आईआरजीसी इंटेलिजेंस ऑर्गोनाइजेशन में होते हुए ये सब किया। फरजानेगन प्रोपल्शन सिस्टम डिजाइन ब्यूरो (एफपीएसडीबी) पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा।

यूरोपीय संघ ने लेबनान में शांति सैनिकों पर हमलों की निंदा की

बेरुत। यूरोपीय संघ ने लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांतिसैनिकों पर हमले की निंदा करते हुए इजराइल के इन आरोपों को खारिज कर दिया कि संयुक्त राष्ट्र वहां हिज्बुल्ला के खिलाफ उसके सैन्य अभियान को रोकने के लिए है। इजराइल के हिज्बुल्ला चरमपंथी समूह के खिलाफ जमीनी आक्रमण शुरू करने के बाद शांति सैनिक के स्थानों पर हुए हमलों संयुक्त राष्ट्र के पांच सैनिक घायल हुए हैं। इसका जिम्मेदार इजराइली बलों को ठहराया जा रहा है। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेफ बोरेल ने कहा कि शांति सैनिकों का काम बहुत अहम है और संयुक्त राष्ट्र के सैनिकों पर हमला पूरी तरह से अस्वीकार्य है। करीब साल भर हुई छोटी-छोटी झड़पों के बाद इजराइल ने हिज्बुल्ला के खिलाफ अपना अभियान तेज़ कर दिया है जबकि वह गाजा में हमास के खिलाफ भी जंग कर रहा है।

वायु प्रदूषण : एक जनवरी तक दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

- सर्दियों में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए राज्य सरकार ने उठाया कदम

दिल्ली सरकार ने सोमवार को शहर में सभी तरह के पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया, जो एक जनवरी, 2025 तक प्रभावी रहेगा। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने यह घोषणा की और दिल्लीवासियों से वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए सरकार के प्रयासों का समर्थन करने का आग्रह किया।

राय ने एक्स पर कहा कि सर्दियों में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए एक जनवरी तक पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने निर्देश जारी किए हैं, हम सभी से सहयोग का अनुरोध करते हैं। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने प्रतिबंध का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। यह प्रतिबंध ऑनलाइन बिकने वाले पटाखों सहित सभी पटाखों पर लागू होता है और इसका उद्देश्य बढ़ते प्रदूषण के स्तर को कम करना है।

प्रदूषण रोधी योजना का पहला चरण लागू

दिल्ली-एनसीआर के लिए केंद्र की वायु प्रदूषण नियंत्रण समिति ने सोमवार को क्षेत्र की राज्य सरकारों को क्रमिक प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के पहले चरण को लागू करने का निर्देश दिया, क्योंकि राजधानी की वायु गुणवत्ता दूसरे दिन खराब श्रेणी में रही। शीतकालीन-विशिष्ट प्रदूषण रोधी उपायों में शामिल जीआरएपी का पहला चरण निर्माण स्थलों पर धूल शमन, उचित अपशिष्ट प्रबंधन और नियमित तौर पर सड़कों की सफाई के माध्यम से प्रदूषण को नियंत्रित करने पर केंद्रित है।

दिल्ली में दूसरे दिन वायु गुणवत्ता 234 रही

दिल्ली में लगातार दूसरे दिन वायु गुणवत्ता का स्तर प्रदूषण के कारण 234 तक पहुंच गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दशहरा के बाद रविवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 224 पहुंचा जो खराब श्रेणी में है। 19 दिन पहले (25 सितंबर को) वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज की गयी थी। उपग्रह से लिए चित्रों के अनुसार पिछले सप्ताह खेतों में पराली जलाने की घटनाएं 100 से अधिक हुई है। सोमवार को पंजाब में पराली जलाने की 68, हरियाणा में 29, उत्तर प्रदेश में 25 और दिल्ली में एक घटना सामने आई, जिससे दिल्ली की वायु गुणवत्ता दूसरे दिन खराब श्रेणी में दर्ज किया गया।

नाटो ने शुरू किया उत्तरी यूरोप में बड़े पैमाने पर परमाणु अभ्यास

ब्रुसेल्स, एजेंसी

- 13 गठबंधन देशों के 2,000 सैनिक और 60 सैन्य विमान लेंगे भाग

उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सोमवार को उत्तरी यूरोप में बड़े पैमाने पर परमाणु अभ्यास स्टीडफास्ट नून शुरू कर रहा है, जिसमें 13 गठबंधन देशों के 2,000 सैनिक और 60 सैन्य विमान भाग लेंगे। नाटो महासचिव मार्क रट ने कहा कि अभ्यास मुख्य रूप से ब्रिटेन, उत्तरी सागर, साथ ही बेल्जियम और नीदरलैंड में होंगे।

उन्होंने कहा कि इन अभ्यासों से विरोधियों को पता चल जाएगा कि नाटो किसी भी खतरे का जवाब देने के लिए तैयार है। नाटो ने पहले कहा था कि अभ्यास की योजना एक साल से अधिक समय पहले तैयार की गयी थी और अभ्यास में किसी भी लड़ाकू हथियार का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। युद्धाभ्यास दो सप्ताह तक चलेगा। इसमें आठ एयरबेस शामिल होंगे। विशेष रूप से परमाणु हथियार, बमवर्षक, एस्कॉर्ट फाइटर और ईंधन भरने वाले विमान ले जाने में सक्षम विभिन्न विमान, साथ ही टोही और इलेक्ट्रॉनिक युद्धक विमान अभ्यास में भाग लेंगे। नाटो प्रेस सेवा ने कहा कि गठबंधन लगातार परमाणु निरोधक बलों की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रहा है। विशेष रूप से, 2024 में, नए डच लड़ाकू विमानों एफ35ए को परमाणु निरोधक मिशनों में उपयोग के लिए उपयुक्त माना गया।

ट्रंप के रैली स्थल के पास एक हथियारबंद गिरफ्तार

लॉस एंजिलिस (अमेरिका)। अमेरिका के साउदर्न कैलिफोर्निया में डोनाल्ड ट्रंप की रैली स्थल के निकट जांच चौकी पर नेवादा निवासी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया और उसके वाहन से हथियार एवं गोला बारूद तथा कई फर्जी पासपोर्ट बरामद किए गए।

- 13 आरोपी के पास से गोला बारूद तथा कई फर्जी पासपोर्ट हुए बरामद

रिवरसाइड काउंटी के शेरिफ चाड बियांको ने बताया कि लास वेगास निवासी 49 वर्षीय संदिग्ध गैर पंजीकृत एसयूवी को चला रहा था, जिस पर अमान्य लाइसेंस प्लेट लगी थी। लॉस एंजिलिस के पूर्व में स्थित कोचेला में रैली के लिए तैनात अधिकारियों ने उसे रोका था। बियांको ने कहा कि वाहन चालक ने दावा किया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया क्योंकि उसके पास कोई वैध प्रमाणपत्र नहीं थे। पुलिस ने देखा कि वाहन का अंदरूनी हिस्सा अस्त-व्यस्त था और तलाशी में हथियार एवं गोला-बारूद के साथ विभिन्न नामों वाले कई पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस मिले।

आज पाकिस्तान जाएंगे जयशंकर

लाहौर (पाकिस्तान), एजेंसी

- दोनों देशों के समकक्ष नेताओं के बीच किसी भी द्विपक्षीय वार्ता से किया इनकार
- एससीओ की बैठक में होंगे शामिल, पाकिस्तान में 24 घंटे से भी कम समय रुकेंगे

विदेश मंत्री एस. जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को पाकिस्तान जाएंगे। कई वर्षों से दोनों देशों में तनाव के बीच भारत की यह पहली उच्च स्तरीय यात्रा होगी। अधिकारियों ने बताया कि विदेश मंत्री पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मेजबानी में आयोजित स्वागत भोज में भी शामिल होंगे।

दोनों पक्षों ने एससीओ शासनाध्यक्षों के शिखर सम्मेलन से इतर जयशंकर और उनके पाकिस्तानी समकक्ष इशाक डार के बीच किसी भी द्विपक्षीय वार्ता से इनकार किया है। नौ साल बाद यह पहला मौका है जब भारत के विदेश मंत्री पाकिस्तान की यात्रा करेंगे, जबकि कश्मीर मुद्दे और पाकिस्तान की ओर से सीमा पार आतंकवाद को लेकर दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों में अब भी बर्फ जमी हुई है। ऐसी सूचना है कि जयशंकर पाकिस्तान में 24 घंटे से भी कम समय रुकेंगे। पाकिस्तान एससीओ शासनाध्यक्ष परिषद (सीएचजी) की बैठक की मेजबानी कर रहा है जो 15 और 16 अक्टूबर को होगी।

पाकिस्तान मेजबानी को तैयार, सुरक्षा इंतजाम बढ़ाए गए

इस्लामाबाद। पाकिस्तान एससीओ की बैठक की मेजबानी के लिए तैयार है और इसी के मद्देनजर सोमवार को इस्लामाबाद में सुरक्षा बढ़ा दी गई तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। इस विशाल अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विदेशी गणमान्य अतिथि पाकिस्तान पहुंचने लगे हैं। समूचे देश में बढ़ते आतंकवादी हमलों और जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा प्रदर्शन जारी रखने के कारण कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका की पृष्ठभूमि में इस कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है।

अल्जीरिया के संघर्ष की याद दिलाता म्यूजियम

मोउदजाहिद के राष्ट्रीय संग्रहालय का दौरा करतीं राष्ट्रपति मुर्मू। ● एजेंसी

अल्जीयर्स (अल्जीरिया), एजेंसी

- राष्ट्रपति मुर्मू ने अल्जीरियाई सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देल मजीद तब्बौन से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की तथा विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई। मुर्मू तीन देशों की यात्रा के पहले चरण के तहत रविवार को यहां पहुंचीं। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की पहली अल्जीरिया यात्रा है। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया भारत-अल्जीरिया के संबंधों को गति दे रहे हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने यहां मकम एचाहिद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और आजादी की लड़ाई में जान गंवाने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने मोउदजाहिद में नेशनल म्यूजियम का भी दौरा किया जो आजादी के लिए अल्जीरिया के संघर्ष की याद दिलाता है।

रक्षा संबंधों को मजबूत करने को जापान की यात्रा पर सेना प्रमुख

नई दिल्ली। थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी जापान और भारत के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से पूर्वी एशियाई देश की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। सेना प्रमुख 14 से 17 अक्टूबर तक जापान की यात्रा के दौरान हिरोशिमा भी जाएंगे, जहां वह हिरोशिमा पीस पार्क में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

वह पीस पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा भारत और जापान के बीच रक्षा सहयोग की मजबूत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनरल द्विवेदी सोमवार को जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज से बातचीत करेंगे और इसके बाद तोक्यो में भारतीय दूतावास में दोनों देशों के बीच संबंधों पर एक चर्चा में भाग लेंगे। वह मंगलवार को इचिगाया में रक्षा मंत्रालय में जापान के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व से भी बातचीत करेंगे।

खगोल विज्ञान 150 वर्ष से छाया तूफान दोलन की तरह हिलता डुलता है

स्थिर नही है बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट तूफान

अमृत विचार, नैनीताल

बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट (चक्रवाती तूफान) स्थिर नही है, बल्कि दोलन की तरह हिलता डुलता है। यह तूफान 150 वर्ष से निरंतर बना हुआ है। पहली बार इस तूफान के स्वभाव का पता चला है। हबल अंतरिक्ष दूरबीन के जरिए यह रहस्य उजागर हुआ है।

बृहस्पति यानी गुरु हमारे सौरपरिवार का सबसे बड़ा ग्रह है, जो ग्रहों को नियंत्रित कर सौरमंडल के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बृहस्पति पर एक भयानक चक्रवाती तूफान 150 वर्षों से छाया हुआ है। इस तूफान का आकार इतना बड़ा है कि वह पृथ्वी को निगल सकता है। इस ग्रह का विशाल आकर व इसके दर्जनों उपग्रह हमेशा से खगोलविदों की जिज्ञासा का केंद्र रहे हैं। जिस कारण समय समय पर इस ग्रह की जांच परख होते रही है। मगर अब जो खुलासा हुआ है, वह आश्चर्यजनक है। ग्रेट रेड स्पॉट के नाम से पहचान रखने वाले तूफान की हबल दूरबीन ने पहली बार नजदीकी से ऐसी तस्वीरें ली हैं, जो बताती हैं कि यह तूफान पृथ्वी के तूफानों की तरह नही है, बल्कि हिलने डुलने वाला दोलन की तरह चलने वाला तूफान है। यह पहली बार है जब वैज्ञानिकों ने इस चक्रवात को दोलन करते हुए देखा है।

इसकी जेट जैसी धाराएँ इसे अपनी जगह पर बनाए रखती हैं लेकिन तूफ़ान एक तनाव गेंद की तरह दब जाता है। नासा ने 9 अक्टूबर को इसकी हकीकत उजागर की है। खगोलविदों ने दिसंबर 2023 से मार्च 2024 तक 90 दिनों तक लगातार इसका अध्ययन किया। समय के अंतराल में हबल ने इसकी तस्वीरे कैमरे में कैद की। तस्वीरों के आंकड़ों से पता चलता है कि ग्रेट रेड स्पॉट अनोखा जटिल तूफान है। पीयर-रिव्यूड द प्लैनेटरी साइंस जर्नल में यह खोज प्रकाशित प्रकाशित हुई है।



हबल द्वारा बृहस्पति ग्रह की विभिन्न स्थितियों में ली गई तस्वीर।

वातावरण की जानकारी जुटाता है हबल

नैनीताल : नासा के आउटर प्लैनेट एटमॉस्फियर लिगेसी प्रोग्राम (ओपीएएल) हबल के जरिए हर वर्ष सौरमंडल के ग्रहों के वातावरण की जानकारी जुटाने का महत्वपूर्ण कार्य करता है। बृहस्पति के तूफान की अंदरूनी स्थिति का पता लगाने के लिए हबल को लंबे समय तक लगाया गया। ग्रहों के वातावरण को समझना बेहद जरूरी है। जिसे दुनिया की स्पेस एजेंसिया महत्वपूर्ण मानती हैं और समय समय पर अनुसन्धान करते रहती है।

आतंकियों से झड़प में चार पाकिस्तानी पुलिसकर्मियों की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में सोमवार को जिला पुलिस मुख्यालय पर हमला करने वाले आतंकियों के साथ झड़प में चार पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी। इस घटना में पांच आतंकी भी मारे गए। तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) के आतंकियों ने खैबर-पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में पुलिस लाइन पर हमला किया जिसके बाद झड़प हुई। झड़प में चार पुलिसकर्मियों की मौत हो गई, वहीं पांच आतंकी भी मारे गए। हमलावरों ने पुलिस मुख्यालय परिसर में घुसने का प्रयास किया था। टीटीपी ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए दावा किया कि इसमें कई हमलावर शामिल थे। जिला पुलिस मुख्यालय पर हमला करने वाले सभी पांच आतंकवादियों के सफाए के बाद टीटीपी से संबद्ध हमलावरों के खिलाफ अभियान समाप्त हो गया।